राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-162
लखनऊ, मंगलवार 30 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अफसर तेजी से निस्तारित करें समस्याएं : सीएम योगी 03

राष्ट्रपति दो को करेंगी अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का उद्घाटन 02

# राज्यसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

## चुनाव आयोग ने की घोषणा, 15 राज्यों की 56 सीटों पर 27 फरवरी को होगी वोटिंग और मतगणना

नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 20 फरवरी तय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार (29 जनवरी) को 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों के लिए तारीख की घोषणा की। चुनाव 27 फरवरी को होंगे और वोटों की गिनती भी उसी दिन होगी। 56 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल, 2024 में उनकी सेवानिवृत्ति पर समाप्त होने वाला है। चुनाव आयोग के पत्र के मुताबिक नामांकन 8 फरवरी से शुरू होंगे। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। नामांकन पत्रों की जांच 16 फरवरी को होगी। नामांकन पत्रों की जांच 16 फरवरी को होगी। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 20 फरवरी रखी गई है। मतदान 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच होगा और वोटों की गिनती उसी दिन शाम 5 बजे होगी।



### इन सीटों पर होगा चुनाव

जिन 56 सीटों पर चुनाव होने है उनमें आंध्र प्रदेश में 3, बिहार में 6, छत्तीसगढ़ में 1, गुजरात में 4, हरियाणा में 1, हिमाचल प्रदेश में 1, कर्नाटक में 4, मध्य प्रदेश में 5, महाराष्ट्र में 6 और तेलंगाना की 3 सीटें शामिल हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की 10, उत्तराखंड की 1, पश्चिम बंगाल की 5, ओडिशा की 3 और राजस्थान की 3 सीटें भी शामिल हैं।

### उच्च सदन में बीजेपी के पास 93 सीटें

मौजूदा राज्यसभा में कुल 238 निर्वाचित सदस्य हैं, जिनमें सबसे ज्यादा 93 सीटें बीजेपी के पास हैं, उसके बाद 30 सीटों के साथ कांग्रेस, 13 सीटों के साथ तृणमूल कांग्रेस, 10 सीटों के साथ आम आदमी पार्टी, 10 सीटों के साथ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम का नंबर आता है। इसके अलावा, राष्ट्रपति कला, साहित्य, विज्ञान और सामाजिक सेवाओं में उनके योगदान के लिए 12 सदस्यों को संसद के ऊपरी सदन में नामांकित करते हैं। राज्यसभा लोकतंत्र के संसदीय स्वरूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इसे अक्सर बुजुर्गों का घर माना जाता है। राज्यसभा, लोक सभा, लोकसभा द्वारा पारित विधेयकों की जांच करने और आवश्यक समझे जाने पर सिफारिशें देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाती है।

राज्यसभा संसद का स्थायी सदन है जिसमें सदस्यों की नियुक्ति 6 वर्ष के कार्यकाल के लिए की जाती है। प्रत्येक दो वर्ष में एक तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त हो जाते हैं, जिससे इसकी कार्यवाही की निरंतरता सुनिश्चित होती है। 50 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल 2 अप्रैल को समाप्त होने वाला है जबकि शेष छह का कार्यकाल 3 अप्रैल को समाप्त होगा।

# रामलला के दर्शन करने के लिए रोजाना लाखों की संख्या में पहुंच रहे भक्त



रामनगरी में श्रद्धालुओं के लिए की गईं व्यवस्थाओं का सीएम ने लिया जायजा, अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अयोध्या पहुँच कर श्रद्धालुओं के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संतों से बातचीत कर उनकी प्रतिक्रिया भी जानी। अयोध्या पहुँचने पर मुख्यमंत्री योगी ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के दर्शन किये। मुख्यमंत्री ने इस दौरान यहां पर श्रद्धालुओं के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। हम आपको बता दें कि जनवरी माह में सीएम योगी का रामनगरी का यह छठवां दौरा है। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 जनवरी, 14 जनवरी, 19 जनवरी, 21-22 जनवरी और 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में ना केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सीएम योगी ने इस दौरान दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया।

### सीएम ने श्रद्धालुओं से खुद ली व्यवस्था की जानकारी

हम आपको बता दें कि हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में भी प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। हम आपको यह भी बता दें कि अयोध्या में देशभर से भक्तों का आना जारी है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से रोजाना लाखों भक्त रामलला के दर्शन कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्घटना में एक ही परिवार के दो बच्चों समेत पांच की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नलगोंडा जिले में एक ही परिवार के दो बच्चों समेत पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल है। हादसे के शिकार लोग जिस कार से यात्रा कर रहे थे उसमें तेज गति से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब परिवार के सभी सदस्य पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश की यात्रा के बाद रविवार देर रात एक कार में अपने गांव लौट रहे थे। जिले के मिर्यालगुडा के पास राजमार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक महिला बुरी तरह घायल है।

### कन्नूर अर्बन निधि धोखाधड़ी मामले में ईडी की छापेमारी

**कन्नूर।** ईडी ने कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड द्वारा करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत सोमवार को केरल में कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी त्रिशूर और मलप्पुरम में लगभग चार-पांच परिसरों की तलाशी ले रही है। जांच धोखाधड़ी के एक कथित मामले से संबंधित है जिसमें 12-13 प्रतिशत तक के उच्च रिटर्न का वादा करके जमा राशि एकत्र करके लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई थी। कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड के प्रवर्तकों पर जमा राशि को निकालने और इस धनराशि को निजी संपत्ति में निवेश करने का आरोप है।

### प्रतापगढ़ : सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, जांच शुरू

**प्रतापगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि थाना नगर कोतवाली क्षेत्र शहर के चिलबिला फ्लाईओवर पर रविवार की रात यह हादसा हुआ। अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार युवक फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान डीजे संचालक संजय गौड़ (30) के तौर पर हुई है। एएसपी ने बताया कि दूसरी घटना प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर त्रिलोकपुर के निकट अनियंत्रित बाइक पलटने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोहंडौर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पूछताछ के लिए ईडी के कार्यालय में पेश हुए लालू

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को पटना में ईडी के कार्यालय पहुंचे। राजद सुप्रीमो के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी मौजूद थीं और वे सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजकर 5 मिनट पर ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी कार्यालय में लालू को प्रवेश करवाने के बाद भारती ने पत्रकारों से कहा, ''जब भी कोई केंद्रीय जांच एजेंसी हमारे परिवार के किसी सदस्य को पूछताछ के लिए बुलाती है तो हम वहां जाते हैं और उनके साथ सहयोग करते हैं और उनके सभी सवालों का जवाब देते हैं।

# ज्ञानवापी की परिक्रमा पर अड़े स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** एएसआई सर्वे रिपोर्ट सामने आने के बाद ज्ञानवापी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और पुलिस में जमकर नोकझोंक हुई। ज्ञानवापी की पक्रिमा करने निकले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस ने मठ के पिछले गेट पर रोक लिया।

पुलिस ने धारा 144 का हवाला दिया और कहा कि परिक्रमा के लिए जाने की अनुमति नहीं है। इस पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिस से पूछा- जब नमाज पर रोक नहीं है तो मुझे क्यों रोका जा रहा है? पुलिस ने जवाब दिया- किसी नई परंपरा की इजाजत नहीं दी जा सकती। शंकराचार्य ने कहा- यह कोई नई परंपरा नहीं है। परिक्रमा करने की हमारी परंपरा बहुत पुरानी है। इस पर पुलिस ने कहा- आपको जो कहना है कोर्ट में कहिएगा। धारा 144 के कारण हम कोई अनुमति नहीं दे सकते हैं। नाराज शंकराचार्य ने कहा कि हमारे वकील की तरफसे अनुमति ले ली गई है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मठ के अंदर ही हैं। उन्होंने परिक्रमा के लिए अपने साथ एक और व्यक्ति को साथ ले जाने की पुलिस से इजाजत मांगी है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तरफ से परिक्रमा के लिए जाने का मुहूर्त 3.17 बजे तय किया गया था। परिक्रमा को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा था कि हम जरूर जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक पक्ष कह रहा शिवलिंग है। दूसरा पक्ष कह रहा नहीं है।

# अप्रैल तक टली श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस सुनवाई

श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस मामले में सर्वे पर रहेगी रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के संबंध में शाही ईदगाह मस्जिद के लिए एक आयोग नियुक्त करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक बढ़ाने का फैसला किया है। यह विस्तार अगली निर्धारित सुनवाई तक प्रभावी रहेगा।



सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित मामले की सुनवाई अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को यह भी निर्देश दिया कि वे दलीलें पूरी करेंगे और लिखित दलीलें दाखिल करेंगे। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कमेटी ऑफ मैनेजमेंट ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह द्वारा दायर याचिका को अप्रैल की पहली छमाही में आगे की सुनवाई के लिए पोस्ट कर दिया। अंतरिम आदेश जहां भी दिए गए हैं, जारी रहेंगे। अप्रैल, 2024 की पहली छमाही में फिर से सूचीबद्ध करें, पीठ ने अपने आदेश में कहा और पक्षों को तब तक दलीलें पूरी करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मुद्दे पर उसके समक्ष लंबित सभी याचिकाओं पर अप्रैल में एक साथ सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर, 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी, जिसने शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण की अनुमति दी थी।

### जेईई-मेन परीक्षा से पहले कोटा में एक और छात्रा ने की आत्महत्या

**कोटा ।** इंजीनियरिंग की सबसे बडी प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2024 मंगलवार 30 जनवरी से प्रारंभ होगी, उससे एक दिन पहले सोमवार को शहर में 12वीं कक्षा की एक कोचिंग छात्रा निहारिका (18) ने सुसाइड कर लिया। उसने सुसाइड नोट में लिखा- 'मम्मी-पापा, सॉरी, मैं लूजर हूं। जेईई-मेन नहीं कर पाई, इसलिये सुसाइड कर रही हूं। यही अंतिम विकल्प है।' शहर के बोरखेडा में रहने वाले बैंक गनमैन विजय की तीन बेटियों में निहारिका सबसे बडी थी। वह जेईई-मेन की कोचिंग ले रही थी। सोमवार को मकान की दूसरी मंजिल पर कमरे में पढ़ाई कर रही थी। सुबह 10 बजे दादी ने उसे आवाज दी तो दरवाजा नहीं खोला। चिंतित दादी ने चिल्लाकर सबको बुलाया। मौके पर देखा तो वह कमरे में रोशनदान से फंदे पर लटकी हुई थी। तुरंत अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। चचेरे भाई विक्रम ने बताया कि निहारिका पढने में होशियार थी।

# जनरल कैटेगरी से नहीं भरेंगे एससी-ओबीसी प्रोफेसरों के पद : यूजीसी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार को दलित और आदिवासी विरोधी करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह विश्वविद्यालयों में आरक्षण समाप्त करना चाहती है इसलिए सरकार ने प्रोफेसरों के आरक्षित पदों को अनारक्षित किया और कांग्रेस के जबरदस्त विरोध के बाद उसने कहा कि पहले की व्यवस्था ही लागू रहेगी।

कांग्रेस के असंगठित क्षेत्र के श्रमिक एवं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डॉ उदित राज तथा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेश लिलोठिया ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी की एक गाइडलाइन आई जिसमें कहा गया कि विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर के पदों पर अनुसूचित जाति-जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं इसलिए इन पदों को अनारक्षित किया जाना चाहिए।




सरकार के इस फरमान पर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध किया तो यूजीसी ने कहा कि हम ऐसा नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज अगर प्रोफेसर के पद खाली हैं तो उसका ये मतलब नहीं कि अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसीके कैंडिडेट मौजूद नहीं हैं। कैंडिडेट मौजूद हैं लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया जाता है, ताकि पदों को डिरिजर्व कर उन्हें जनरल कैटेगरी से भरा जाए। डॉ. उदित राज ने कहा, ''यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों को डी-आरक्षित करने और पर्याप्त आरक्षित उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें सामान्य वर्ग के लिए खोलने के दिशानिर्देश जारी किए हैं।

### केन्द्र सरकार ने पांच वर्ष और बढ़ाया सिमी पर लगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगे प्रतिबंध को पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय का कहना है कि सिमी को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अगले पांच वर्षों के लिए अवैध घोषित किया गया है। सिमी भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालकर आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में संलिप्त रहा है। उल्लेखनीय है कि सिमी पर पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी वर्ष 2019 को लगाया गया था। सिमी और उसके सदस्यों के खिलाफ विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) 1967 सहित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

# अदालत कोई रेलवे प्लेटफॉर्म नहीं जो किसी भी ट्रेन में चढ़ जाएं : सीजेआई

एजेंसी

चीफ जस्टिस ने कोर्टरूम में गलत व्यवहार पर वकील की लगाई क्लास

**नई दिल्ली।** कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कोर्टरूम में गलत व्यवहार करने पर एक वकील की जमकर क्लास ली। सीजेआई ने कहा- ये कोई रेलवे प्लेटफॉर्म नहीं कि आप आएं और किसी भी ट्रेन में चढ़ जाएं। पहले किसी सीनियर से सीखें कि कोर्टरूम में किस तरह से व्यवहार किया जाता है। दरअसल, अपनी बारी आने के पहले एक वकील अचानक से कोर्टरूम में खड़ा हो गया और बहस करने लगा।

वकील ने कहा कि उसने न्यायिक सुधारों के लिए एक जनहित याचिका दायर की है। वह इस पर तत्काल सुनवाई चाहता है। मामला आज की सुनवाई वाली लिस्ट में नहीं है। इस बात पर सीजेआई चंद्रचूड़ नाराज हो गए। उन्होंने वकील को फटकार लगाते हुए कहा कोर्टरूम कोई रेलवे प्लेटफॉर्म नहीं है कि आप आएं और किसी भी ट्रेन में चढ़ जाएं।

फटकार के बाद भी वकील अपनी बात पर अड़ा रहा। उसने कहा कि न्यायिक व्यवस्था के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसमें सुधार चाहता है। सीजेआई ने वकील से पूछा कि वह कहां प्रैक्टिस करता है। वकील ने कहा कि वह एचसी और लोअर कोर्ट में प्रैक्टिस करता है। इस पर सीजेआई ने कहा कि आप (वकील) किसी सीनियर एडवोकेट के साथ काम क्यों नहीं करते जो आपको कोर्टरूम के शिष्टाचार और तौर-तरीकों में बारे में सिखाए। 16 अक्टूबर 2023 को एक वकील के फोन पर बात करने से सीजेआई नाराज हो गए थे। उन्होंने वकील को टोकते हुए कहा- इधर आओ, यह कोई बाजार है? सीजेआई ने अपने स्टाफ को वकील का मोबाइल लेने को भी कह दिया। बाद में वकील ने माफी मांगी। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने वकील को चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार ध्यान रखना, दोबारा ऐसी गलती मत करना।



सीख

पीएम मोदी ने भारत मंडपम में परीक्षा पे चर्चा के सातवें संस्करण के दौरान कहा

# बच्चों की उपलब्धि को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं मां-बाप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने में अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका रेखांकित करते हुए आज कहा कि मां बाप को अपने बच्चे की उपलब्धि को अपना विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए और शिक्षकों को अपना काम केवल जॉब नहीं बल्कि छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी समझना चाहिए।

श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) के 7वें संस्करण के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करते हुए बच्चों को सीख दी कि वे अपने सहपाठियों एवं मित्रों से लेन-देन वाला व्यवहार नहीं रखें और उनकी उपलब्धियों की खुशियां मनायें और उससे खुद आगे बढ़ने की प्रेरणा लें। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर प्रदर्शित कला और शिल्प प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाई गई रचनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ये प्रदर्शन दर्शाते हैं कि नई पीढ़ियां विभिन्न विषयों के बारे में क्या सोचती हैं और इन मुद्दों के लिए उनके पास क्या समाधान हैं। श्री मोदी ने छात्रों को आयोजन स्थल यानी भारत मंडपम के महत्व को समझाया और उन्हें जी20 शिखर सम्मेलन के बारे में बताया जहां दुनिया के सभी प्रमुख नेता इकट्ठे हुए और दुनिया के भविष्य पर चर्चा की।

उन्होंने बाहरी दबाव और तनाव को लेकर ओमान के एक निजी सीबीएसई स्कूल से दानिया शब्बू और सरकारी स्कूल से मोहम्मद अर्श तथा दिल्ली में सर्वोदय बाल विद्यालय के छात्रों से संवाद करते हुए सांस्कृतिक और सामाजिक अपेक्षाओं जैसे बाहरी कारकों के कारण होने वाले दबाव एवं तनाव को कम करने के बारे में बात की। उन्होंने छात्रों पर बाहरी कारकों के अतिरिक्त दबाव के प्रभाव को कम करने में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और यह भी बताया कि माता-पिता ने समय-समय पर इसका अनुभव किया है। उन्होंने खुद को दबाव से निपटने में सक्षम बनाने और जीवन के एक हिस्से के रूप में इसके लिए तैयारी करने का सुझाव दिया।

### पीएम ने करीमन की सुमधुर प्रस्तुति को सराहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संपन्न 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मिस्र की एक लड़की करीमन द्वारा गाए गए मधुर गीत देश रंगीला की सोमवार को सराहना की। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। करीमन ने मिस्र में भारतीय दूतावास में शानदार भारतीय पोशाक पहनकर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया था। भारतीय दूतावास ने रविवार को उसके प्रदर्शन की एक क्लिप को कैप्शन के साथ ट्वीट किया, मिस्र की एक युवा लड़की करीमन ने इंडिया हाउस में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान देशभक्ति गीत देश रंगीला प्रस्तुत किया। उनके मधुर गायन और सही स्वर-शैली ने भारतीयों और मिस्रवासियों की बड़ी सभा को प्रभावित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने करीमन का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मिस्र से करीमन की यह प्रस्तुति मधुर है! मैं उन्हें इस प्रयास के लिए बधाई देता हूं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# यूसीसी लागू करने की तैयारी, पांच को पारित हो सकता है विधेयक

एजेंसी

**देहरादून।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को पारित करने के लिए 5 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा बुलाई जाएगी। इस बात की चर्चा तब से तेज हुई जब उत्तराखंड के मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को कहा कि अगर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा सरकार द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति समय पर प्रस्तुत कर देती है तो राज्य विधानसभा के आगामी सत्र में इसपर चर्चा हो सकती है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य द्वारा गठित समान नागरिक संहिता समिति 2 फरवरी को अपनी अंतिम रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। धामी ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के एक भारत,



श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण और सिद्धांतों तथा पूर्वाचल की देवतुल्य जनता के संकल्प और सिद्धांतों के अनुरूप प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। हालांकि, समान नागरिक संहिता आने से पहले ही उत्तराखंड में इसका असर दिखना शुरू हो गया है। इस साल शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से उत्तराखंड वक्फ बोर्ड से संबद्ध मदरसों के लिए भगवान राम की कहानी को नए पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा।

# हॉस्टल में मिला बच्चे का शव, दो पर मुकदमा दर्ज

**कई थानों की पुलिस सहित क्षेत्राधिकारी गोला, पलिया मौके पर रहे मौजूद**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर का निवासी गौरव पुत्र मनोज उम्र करीब 13 वर्ष जो कक्षा पांच का छात्र था जिसका शव रविवार रात को आवासीय विद्यालय सिल्वर सिटी एकेडमी (हॉस्टल) के कमरे में लटका मिला। जिसकी सूचना विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पूरा मामला थाना हैदराबाद क्षेत्र के कोटवारा में स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी का है जहां हॉस्टल के कमरे में कक्षा 5 में पढ़ने वाले 13 वर्षीय गौरव का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। मिली जानकारी के अनुसार कमरे में 4 छात्र रहते हैं जिसमें मृतक का भाई 11 वर्षीय सुमित भी रहता है, जो कक्षा 4 का छात्र है इसके अलावा 2 अन्य छात्र नितिन पुत्र राम नरेश व विशाल कुमार पुत्र विक्रम भी रहते हैं, वह भी कमरे में ही सो रहे थे। मृतक के भाई सुमित के मुताबिक रात में कैसे क्या हुआ उसको जानकारी नहीं है। सुमित की मानें तो रात 12 बजे देखा कि भाई का शव दूर रखा था और छत से मफलर लटक रहा था जिसे देखकर उसके होश उड़ गए। वहीं चौकीदार ने स्कूल प्रबंधक को घटना की सूचना दी। रात को सूचना मिलने के बाद ही स्कूल के प्रबंधक ने परिवार को सूचित किया। रात को ही परिजन स्कूल पहुंचे अपने बेटे का शव देखकर रोने-चिल्लाने लगे।



परिजनों का आरोप है कि बेटे के साथ जानबूझकर घटना को अंजाम दिया गया है। उसकी हत्या कर शव को लटकाया गया है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि अन्य छात्रों से पूछताछ की जा रही है। अन्य पहलुओं पर भी जांच जारी है। छोटा भाई पास में ही सो रहा था और पास में ही पढ़ने वाली मेज पड़ी हुई है। छत्र ने मेज पर मेज रखकर मफलर से लटक कर फांसी लगाई है। जब हम लोग पहुंचे तो शव उतारा जा चुका था। मृतक के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा रात जब हम लोग वहां पर पहुंचे तो देखा ऊपर छत से मफलर लटक रहा था, 13 वर्ष का कोई भी बच्चा फांसी नहीं लगा सकता है हमारे बच्चे को स्कूल में किसी बात को लेकर मारा गया है। छोटे भाई को भी कोई जानकारी नहीं है। सामान्य दिनों की तरह कल भी उसका व्यवहार वैसे ही बताया जा रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही जानकारी हो पाएगी। फिलहाल थाना हैदराबाद में विद्यालय के प्रबंधक हरमोहन सिंह प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह रात्रि ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी सुरवीर समेत एक अज्ञात पर हत्या हुआ एससी एसटी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

परिवार वालों का ये भी आरोप है कि स्कूल की छुट्टियां चल रही थी फिर भी बच्चों को घर नही आने दिया गया स्कूल में बच्चो से ईंट, मौरंग ढवाने का कार्य करवाया जाता था। विद्यालय प्रबंधक हरमोहन सिंह, प्रधानाचार्य सर्वजीत वर्मा व अन्य स्टाफ ने हत्या कर शव को लटका दिया है। स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। शव घर पर पहुँचते ही गाँव छावनी में तब्दील हो गया। पिता मनोज कुमार की तहरीर पर विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य, व अज्ञात स्टाफ के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## बाइक सवार ने अधेड़ को मारी टक्कर, जिला अस्पताल रेफर

**धौरहरा खीरी।** खमरिया परसिया रोड पर सोमवार सायं तेजगति बाइक सवार ने अपने घर के पास खड़े अधेड़ को सामने से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसको देख राहगीरों ने बाइक सवार को रोककर घायल को सीएचसी खमरिया ले गए जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार को सायं करीब 4 बजे खमरिया परसिया रोड पर अलीपुर गांव के पास अपने घर के पास खड़े कंठी (55) पुत्र बाँके लाल को गैसापुर से खमरिया जा रहे तेजगति बाइक यूपी 31 एआई 2653 पर सवार ने सीधी टक्कर मार दी जिसको देख राहगीरों ने आनन फानन में घायल कंठी को सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



## विकास कार्यो के लिए आयोजित हुई ग्राम सभा की खुली बैठक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्राम पंचायत रामसहाय के पंचायत भवन में प्रधान दयाशंकर शुक्ला एवं ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार की मौजूदगी में विकास कार्यो को लेकर ग्राम सभा की खुली बैठक की गई। गुरुवार को ग्राम पंचायत की खुली बैठक में आए हुए लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं बताई जिसको ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार ने सुनकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया।खुली बैठक में कई प्रस्ताव पर चर्चा की गई।वही परिवार रजिस्टर में नाम जोड़ने व मृतकों के नाम हटने के लिए पुष्टि की गई।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सहायक रोजगार सेवक सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसडीओ को प्रमोशन के बाद दी गई विदाई

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जैदपुर विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ का प्रमोशन एक्सईएन के पद पर होने के बाद विभाग की टीम द्वारा विदाई समारोह किया गया।वहीं नवनियुक्त एसडीओ को तैनाती मिलते ही स्वागत भी किया गया।

बताते चले कि जैदपुर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात एसडीओ प्रहलाद सिंह का एसीएन के पद हेतु प्रमोशन मिलने पर विभाग के लोगों ने विदाई समारोह कर फूल माला पहनाकर विदा किया।वही नवनियुक्त एसडीओ संदीप सिंह को जैदपुर विद्युत उपकेंद्र का चार्ज सभांलते ही विभाग के लोगो ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत भी किया।इस मौके पर जैदपुर जेई शमसुल लका अंसारी ने बताया कि मेरे लगभग ढेड साल एस डीओ प्रहलाद सिंह के साथ कार्यकाल में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही हुई।बहुत ही अच्छे से हम लोगो ने मिलकर काम करते रहे। समय पर प्रतिदिन ड्यूटी पर काबिज रहने वाले भाई प्रहलाद सिंह परिवार की तरह एक दूसरे को सम्मान देते थे।जिनकी मोहब्बत हम लोगों के दिलो में हमेशा रहेगी।इस अवसर पर जेई शमसुल लका अंसारी,जेई सुनील मौर्या,जेई राम चन्द्र,जेई महादेव,जेई अरविंद कुमार,जेई दीपक यादव,सुपरवाइजर वकार मेंहदी,मो वसी,सुरेन्द्र कुमार, फुरकान, रोहित शुक्ला,नरेन्द्र सिंह, विपेंद्र सिंह, इरशाद अंसारी सहित भारी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद थे।



# मत्स्य पालन के सम्बन्ध में आयोजित हुई संगोष्ठी

**मसौली, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

राष्ट्रीय मात्स्यिकी अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो एवं मत्स्य कृषक उत्पादक संगठन बाराबंकी द्वारा ग्राम बेहटा में नीरज कुमार के मत्स्य परिक्षेत्र पर मत्स्य स्वास्थ्य प्रबंधन तथा ड्रोन का कृषि मत्स्य पालन संबंधी उपयोग विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। एनबीएफजीआर निदेशक यू के सरकार ने जिले के मत्स्य पालन कार्यक्रमों की सराहना की तथा मछली पालन में होने वाले रोगों के विषय पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने मत्स्यपालकों को मत्स्य रोग निदान संबंधी ऐप इंस्टॉल करवाया और उसकी उपयोगिता बताई। डॉक्टर प्रधान वरिष्ठ वैज्ञानिक एनबीएफजीआर तथा डॉक्टर नीरज ने मछली उत्पादन एवं उसके स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर जानकारी दी उन्होंने बताया कि मछली उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए और उसको बाजार तक किस प्रकार अच्छे दामों में बिक्री करने का प्रयास किया जाए स्टेट कोऑर्डिनेटर आर एस गुप्ता अभिनव विकास समिति द्वारा जनपद बाराबंकी में संचालित मत्स्य विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। गोष्ठी मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणेश प्रसाद एवं मत्स्य विकास अधिकारी रमेश चंद्र द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी उपस्थित मत्स्यपालकों को दी गई मोहम्मद आफाक खान तकनीकी विशेषज्ञ एफ एफ एफ पी ओ द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया उन्होंने बताया कि जनपद की कई समितियां के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया उन्होंने इस प्रकार के आयोजन भविष्य में आयोजित करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम स्थल राज ब्रदर्स मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र बेहटा के ओनर नीरज कुमार एवम पंकज कुमार द्वारा अपनी मत्स्य पालन गतिविधियों की शुरुआत से लेकर अब तक का मत्स्य व्यवसाय ब्योरा कृषकों को प्रस्तुत किया और कहा इससे हम लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं मछली पालन एक अच्छा व्यवसाय है इसमें युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर यू के सरकार निदेशक, डॉ प्रधान , वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ नीरज ,डॉ आदित्य कुमार, डॉ ए के पाठक, श्री एस आर गुप्ता सुशील कुमार श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह ,आरके सिंह वंश राज वर्मा आदि उपस्थित रहे।



## पांच दिवसीय रामलीला मेला का हुआ शुभारंभ

**मसौली, बाराबंकी।** आजादी पूर्व लुक्के की रौशनी में शुरू होने वाली सात दशक पुरानी ग्राम बड़ागाँव की ऐतिहासिक रामलीला (धनुषयज्ञ) की शुरुआत सोमवार को तिलवा पूजन के साथ शुरू हो गयी है। 5 दिवसीय धनुषयज्ञ मेला में ताड़कावध, फुलवारी लीला, धनुषभंग एव बारात भृमण किया जायेगा। बुजुर्गों के अनुसार आजादी से पूर्व वर्ष 1945 में गांव के बुजुर्ग पण्डित राम आधार, पण्डित शिवदुलारे शुक्ला, जग्गनाथ वर्मा, छेदीलाल वर्मा, पण्डित चन्द्रशेखर, राम भरोसे वर्मा द्वारा लुक्के की रोशनी में स्थानीय कलाकारों द्वारा धनुषयज्ञ मेले की शुरुआत की थी धनुषयज्ञ के संस्थापक सदस्य आज हम लोगों के बीच है तो नही परन्तु उनकी स्मृतियां आज भी जाग्रत है। हिन्दू मुस्लिम के सहयोग से लगने वाले धनुषयज्ञ मेले में मरहूम हाजी शहबान का विशेष सहयोग रहता था।

## खबरें एक नजर में

### सकट पर्व पर बाजारों में रही रौनक, धूमधाम से हुई पूजा

**मसौली बाराबंकी।** सकट चौथ पर्व सोमवार को क्षेत्र भर में उत्साह के साथ मनाया गया। तिलगुड़ से निर्मित पकवान बनाकर विघ्न विनाशक विनायक का पूजन किया गया। महिलाओं ने सकट चौथ की कथा का श्रवण किया तथा अपने बच्चों की दीर्घायु के लिए उपवास रखे। घरों पर ऐपन से भगवान गणेश की आकृति तैयार की गई। इसके साथ ही महिलाओं के द्वारा तिल, गुड़ सहित अन्य पकवान बनाए। इसके बाद पूरे परिवार के द्वारा गणेश चतुर्थी की कथा सुनी। यह पर्व बच्चों के ऊपर आने वाले संकटों को दूर करने के लिए भी मनाया जाता है। इसलिए माताओं ने अपने बच्चों के संकटों का हरण करने एवं उनकी दीर्घायु की कामना के लिए उपवास रखे। सायं के समय चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद अपना उपवास खोला।

### बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में दिखाया गया लाइव प्रसारण

**मितौली खीरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा छात्र-छात्राओं को वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में लाइव प्रसारण आदर्श इंटर कॉलेज मितौली के बच्चों को दिखाया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छात्र-छात्राओं को वर्ष 2024 की परीक्षा में कठिन मेहनत एवं परिश्रम कर बोर्ड परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने का मंत्र दिया गया। देश के प्रधानमंत्री द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन 6 घंटे से 8 घंटे तक पठन-पाठन की क्रिया में संलग्न रहने की बात कही गई। इस अवसर पर लाइव प्रसारण के समय विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शुक्ला एवं शिक्षक एवं छात्र छात्राएं छात्राएं उपस्थित रही।

### भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा ने किया नि:शुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में जर्मन होम्योपैथी रिसर्च सेंटर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ वीबी धुरिया के सौजन्य से नि:शुल्क मधुमेह जांच शिविर लगाकर सेहत की नेमत बांटी गई। बताते चलें यह मानवता का कार्यक्रम प्रति माह किया जाता है, जिसके तहत अब तक 500 से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। चिकित्सा जांच शिविर संस्कृति शाखा की चिकित्सा प्रभारी डॉ0 शालू कश्यप के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सिकुड़ती सर्दी में कुहरे के बीच संपन्न हुए इस शिविर में भारी ठंड के बावजूद सैकडों मरीजों ने शिविर पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। मरीजों के मधुमेह परीक्षण के साथ चिकित्सीय टीम ने अन्य प्राथमिक जांचे कर नि:शुल्क दवाएं एवं उचित परामर्श भी दिया। सेहत के साथ साथ खीरी जनपद में शाखाध्यक्ष एड. आर्येन्द्र पाल सिंह की अगुवाई में संस्कृति शाखा शिक्षा, संस्कृति, समाज, सेवा आदि क्षेत्रों विकास के विशेष प्रयास कर रही है।

# जीवन में समय का प्रबंधन होना बेहद आवश्यक : खन्ना

**एसएसबी इंटर कॉलेज के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री**

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि टाइम मैनेजमेंट जीवन में होना बेहद आवश्यक होता है।उन्होंने कहा कि यदि व्यवस्थित योजना बनती है और वह कार्य व्यवहार और आचरण में आती है तब सफलता अवश्य मिलती है।श्री खन्ना जिले के प्रतिष्ठित एसएसबी इंटर कॉलेज के वार्षिक समारोह को बतौर मुख्य अतीत संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि जिन्होंने सफलता के लिए समय का ध्यान रखा, उन्हें सफलता अवश्य मिली।ऐसे में टाइम मैनेजमेंट बेहद आवश्यक है।सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा की शिक्षा का उद्देश्य शिक्षा देने के लिए होना चाहि। उससे मन को शांति और मस्तिष्क को ज्ञान प्राप्त होता हैम उन्होंने कहा कि यह अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वह छात्रों में उत्कृष्ट विचार समाहित कराए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की की बच्चों को भाग्य और मुकद्दर के सहारे जीवन जीने के लिए प्रेरित न करें,बल्कि उन्हें कार्य और व्यवहार करने के लिए प्रेरित करें जिससे वह ज्ञान प्राप्त करें और सफलता प्राप्त कर सके। उन्होंने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने संरक्षण में अच्छे संस्कार दें।अच्छी आदतें सिखाएं।बच्चे देखकर सीखते हैं ऐसे में उन्हें वह परिवेश दें जिसको देखकर वह सुयोग्य नागरिक बन सके।उन्होंने धार्मिक ग्रंथ गीता की चर्चा करते हुए कहा कि जीवन जीने की कला यदि सीखनी हो तो गीता ग्रंथ से सीखें। जीवन में कुछ भी अस्थाई नहीं है।पुरुषार्थ यदि 80 फ़ीसदी होगा तो 20 फ़ीसदी ईश्वर साथ दे सकता है लेकिन 80 फ़ीसदी पुरुषार्थ में स्थान कर्म का सरवोपरि है।उन्होंने गीता के विभिन्न अध्यायों और श्लोक का भी वर्णन किया।अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर उन्होंने कहा कि यह संकल्प शक्ति थी जिसकी वजह से यह सफलता मिली है।उन्होंने कहा कि यदि किसी के द्वारा हिंदुस्तान को मिटाने के प्रयास का जिक्र इतिहास में होगा तो राम मंदिर बनाने का जिक्र भी इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक श्रीनिवास शुक्ला ने कहा कि धरती पर पैदा होने वाला सभी व्यक्ति वंदनीय होता है उसमें जब राम समाहित होते हैं।



# राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर गांधी भवन में होगी श्रद्धांजलि सभा

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

देश के जाने माने पत्रकार, हिन्दी सेवी एवं गांधीवादी अध्येता राहुल देव मंगलवार को देवा रोड स्थित गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम में सत्य हिन्दी न्यूज़ पोर्टल के संस्थापक सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार शीतल पी सिंह, गोरखपुर से एमएलसी सी.पी चंद, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, कानपुर के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता गणेश दीक्षित एवं पूर्व विधायक सरवर अली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सभा की अध्यक्षता लोहियावादी एवं गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में की शुरूआत सुबह करीब 10 बजे होगी। इस दौरान गांधी भवन से पटेल तिराहा तक महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी पैदल शांति मार्च निकलेंगे। उसके उपरांत गांधी भवन में बालाजी का बचपन स्कूल के बच्चों द्वारा 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' गांधी भजन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखा जाएगा। तदोपरान्त महात्मा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा। माल्यार्पण कार्यक्रम के उपरान्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस (शहीद दिवस) पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ता अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम संयोजक विनय कुमार सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण में सायंकाल 5 बजे आलापुर स्थित रेठ नदी में महात्मा गांधी की स्मृति में दीपदान भी किया जाएगा। इस मौके नगर के कई संभ्रान्त नागरिक, अधिवक्ता, समाजसेवी व पत्रकार मौजूद रहेंगे।

# सीएम के सूचना सलाहकार की मां की तेरहवीं पर दी श्रद्धांजलि

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली नीमगांव क्षेत्र के बहादुरपुर ग्राम में नेताओं और सरकार के बड़े अधिकारियों सहित मीडिया का जमावड़ा लगा रहा। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सूचना सलाहकार रहीस सिंह की स्वर्गीय माता जी का स्वर्गवास 21 जनवरी को लम्बी बीमारी के बाद हो गया था। जिनकी सोमवार को तेरहवीं कार्यक्रम में योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग के जितिन प्रसाद, भाजपा एम एल सी डाक्टर महेंद्र प्रताप सिंह और मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह के साथ साथ कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू के कई अन्य क्षेत्रीय भाजपा नेताओं और सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों ने रहीस सिंह के घर पहुंचकर स्वर्गीय माता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त किया।

कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में नीमगांव प्रभारी शिवकुमार सिंह, मितौली इंस्पेक्टर राजू राव सहित दर्जनों पुलिस कर्मी सुबह से लेकर शाम तक डटे रहे। वहीं इस मौके पर बेहजम ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामशंकर राज, अनिल वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख, बीडीओ राकेश सिंह , प्रधान सुशील सिंह, रहीस सिंह के छोटे भाई एवं पत्रकार अविनाश सिंह, पंकज सिंह गौर और मितौली बेहजम लखीमपुर और लखनऊ के दर्जनों पत्रकार ग्राम प्रधान, बीडीसी सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।



# मतदाता जागरूकता अभियान की निकाली गई रैली

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी में चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में प्रशिक्षुओं द्वारा रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया तथा मतदान हेतु महाविद्यालय प्राचार्य,प्रवक्ताओ, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई गई। बुधवार चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली।

रैली विद्यालय परिसर से निकाली गई।इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था।प्राचार्य गया प्रसाद दुबे ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए।इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक अनुपम जय सवाल सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहे।



# इलाज के दौरान घायल अधिवक्ता की हुई मौत, परिवार में कोहराम

**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

**साथी अधिवक्ताओं में शोक की लहर**

बहराइच जनपद के मोतीपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर हुई दुर्घटना में घायल अधिवक्ता की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वही साथी अधिवक्ताओं में शोक की लहर व्याप्त है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को बहराइच जनपद में एनएच 730 पर नैनिहा गुरुद्वारे के पास दुर्घटना का शिकार हुई बुलेरो में सोमवार को तीसरी मौत हो गई। जिसमें घायल धौरहरा तहसील के वकील संजय कुमार गौतम निवासी क़स्बा खमरिया व गैसापुर थाना खमरिया की इलाज के दौरान सांसे थम गई। जिसकी सूचना पाकर वकील के परिवार में कोहराम मच गया वही साथी वकीलों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। बताते चले कि इस दुर्घटना में इससे पहले धौरहरा कस्बा निवासी पत्रकार व शिक्षक प्रवीण कुमार दीक्षित व राधारमण मिश्र की मौत हो चुकी है। इसके अलावा दुर्घटना में घायल अतीक , शकील,अफसर व शिवचन्द का इलाज जारी है।

# पूर्ण गुरु से प्राप्त, तत, सत के जाप से मोक्ष संभव : संत रामपाल

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

रविवार को लखीमपुर खीरी मे जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी का वेद, गीता जी, श्रीमद भागवत गीता, पुराण, गुरु ग्रंथ साहिब, कुरान शरीफ आदि से प्रमाणित विशाल सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ। सत्संग में जनपद लखीमपुर खीरी के गांव गांव से हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु आए सत्संग प्रवचन में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी ने बताया कि गीता अध्याय 17 श्लोक 23 में लिखा है कि ? ब्रह्म का, तत यह सांकेतिक मंत्र पर ब्रह्म का, सत पुर्ण ब्रह्म का ऐसे यह तिं प्रकार के पुर्ण परमात्मा के नाम सुमिरन का निर्देश संकेत कहा है और सृष्टि के आदिकाल मे विद्वानों ने बताया कि उसी परमात्मा ने वेद तथा यज्ञादि रचे आगे बताया कि सामवेद उतार्चिक अध्याय 3 खंड न.5 श्लोक न. 8 में भी लिखा गया है कि पुर्ण परमात्मा कविर अर्थात कबीर मानव शरीर में गुरु रुप में प्रकट होकर प्रभु प्रेमियों को तीन नाम का जाप देकर सत्य भक्ति कराता है।

तथा उस मित्र भक्त को पवित्र करके अपने आशीर्वाद से पुर्ण परमात्मा प्राप्ति करके पुर्ण सुख प्राप्त कराता है साधक की आयु बढ़ाता है वह पुर्ण परमात्मा कबीर साहेब ही हैं और अपने सभी पवित्र ग्रन्थ से प्रमाणित है कि कबीर साहेब ही सबके रचनहार है जिला कार्डिनेटर रवि कुमार वर्मा ने बताया कि जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सत्संग भारत के सभी राज्यों में ,बांग्लादेश,कतर , नेपाल, अमेरिका, दुबई आदि देशों सहित संत रामपाल जी के सत्संग प्रवचन होते हैं और संत रामपाल जी के करोड़ों अनुयाई दहेज लेनदेन, नशा, चोरी, व्यभिचार, घूसखोरी , जाती पाती आदि को त्यागकर सुखमय जीवन यापन कर रहे हैं। जनपद लखीमपुर खीरी के तहसील तहसील में हजारों परिवार संत रामपाल जी के बताए नियमों पर चलकर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं।




# सरकारी जमीन कब्जाने पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**सलावत नगर ग्राम पंचायत मे सरकारी जमीन पर कब्जा कराने पर लेखपाल ने आरोपित पर दर्ज कराया मुकदमा**

**मैलानी खीरी। समृद्धि न्यूज**

सलावतनगर ग्राम पंचायत मे सरकारी जमीन पर पुनः अवैध कब्जा कराने पर लेखपाल ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम सलावत नगर परश कुकरा तहसील गोला में गाटा संख्या 295/0.141 हेश नवीन परती भूमि दर्ज है। क्षेत्रीय लेखपाल दिव्यांश श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त भूमि के कुछ भूभाग पर सलावत नगर ग्राम निवासी नन्द लाल पुत्र स्वर्गीय दया राम ने गैर आवासीय झोपड़ी डालकर अवैध अतिक्रमण कर लिया था। जिसको तहसीलदार के आदेश पर दिनाँक 28/11/2923 को स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद से हटा दिया गया था । इसके बावजूद आरोपित ने पुनः उक्त भूमि पर अतिक्रमण कर लिया है। थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने बताया कि सरकारी जमीन पर कब्जा कराने के आरोप में स्थानीय लेखपाल की तहरीर पर आरोपित नन्द लाल पुत्र स्व० दया राम निवासी ग्राम सलावत नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मैराथन : लखनऊ की सड़कों पर पहली बार साड़ी में दौड़ेंगी महिलाएं

▸ मोहनलालगंज क्षेत्र की पांचों विधानसभा में होगी मैराथन

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मोहनलालगंज से सांसद कौशल किशोर ने आज राजधानी लखनऊ के वीवीआईपी गेस्ट हाउस में सांसद खेल प्रतिस्पर्धा 2024 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बताया कि लखनऊ की सड़कों पर पहली बार क्वार्टर मैराथन में महिलाएं साड़ी पहन कर दौड़ेंगी।

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर युवाओं और महिलाओं के खेल में भागीदारी को बढ़ाने के लिए संसद खेल प्रतियोगिता 2024 की शुरुआत की जाएगी। केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने बताया कि मोहनलालगंज में 10 फरवरी से 17 फरवरी तक सभी पांचो विधानसभाओं में मैराथन का आयोजन किया जाएगा। देश में पहली बार महिलाएं साड़ी पहन कर सड़कों पर दौड़ेंगी और पहली बार ऐसा होगा कि ग्रहणी बीच में शामिल होंगे हर विधानसभा में अलग-अलग पुरस्कार भी रखे गए हैं जिनको क्षेत्र की जनता देगी।

## किसानों को 10145 करोड़ से अधिक का भुगतान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में किसानों से धान खरीद जारी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निरंतर यह खरीद जारी है। विगत दिनों सीएम ने निर्देश दिया था कि जब तक एक भी किसान का धान शेष रहेगा, क्रय प्रक्रिया जारी रहेगी। क्रय केंद्रों पर उन्हें परेशानी न हो, मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस पर भी विशेष नजर है। साथ ही किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है। अब तक सात लाख 37 हजार से अधिक किसानों से धान की खरीद हो चुकी है और इन्हें 10145 करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। योगी सरकार के निर्देश पर धान खरीद निरंतर जारी है।

# सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर प्रदर्शित कर रहा बुंदेलखंड महोत्सव

## बुंदेलखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं, महोत्सव से क्षेत्र में पर्यटन के साथ बढ़ेगा रोजगार : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। ललितपुर में चल रहे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के आखिरी दिन दर्शकों के लिए रोमांचक अनुभव लेकर आया। यहां लोगों को बुंदेलखंड की कला और विरासत के बारे में जानने का मौका मिला। इसके साथ ही तीसरा चरण जालौन में 1 से 2 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 16 दिवसीय बुंदेलखंड महोत्सव द्वारा क्षेत्र की सांस्कृतिक और एतिहासिक कला और विरासत को विश्व पटल पर प्रदर्शित कर रहा है। प्रदेश के पर्यटन



एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां कई एतिहासिक धरोहरों के साथ प्रकृतिक सौन्दर्य के दर्शनीय स्थल हैं।

उन्होंने बताया किललितपुर महोत्सव के अखिरी दिन ललितपुर में लोगों ने साहसिक खेलों का आनंद लेने के साथ मथुरा के प्रवीण कुमार द्वारा प्रस्तुत मयूर रास, अयोध्या के लोकप्रिय कलाकार माता प्रसाद के फरवाही लोकनृत्य और ड्रीम नोट बैंड की संगीतमय प्रस्तुति का आनंद लिया। 23 जनवरी से 18 फरवरी के बीच बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन बुंदेलखंड के 7 जिलों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट और बांदा में किया जा रहा है।

महोत्सव में पर्यटकों को हैरिटेज वॉक, हॉट एयर बैलून, वॉटर स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय व प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखने व सुनने का मौका मिल रहा है। यहाँ देवगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर हॉट एयर बलून, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रीन फायर क्रैकर्स शो, लेजर शो, वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां और हेरिटेज वॉक सहित कई कार्यक्रम से लोगों को बुंदेलखंड के एतिहासिक व दर्शनीय स्थलों के साथ यहाँ के खान-पान और लोक संगीत से रूबरू हो रहे हैं।

### प्रशिक्षित योग गुरुओं की देख-रेख में योगासन सीखने का मौका

महोत्सव में हर दिन आगंतुकों यहां की समृद्ध विरासत समेटे हुए शहर को हॉट एयर बैलून द्वारा ऊंचाई से देखने का अनूठा अवसर मिला रहा है साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रशिक्षित योग गुरुओं की देख रेख में योगासन सीखने का मौका भी मिल रहा है। हेरिटेज वॉक में ललितपुर में पर्यटकों ने देवगढ़ के दशावतार मंदिर की एतिहासिक विरासत के बारे में जाना। मनोरंजन और रोमांच का अद्भुत उत्सव बुंदेलखंड महोत्सव ललितपुर महोत्सव में दोनों दिन सुबह हॉट एयर बलूनिंग और योग के बाद दिन में हेरिटेज वॉक और बेतवा नदी के सुमेरा लेक में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी का आयोजन हुआ। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में 29 जनवरी को देवगढ़ के तुवन मंदिर ग्राउंड में मथुरा के प्रसिद्ध मयूर रास, अयोध्या के फरवाही नृत्य व ड्रीम नोट म्यूजिक बैंड ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांधा। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव से क्षेत्र के पर्यटन के साथ यहाँ के लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### बीटिंग द रिट्रीट' में सी.एम.एस. को सर्वाधिक 11 पुरस्कार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। गणतन्त्र दिवस परेड में प्रदर्शित विभिन्न कार्यक्रमों में शानदार प्रदर्शन हेतु सिटी मोन्टेसरी स्कूल को आज यहाँ पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह में सर्वाधिक 11 पुरस्कारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन एवं सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं ने अपनी छात्र टीमों के साथ पुरस्कार ग्रहण किया। समारोह में सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस को सर्वश्रेष्ठ ब्रास बैण्ड प्रस्तुति हेतु प्रथम पुरस्कार, सी.एम.एस. कानपुर रोड को ही सर्वश्रेष्ठ बैग पाइप बैण्ड प्रस्तुति हेतु प्रथम पुरस्कार, सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस को सर्वश्रेष्ठ साँस्कृतिक प्रस्तुति हेतु प्रथम पुरस्कार, सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस को सर्वश्रेष्ठ ड्रिल प्रस्तुति हेतु प्रथम पुरस्कार, बालकों के बेस्ट मार्च हेतु सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस को द्वितीय पुरस्कार, बेस्ट बैग पाइप बैण्ड प्रस्तुति हेतु सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस को द्वितीय पुरस्कार, बालक व बालिकाओं के बेस्ट फ्लैग मार्च हेतु सी.एम.एस. आरडीएसओ कैम्पस को द्वितीय पुरस्कार, बेस्ट नृत्य प्रस्तुति हेतु सी.एम.एस. कानपुर रोड को द्वितीय पुरस्कार, बालिकाओं के बेस्ट मार्च हेतु सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस को तृतीय पुरस्कार एवं बालक व बालिकाओं के बेस्ट फ्लैग मार्च हेतु सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया है। इसके अलावा, 'विश्व एकता लाना है, वसुधा कुटुम्ब बनाना है' थीम पर आधारित सी.एम.एस. झाँकी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### नियुक्ति को लेकर अभ्यर्थियों ने एससीईआरटी का किया घेराव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर सोमवार को एससीईआरटी कार्यालय का घेराव किया इस दौरान अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी भी की। नाराज अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक न्याय और नियुक्ति नहीं मिल जाती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र की मांग करते हुए नारेबाजी कर रहे हैं। यह अभ्यर्थी पिछले 594 दिन से धरना स्थल इको गार्डन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में घोर अनियमितता बरती गई जिस कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी ने संज्ञान लिया और विसंगति दूर करते हुए पीड़ित दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का आदेश उच्च अधिकारियों को दिया था, जिसके आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विसंगति को सुधारने के उपरांत 6800 दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का वादा करते हुए एक सूची जारी की लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिल सका।

### श्रवण निराला की गिरफ्तारी की आइपीएफ ने की कड़ी आलोचना

लखनऊ,समृद्धि न्यूज। अंबेडकर जन मोर्चा के संयोजक श्रवण कुमार निराला को गोरखपुर में गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने कड़ी आलोचना की है। आईपीएफ ने सरकार से उनकी शीघ्र रिहाई की मांग की है। ज्ञात हो कि खेत मजदूरों, गरीबों और दलित, आदिवासी, अति पिछड़ों के भूमिहीनों की आजीविका के लिए एक एकड़ जमीन और आवासीय भूमि का आवंटन करने की न्यायसंगत मांग पर आज चौरी चौरा के शहीद स्थल से अम्बेडकर जन मोर्चा ने शांतिपूर्ण यात्रा आयोजित की थी। जिसके कारण श्रवण कुमार निराला सहित श्री निराला की गिरफ्तारी कर जेल भेजा गया है। आईपीएफने कहा है कि सरकार को दमन की जगह जमीन देने की जायज मांग पर विचार करना चाहिए।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 31 को

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आईटीआई के प्रिंसिपल राज कुमार यादव ने बताया कि 31 जनवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में शिशिक्षु,रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है जिसमें 24 कम्पनियाँ द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ट्रेनिंग एमए खॉ ने बताया कि शिशिक्षु रोजगार मेले में 24 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगे। 3785 रिक्तियाँ है, जिसमें हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, एमबीए पास तथा जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष हो वे ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन रूपये 10,000 से 27,000 प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### पादप स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन एक से

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ 1-3 फरवरी, 2024 के दौरान खाद्य सुरक्षा के लिए पौधों का स्वास्थ्य खतरे और वादे विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान द्वारा इंडियन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसाइटी, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य पादप रोगविज्ञान में वर्तमान प्रगति पर चर्चा करने के लिए देश भर के शोधकर्ताओं, चिकित्सकों, छात्रों, गैर सरकारी संगठनों और कृषकों सहित 500 से अधिक प्रतिनिधियों को एक साथ एक मंच पर लाना है। सम्मेलन में मुख्य एवं सत्र भाषण, मौखिक प्रस्तुतियां और पादप विकृति विज्ञान के महत्वपूर्ण मुद्दों पर पोस्टर सत्र शामिल होंगे, जिनमें उभरते हुए पादप रोग, मेजबान पादप प्रतिरोध, नवीन रोग प्रबंधन रणनीतियाँ, नवीन निदान उपकरण, जलवायु परिवर्तन प्रभाव और टिकाऊ कृषि शामिल हैं। यह आयोजन पादप संरक्षण, चुनौतियों और अवसरों पर विचारों के आदान-प्रदान और शोध निष्कर्षों के प्रसार के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

### पंचतत्व में विलीन हुए पद्मश्री डॉ. नित्यानंद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चिकित्सा वैज्ञानिक और भारतीय फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री के भीष्म पितामह के रूप में प्रख्यात रहे प्रोफेसर नित्यानंद का अंतिम संस्कार सोमवार को बैकुंठ धाम में हुआ। भारतीय दवा उद्योग की एकमात्र जननी संस्थान, विश्व विख्यात केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान-सीडीआरआई के संस्थापक निदेशक रहे डॉक्टर नित्यानंद को उनकी बेटी प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सैकड़ो शोकाकुल नागरिकों और डॉक्टरों ने अंतिम विदाई दी।

### भाजपा कोरोना वॉरियर्स का करे समायोजन : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से पार्टी मुख्यालय में सोमवार को कोरोना वॉरियर्स मिले। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी देते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पोस्ट कर लिखा कि उप्र में कोविड के दौरान जिन कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों को जीवनदान दिया उन कोविड वॉरियर्स की एनएचएम में समायोजन की मांग भाजपा सरकार क्यों अनसुनी कर रही है। सपा भी कोरोना वॉरियर्स की मांग को तत्काल पूरा करने की मांग करती है।

### ईपीएस पेंशनर एक को जंतर-मंतर पर करेंगे अनशन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की लखनऊ में बस स्टेशन पर संपन्न गेट मीटिंग को प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि 14 दिसंबर को श्रम मंत्री के आश्वासन के बाद दिल्ली में पेंशनरों ने अपना अनशन स्थगित किया था परंतु अभी तक सरकार ने पेंशन बढ़ोतरी की कोई घोषणा नहीं की है इसलिए पेंशनरों में रोष व्याप्त है। 31 जनवरी से देशभर के पेंशनर जंतर मंतर पर प्रांतवार फिर से अनशन करेंगे जिसमें उत्तर प्रदेश के पेंशनर 1 फरवरी को अनशन पर बैठेंगे और सरकार पर दबाव बनाएंगे कि मांगे तुरंत मानी जाए। प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर ने कहा कि केंद्र सरकार के आगामी बजट में न्यूनतम पेंशन बढ़ोतरी हेतु प्रावधान किया जाए वरना अबकी पेंशनर अपना अनशन जारी रखेंगे।

# अफसर तेजी से निस्तारित करें समस्याएं

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से मुलाकात कर सुनी समस्याएं, अफसरों को दिए निर्देश

▸ जमीनों पर कब्जा मामले में अफसर करें कड़ी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन सोमवार को लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं।

कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।



### धन का अभाव किसी के इलाज में नहीं बनेगा बाधा

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

### डिप्टी सीएम ने सुनी समस्याएं त्वरित निस्तारण के निर्देश

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# प्रदेश को चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी मिलने के आसार

▸ कल रिटायर होंगे डीजीपी, प्रशांत कुमार सहित चार अफसर रेस में

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। यूपी के डीजीपी विजय कुमार के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद प्रदेश पुलिस में अहम फेरबदल होंगे। प्रदेश को लगातार चौथा कार्यवाहक डीजीपी मिलने के आसार हैं। इसके मुख्य दावेदारों में डीजी सीबीसीआईडी आनंद कुमार, डीजी कारागार एसएन सावंत, डीजी भर्ती बोर्ड रेणुका मिश्रा और डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार शामिल हैं। इससे पहले डीएस चौहान, आरके विश्वकर्मा और विजय कुमार को लगातार कार्यवाहक डीजीपी बनाया जा चुका है। 21 माह से प्रदेश पुलिस को कार्यवाहक डीजीपी से काम चलाना पड़ रहा है।

31 जनवरी को डीजीपी विजय कुमार और डीजी मानवाधिकार एसके माथुर रिटायर होंगे। विजय कुमार विजिलेंस के भी डीजी हैं, लिहाजा उनके सेवानिवृत्त होने के बाद विजिलेंस को नया मुखिया मिलेगा। एडीजी कानून-व्यवस्था के पद पर भी नये अफसर की तैनाती होनी है। चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक तीन वर्ष से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों को हटाया जाना है, जिसकी वजह से शीर्ष पदों पर तैनात कई आईपीएस अधिकारियों का तबादला तय है। सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग को पूर्णकालिक डीजीपी के चयन का प्रस्ताव नहीं भेजा है, जिसकी वजह से एक बार फिर कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने के आसार हैं।

### यह है वरिष्ठता क्रम

सरकार अपने पसंदीदा अफसर को कार्यवाहक डीजीपी बना सकती है, जिसके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव संपन्न होगा। इस समीकरण में वरिष्ठता सूची में 19वें स्थान पर आने वाले डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार का पलड़ा भारी माना जा रहा है। मुकुल गोयल के बाद आनंद कुमार सबसे वरिष्ठ होने की वजह से दावेदार माने जा रहे हैं। राज्य सरकार ने तीनों कार्यवाहक डीजीपी बनाने में वरिष्ठता को प्राथमिकता दी थी। आनंद कुमार के बाद वरिष्ठता सूची में शफी अहसान रिजवी, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, दलजीत सिंह चौधरी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं, जिनके वापसी के आसार नहीं दिख रहे।

# अंबेडकर के सिद्धांतों के प्रचार के लिए आरपीआई-बसपा का साथ होना जरूरी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती को आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास अठावले ने पार्टी में शामिल होने का ऑफर दिया है। उन्होंने कहा, मायावती अगर आरपीआई में शामिल हो जाएं तो उनको पार्टी का अध्यक्ष बना देंगे। जिससे कि हम बाबा साहब की विचारधाराओं को लोगों तक पहुंचा सके। इसलिए आरपीआई और बसपा का एक साथ होना बहुत जरूरी है। वहीं, नीतीश कुमार के एनडीए में शामिल होने पर कहा, उनको तो जाने-आने की आदत है। अठावले 1 दिन के दौरे पर लखनऊ पहुंचे हैं। सोमवार को उन्होंने गेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा 4 मार्च को आरपीआई यानी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया रमाबाई अंबडेकर मैदान में विशाल जनसभा करेगी।

मोदी सरकार में मंत्री अठावले ने कहा, बसपा की जगह अब आरपीआई ले रही है। बाबा साहेब अंबेडकर के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए आरपीआई और बसपा का एक साथ होना बहुत जरूरी है। इससे उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाया जा



सकता है। हमारी पार्टी केवल दलितों को ही नहीं सभी को साथ लाने की कोशिश कर रही है। इसमें हम सफल भी हो रहे हैं। सिर्फमायावती नहीं, बल्कि बसपा के तमाम नेताओं से भी कहूंगा कि वह भी हमारी पार्टी में आएं। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि बहुत सारे मुस्लिम नेता जो बीजेपी में नहीं जाना चाहे वो आरपीआई में आ सकते हैं। इससे आरपीआई मजबूत होगी और बीजेपी को फायदा मिलेगा। देशभर में दलित पॉपुलेशन बहुत है। कांग्रेस और विपक्ष के लोग कहते हैं कि मोदी सरकार संविधान बदलेगी। लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन मोदी जी को हराने आया है। मगर अब वह टूट रहा है। नीतीश कुमार एनडीए में आ गए। इससे इंडिया को बड़ा झटका पहुंचा है। ममता दीदी, पंजाब में भगवंत मान भी अकेले लड़ रहे हैं। ममता दीदी को हमारा निमंत्रण है। वो भी नीतीश की तरह हमारे साथ आएं।

## राजस्थान का चोर लारेंस विश्नोई को कर रहा गाड़ियां सप्लाई

लखनऊ। लखनऊ से लग्जरी गाड़ियां चोरी कर गैंगस्टर को सप्लाई करने वाले एक युवक को गोमतीनगर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वह राजस्थान से आकर लग्जरी गाड़ियों के सर्विस सेंटर से चुपके से डुप्लीकेट चाभी बनाकर जीपीएस लगाता था। जिसके बाद गाड़ी जब मालिक के घर पहुंचने पर उन्हें ट्रेक कर चुराता था। इसका खुलासा करते हुए डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह शातिर चोर आजकल लखनऊ, पटना और रायपुर की फार्च्यूनर गाड़ियों पर नजर रखे था। जिन्हें लारेंस विश्नोई के गैंग को सप्लाई कर रहा था। डीसीपी पूर्वी के मुताबिक गोमतीनगर थाने में 28 दिंसबर 2023 को विपुलखंड निवासी नरेंद्र नाथ शुक्ल ने शिकायत की थी कि रात को घर के बाहर से फार्च्यूनर गाड़ी चोरी हो गई है। इसकी शिकायत पर इंस्पेक्टर दीपक कुमार पाण्डेय की टीम चोर की तलाश कर रही थी। मुखबिर तंत्र की सूचना पर सहारा ओवरब्रिज के नीचे से राजस्थान जयपुर के करजनी नांगल 33 हनुमान नगर निवासी सतेंद्र सिंह शेखावत को गिरफ्तार किया गया।

# एलडीए ने अवैध आवासों को किया जमींदोज

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बख्शी का तालाब क्षेत्र में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणाधीन हाउस और कालोनी पर हुई बड़ी कार्रवाई। सोमवार दोपहर शुरू हुई इस कार्रवाई मे कई निर्मित और निर्माणाधीन आवासीय भवनों को जमींदोज किया गया।

बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन 5 के प्रवर्तन दल के द्वारा बडी कारवाई की गई है। सोमवार दोपहर को बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ विकास प्राधिकरण से ले-आउट




स्वीकृत कराये बिना विकसित की जा रही थी। इस अवैध कालोनी के विरुद्ध विहित अधिकारी द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पहले पारित किए गए थे। आदेश के अनुपालन में सोमवार को सहायक अभियंता एन एन चौबे व सहायक अभियंता संजय मिश्रा के नेतृत्व में अवर अभियंता सुभाष शर्मा द्वारा प्राधिकरण पुलिस, बख्शी का तालाब थाना पुलिस के साथ मिलकर जेसीबी द्वारा अवैध हाउस रो कालोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। बीकेटी तहसील क्षेत्र अंतर्गत बरगदी मगठ गांव के रूद्र नगर में संदीप सिंह द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना ही अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन-5 के परवर्तन दल द्वारा पीएसी बल व क्षेत्रीय थाना पुलिस के साथ मिलकर अवैध कालोनी पर बुलडोजर चला कर लगभग चार दर्जन निर्मित और दो दर्जन निर्माणाधीन भवन को ध्वस्त कर दिया।

## आयकर अपीलीय अधिकरण के कार्यालय-सह-आवासीय परिसर का उद्घाटन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का लखनऊ में वर्चुअली उद्घाटन करते हुए केंद्रीय विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार), संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री,भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि आईटीएटी सभी ट्रिब्यूनल की मदर ट्रिब्यूनल है। जिस तरह से अधिकरण लोगों के विवादों का निस्तारण करता है यह इज ऑफलिविंग का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विवाद से विश्वास स्कीम 2020 के अंतर्गत करदाताओं को केवल विवादित करों की राशि का भुगतान से संबंधित मामलों का आईटीएटी ने अच्छे से निपटारा किया। मेघवाल ने कहा कि कोविड के दौरान आईटीएटी ने ई- हिअरिंग, फेसलेसअसेसमेंट से लोगों के जीवन को आसान बनाया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जापान और जर्मनी को पीछे करके भारत शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगास आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस सी. वी. भडंग ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर,बैंगलोर और कटक के बाद आयकर अपीलीय अधिकरण को चौथा भवन लखनऊ में मिला है। उन्होंने कहा कि आईटीएटी में लंबित मामलों की संख्या कम और निस्तारित किए गए केसों की संख्या बढ़ती जा रही है। जी. एस. पन्नू, उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, (दिल्ली और अहमदाबाद क्षेत्र) और शक्तिजीत डे, उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, (लखनऊ और पुणे क्षेत्र) भी समारोह में उपस्थित रहे। प्रारम्भिक तौर पर उत्तर प्रदेश के 16 जिलों पर क्षेत्राधिकार के साथ, आयकर अपीलीय अधिकरण, लखनऊ बेंच ने वर्ष 2001 में किराए के परिसर भवन, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में कार्य करना शुरू किया। वर्ष 2004 में लखनऊ में एक अतिरिक्त पीठ का गठन किया गया। वर्ष 2004 में ही इसे जाचलिक (जोनल) कार्यालय घोषित किया गया जिसके क्षेत्राधिकार में लखनऊ, इलाहाबाद और जबलपुर खंडपीठ थे।

कार्यक्रम | नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ में प्रबुद्ध वर्ग स्नेह मिलन कार्यक्रम में कहा

# मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में तेजी से हो रहा प्रदेश का विकास

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब उत्तर प्रदेश का प्रत्येक जिला विकसित होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्र का नये सिरे से विकास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा, प्रदेश के लिए आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा, प्रत्येक जिले की विशिष्टताओं पर प्रदेश सरकार का फोकस है। यह बात प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ जिले में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग



स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में कही। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ जिले में प्रवास के दौरान कम्यूनिटी हाल में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल होकर प्रबुद्धजनों से जिले के विकास को लेकर चर्चा की। स्नेह मिलन कार्यक्रम में मऊ के कोने कोने से आये विद्वानजनों एवं बड़े बुजुर्गों से जिले केसर्वांगीण व चौतरफा विकास पर चर्चा कर मऊ को विकसित जिला बनाने के लिए सबका सुझाव और मार्गदर्शन लिया। चर्चा के दौरान मऊ की वाणिज्यिक, शैक्षणिक, यातायात, रेलवे, बिजली, सड़क समेत सभी विकास कार्यों पर लोगों ने अपने सुझाव मंत्री के समक्ष रखे। जिनको सुनने के बाद मंत्री ने प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन एवं सुझावों के लिए धन्यवाद देते हुए उनके द्वारा बताए गए कार्यों पर विचार कर पूरा करने का हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ''स्नेह मिलन कार्यक्रम'' किसी प्रकार की राजनीति से प्रेरित नहीं है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण, देश की उन्नति के लिए रखा गया है। इस प्रकार का प्रदेश में यह पहला कार्यक्रम है, इसलिए आज यह परिचयात्मक ही है। यह कार्यक्रम सिर्फ जिले के विकास पर सुझाव के लिए आयोजित किया गया है। सुझावों के क्रम में मुख्यतः मऊ का इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट की बात कही गई।

### राज्यपाल की अध्यक्षता में कृषि व प्रौद्योगिक विवि का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आज कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा के दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया तथा दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक छात्र व छात्राओं को पदक प्रदान किये। इससे पूर्व उन्होंने ग्रामीण महिला कौशल एवं उद्यमिता विकास केन्द्र का उद्घाटन फीता काटकर किया तथा महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। इस छात्रावास का निर्माण कार्य एक वर्ष में पूर्ण किया जायेगा। राज्यपाल ने कहा कि आज जिन छात्र व छात्राओं को मेडल प्राप्त हुआ है। उनको एवं उनके माता-पिता को बहुत-बहुत बधाई। किसानों को वैज्ञानिक ढंग से उन्नतशील खेती करना सिखाए और किसान बेहतर किस्म के बीजों तथा जैविक खाद का उपयोग करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों को विश्वविद्यालय से जोडकर उन्हें बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे कि गरीब परिवारों के बच्चों का आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से शिक्षा एवं स्वास्थ्य में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच में बैठकर कृषि के विषय में वैज्ञानिक जानकारी दें ताकि किसान कृषि कार्य वैज्ञानिक एवं उन्नतशील तरीके से करके अपना उत्पादन बढ़ा सकें।

## महिलाओं ने निर्जला व्रत रहकर बेटों के लिए लंबी उम्र के लिए दुआएं मांगी

लखनऊ। सोमवार को माघ माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सकट चौथ पर महिलाओं ने निर्जलाङ्गणेश जी की पूजा के दौरान उन्हें तिल और गुड़ से बने लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके साथ ही गणेश जी को प्रिय माने गए मोदक का भोग भी लगा महिलाओं ने गणेश जी की कृपा परिवार पर बनी रहे का आशीष मांगा .इस व्रत को मुख्यतः माताओं द्वारा अपनी संतान के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ रखा जाता हैं। इस पर्व के चलते बाजारों में तिल और गुड़ की जमकर बिक्री हुई। सकट चौथ का व्रत सोमवार के दिन किया गया इस दौरान चन्द्रोदय का समय रात 09 बजकर 10 मिनट पर होगा। पंडित कमला कांत द्विवेदी ने बताया कि सकट चौथ के विशेष दिन पर ओम गं गणपतये नमः मंत्र का जाप 108 बार करना चाहिए।

# 214 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति रिवाज से संपन्न

## विधायक एवं नगरपालिका अध्यक्ष ने दिया खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद

गोंडा, समृद्धि न्यूज।




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत न्यू मैरिज हाल नवाबगंज गोण्डा में तहसील तरबगंज के समस्त विकासखण्ड के लाभार्थियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत विवाह कराया गया है। जिसमें 08 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को इस्लामिक पद्धति द्वारा निकाह कराया गया व 206 जोड़ें को हिन्दू रीति रिवाज से विवाह कराया गया।

उन्होंने बताया है कि मुख्य अतिथि विधायक मनकापुर द्वारा वैवाहिक जोड़ों को 10 हजार रूपये का सामान (डिनर सेट, साड़ी 02 सेट, पैन्ट - शर्ट का कपड़ा 01 सेट, ट्राली बैग, दीवाल घडी, प्रेशर कूकर, चांदी की पायल बिछिया) उपहार स्वरूप भेट करते हुए कहा कि धनाभाव के कारण अब किसी गरीब लड़की के हाथ पीले होने से नहीं बचेगें तथा 214 जोड़ों को सामूहिक विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही सभी नवविवाहित जोड़ों को विवाहोपरांत उनके खाते में 35 हजार की धनराशि सरकार द्वारा दी जाती है।

विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री एवं अध्यक्ष नगरपालिका परिषद नवाबगंज सत्येंद्र सिंह ने सभी जोड़ों को वैवाहिक जीवन की शुभ कामनायें देते हुए कहा कि यह योजना सरकार की बहुत अच्छी योजना है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। विवाहित जोडों एवं उनके साथ आये रिश्तेदारों के लिए स्वादिष्ट भोजन एवं मिठाई व जलपान भी कराया गया है।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, खण्डविकास अधिकारी नवाबगंज, तरबगंज, वजीरगंज तथा बेलसर सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



- निर्माण कार्यों को समय से शतप्रतिशत पूर्ण करने के दिये निर्देश
- निर्माण पूर्ण हो चुके कार्यों को विभाग को करें हैंण्डओवर : डीएम

सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के भवन निर्माण कार्य एवं सड़क, पुल आदि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए। जिन भवन निर्माण में बजट के अभाव से कार्य रुका है उसे बजट मंगाकर पूरा किया जाए। बजट न होने पर शासन स्तर से पत्राचार किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है उनका टीम का गठन कर सत्यापन कराकर संबंधित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के बाद जो निर्देश दिए जाते हैं उन्हें तत्काल पूरा कराया जाए। साथ ही उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान कहा कि जनपद में बन रही सड़कों की गुणवत्ता उच्च स्तर की होनी चाहिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली, एडीएसटीओ, एक्सईएइएन सीडी 2 बीके त्रिपाठी, प्रान्तीय खण्ड प्रमोद त्रिपाठी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी संबंधित निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नलकूप विभाग सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छप्पर में आग लगने से सोलह बकरियों की जलकर मौत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



- ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत से आग पर पाया गया काबू

जनपद के छपिया थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव के मजरा मनसुखपुर में रविवार की रात्रि में अचानक आग लगने से 16 बकरियों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक बकरी गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गई। आग की लपटें देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के काफी मेहनत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया जा सका,लेकिन तब तक 16 बकरियां काल के गाल में समा चुकी थी। बकरियों के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की अर्द्ध रात्रि में छपिया थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव के मजरा मनसुखपुर के रहने वाले जमील अहमद पुत्र शौकत अली के घर से कुछ ही दूरी पर छप्पर रखकर बकरियों को बांधने के लिए स्थान बनाया हुआ है। उसी में सभी बकरियों प्रतिदिन की तरह बांधी हुई थी। रविवार के रात में भोजन आदि के पश्चात परिवार वाले सो रहे थे। इसी दौरान अचानक 12 बजे रात में मवेशियों के लिए बने छप्पर से आग की ऊँची लपटें दिखने लगी।

आग इतनी भींषण थी कि खुद से काबू पाना मुश्किल था,इसलिए शोर मचाया गया। जिससे गांव वाले इकट्ठा हो गए और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर किसी काबू पाया गया। लेकिन तब तक छप्पर के नीचे बांधी 18 बकरियां में से 16 बकरियों की मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो चुकी थी,वहीं दो अन्य बकरियां झुलस कर घायल हो गई हैं। जिनका इलाज कराया जा रहा है। 16 बकरियों के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल मंजीत कुमार रावत जांच पड़ताल करने के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई,आग लगने से 16 बकरियों की मौत हो चुकी है और दो बकरियां झुलसकर घायल हुई हैं। छप्पर के साथ पीड़ित की चारपाई, चौकी भी जलकर राख हो गई है। मृत हुई बकरियों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। आग लगने से हुए क्षति का आंकलन किया जा रहा है,आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## नजूल भूमि पर अवैध निर्माण कराने की हुई शिकायत



कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज। विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार चौरसिया ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर कर्नलगंज नगर क्षेत्र में नजूल भूमि में हो रहे अवैध कब्जे को रोके जाने की मांग की है।

पत्र में कहा है कि नगर कर्नलगंज के बावली तालाब स्थित गाटा संख्या 249/2156 नजूल की भूमि है, जिस पर नगर के ही राजेन्द्र सिंह, गुरदीप सिंह, हरमीत व नामी सिंह अवैध रूप से पक्का निर्माण करने के लिए भूमि को कब्जा करके नींव की खुदाई कराए हैं और कभी भी निर्माण प्रारम्भ कर सकते हैं। मामले में उपजिलाधिकारी विशाल कुमार ने प्रभारी निरीक्षक व राजस्व निरीक्षक कर्नलगंज को नजूल भूमि पर अतिक्रमण करने से रोकने का निर्देश दिया है।

# विद्यालय संबंधित जानकारी लेना हो तो बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास जाइये : खंड शिक्षा अधिकारी

रुपईडीह/गोडा, समृद्धि न्यूज।




विद्यालय संबंधित कोई भी जानकारी लेनी है। तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी करें उक्त बातें पत्रकार द्वारा क्षेत्र में संचालित मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संबंध में जानकारी करने के दौरान खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कहीं।

शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह में सैकडो मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित है ।इन विद्यालय संचालको द्वारा शासन एवं प्रशासन के निर्देशों का पालन नहीं करते। तेज हवा एवं भीषण ठंड के चलते शासन प्रशासन द्वारा विद्यालय में अवकाश की घोषणा की थी ।जिसके बाद भी क्षेत्र के निजी विद्यालय संचालन के द्वारा विद्यालय खोलकर संचालन किया जा रहा था। जिसकी शिकायत अभिभावकों व स्थानीय लोगों द्वारा विभागीय अधिकारियों से की थी ।जिसे कई समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। क्षेत्र में संचालित मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संबंध में बीईओ से जानकारी पत्रकार ने लेनी चाहिए तो खंडशिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने जानकारी देने से मना करते हुए कहा कि विद्यालय संबंधित सूचना देने के लिए हम ऑथराइज्ड नहीं हैं। इसके लिए आप सभी लोगों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी लेनी चाहिए । समाचार पत्रों में छपी खबर के संबंध में जांच लिए मंगल नगर में संचालित रामप्यारी शिक्षण संस्थान/विद्यालय गए हुए थे। विद्यालय संचालक द्वारा जांच की भनक लगते ही समय से पहले विद्यालय बंद कर चले गए थे। ऐसी स्थिति में विद्यालय संबंधित कोई भी जानकारी नहीं हो सकी। विद्यालय संचालक को फोन कर जानकारी लेनी चाहिए तो वह विद्यालय बंद होने की बात कही ऐसी स्थिति में उपरोक्त विद्यालय संबंधी कोई भी सूचना अभी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना मिलते ही सक्षम अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाएगी।

इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि ब्लॉक स्तर के विद्यालय संबंधी सभी जानकारी खंड शिक्षाधिकारी के पास होती है। अगर उन्होंने जानकारी देने से मना किया है। तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## रास्ते पर मिट्टी पटाई को लेकर हुई मारपीट, चार घायल

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव मे मकान के सामने रास्ते पर मिट्टी पटाई कराते समय दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में हुई भिड़ंत में ईंट, पत्थर व लाठी-डंडा चलने से कई लोग घायल हो गए। घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम तरहटा से जुड़ी है। यहां के निवासी शिवकुमार ने कोतवाली मे तहरीर दिया है। जिसमे कहा गया है कि ग्राम पंचायत की तरफ से उसके आने जाने के रास्ते पर मिट्टी पटाई कराया जा रहा था। तभी गांव के ही कुछ लोगों ने एकजुट होकर ईंट, पत्थर, लाठी डंडा चलाना शुरू कर दिया, जिससे चार लोग गंभीर घायल हो गये। आरोप है कि वह बचने के लिए घर की तरफ भागने लगा,जिस पर आरोपीगणों ने मारपीट की ।जिससे उसके हाथ, दांत और सिर में गंभीर चोट आई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हेमन्त कुमार गौड़ ने बताया कि तहरीर मिली है,मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### जानलेवा हमला करने में संलिप्त अभियुक्त गिरफ्तार



गोंडा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर श्री विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-925/23 धारा 147,148,149, 324, 307, 323, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त दुर्गेश गिरि को महादेवा क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 24.10.2023 को वादी राम महेश गिरि पुत्र द्वारिका गिरि नि0 महादेवा पो0 केशवपुर पहड़वा थाना को0 नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 23.10.2023 को प्रधान नरेन्द्र कुमार गिरि की छत पड़ रही थी उक्त अभियुक्त द्वारा अपने परिजनों के साथ मिलकर बिना किसी कारण वस गाली-गुप्ता देते हुए लाठी डण्डों से मारने पीटने लगे थे जिससे मेरे भाई रमेश गिरि व प्रधान जी को गम्भीर चोटे आयी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था और विवेचना उ0नि0 प्रतीक पाण्डेय को सुपुर्द की गयी थी। विवेचना के दौरान दोषी पाये गए अभियुक्त दुर्गेश गिरि को आज दिनांक 28.01.2023 को महादेवा क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### धर्मांतरण करा बनवाया फर्जी निवास प्रमाण पत्र, केस दर्ज

बहराइच, समृद्धि न्यूज। बिहार निवासी एक युवती को जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र निवासी समुदाय विशेष का युवक बहला फुसलाकर भगा लाया। इसके बाद उसका फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर शादी भी कर लिया। इसकी जानकारी होने पर भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।बिहार के कटिहार निवासी आरती शर्मा पुत्री लल्लन शर्मा को किसी तरह जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव निवासी सरवर अली कुछ माह पूर्व बहला फुसलाकर भगा लाया। इसके बाद उसके नाम से फर्जी क्रमांक संख्या पर निवास प्रमाण पत्र जारी करवा दिया। इतना ही नहीं लड़की का धर्म परिवर्तन करवाकर उसके साथ शादी कर उसका नाम आयत खान कर दिया। जबकि 30 अक्टूबर की तिथि में जारी निवास प्रमाण पत्र संदिग्ध लगी। इस पर फखरपुर कस्बे में स्थित लोकवाणी केंद्र से निवास प्रमाण पत्र की जानकारी होने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, रोहित अवस्थी, डॉक्टर मान सिंह समेत अन्य ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की। एसडीएम द्वारा कराए गए जांच में निवास प्रमाण पत्र फर्जी निकला। इस पर फखरपुर थाने की पुलिस ने संयुक्त तहरीर पर सरवर अली के विरुद्ध धोखाधड़ी और धर्म परिवर्तन का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दो दिन पहले केस दर्ज किया गया है। उप निरीक्षक महेंद्र कुमार के द्वारा जांच की जा रही थी। फखरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने बताया कि आरती शर्मा के पास मौजूद आधार पर जन्मतिथि वर्ष 2006 का दर्ज है। उसके आधार कार्ड में भी करेक्शन करवाया गया है। ऐसे में धर्म परिवर्तन और विवाह के समय आरती नाबालिक थी।

### परिवहन निगम के 113 चालक गटक गए डीजल

बहराइच, समृद्धि न्यूज। रोडवेज बस अड्डे से विभिन्न रूटों पर संचालित परिवहन निगम के चालकों ने निर्धारित डीजल से अधिक की खपत कर दी। इसका खुलासा जांच में होने पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने 113 चालकों के वेतन से रिकवरी के निर्देश दिया है, इससे हड़कंप मच गया है। बहराइच रोडवेज बस अड्डे से विभिन्न मार्गों पर परिवहन निगम की बसों का संचालन होता है। विभिन्न जनपदों को जाने वाली बसों के लिए विभाग की ओर से डीजल का निर्धारण भी किया गया है। इसके बाद भी परिवहन निगम के चालक अधिक डीजल खर्च कर देते हैं। कार्रवाई होने के बाद भी सभी सुधर नहीं रहे हैं।परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि एक दिसंबर 30 दिसंबर तक विभिन्न मार्गों पर संचालित रोडवेज बसों में खपत होने वाले डीजल की जांच कराई गई। कारखाना प्रबंधक से कराए गए जांच में तय मानक से 1106 लीटर अधिक डीजल का खर्च हुआ है। जिस पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी चालकों के नाम की नोटिस जारी करते हुए वेतन से रिकवरी के निर्देश दिए हैं। इससे हड़कंप मच गया है।कार्रवाई की जद में आने वाले संविदा और नियमित चालक शामिल हैं। वही चालक भी इस कार्रवाई को लेकर नाराज है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि सभी चालकों से कुल 99587 रूपये की वसूली की जायेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ है कि किसी ने 10 लीटर तो किसी ने 24 लीटर डीजल का खर्च किया है। ऐसे में निर्धारित मानक से अधिक डीजल खर्च से सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा है।

# बिना प्रयोगशाला के चल रही थी प्रयोगात्मक परीक्षा हुई रद्द

- डीआईओएस ने मान्यता खत्म करने के लिए बोर्ड को लिखा पत्र



विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। विशेश्वरगंज क्षेत्र में संचालित सम्राट अशोक महान के पी इंटर कालेज पुरैना का जिला विद्यालय निरीक्षक बहराइच नरेंद्र देव ने आकस्मिक निरीक्षण किया। विद्यालय में चल रही बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा की जमीनी हकीकत परखने पर पता चला कि विद्यालय में विज्ञान की कोई प्रयोगशाला स्थापित नही है ।बिना प्रयोगशाला के परीक्षा संपन्न कराने पर डीआईओएस भड़क गए। यद्यपि विद्यालय प्रशासन ने प्रयोगशाला से संबंधित कुछ उपकरणों को आनन फानन में एक कमरे में प्लांट कर प्रयोगशाला होने की जब तक कोशिश की तब तक अधिकारी सच्चाई से अवगत हो चुके थे ।विद्यालय प्रशासन को मान्यता रद्द करने की संस्तुति सहित संपन्न की गई। परीक्षा को निरस्त कर पुनः प्रायोशाला वाले विद्यालय में करवाने का आदेश थमा दिया ।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि विद्यालय प्रशासन ने बिना प्रयोगशाला के परीक्षा संपन्न कराकर परिषद के नियमों का उलंघन किया है अतः सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है ।विद्यालय बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है जो कतई क्षम्य नही है।

## संजय सेतु पर अनियंत्रित होकर पलटी बोलेरो, दो घंटे लगा जाम

बहराइच, समृद्धि न्यूज। बहराइच से बाराबंकी की ओर जा रही बोलेरो गाड़ी सोमवार को सुबह घाघरा घाट (संजय सेतु) पर अनियंत्रित हो गई। पुल की रेलिंग से टकराते हुए वाहन पलट गई। पुल पर गाड़ी पलटने से लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंचे जरवलरोड पुलिस कर्मियों ने जेसीबी की मदद से गाड़ी को हटवा कर जाम खाली कराया है। मौके पर पुलिस चौकी प्रभारी घाघरा घाट आदित्य कुमार, उपनिरीक्षक लव कुमार, हेड कांस्टेबल शकील अहमद, कांस्टेबल अवधेश वर्मा ने जेसीबी मंगवाकर गाड़ी को सीधी कराई। हादसे के चलते लखनऊ, बहराइच, गोंडा मार्ग पर भीषण जाम लग गया। गाड़ी में करीब आधा दर्जन लोग सवार थे। सभी मामूली रूप से घायल हुए हैं। सभी को राहगीरो ने बोलेरो से निकलकर बाराबंकी जिला अस्पताल भेज दिया गया है। गाड़ी को जेसीबी से बीच पुल से हटा दिया गया है। लगभग दो घंटे बाद आवागमन बहाल हो सका।

# बेखौफ अपराधियों ने अधेड़ को चाकू मारकर किया था घायल, इलाज के दौरान हुई मौत

- पुलिस ने अपराधियों की धड़पकड़ की तेज
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर बढ़ेगी धारा

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम बरानिजाम के मजरा मनिहारन पुरवा निवासी मोहम्मद रईस को शनिवार को बदमाशों ने चाकू से घायल कर दिया था। जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज लाया गया।

जहां पर डाक्टरों ने हालत की गम्भीरता को देखते हुए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर दौरान इलाज मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

मृतक अपने पीछे 10 वर्षीय शमीम,12 वर्षीय रिजवान,तथा 18 वर्षीय गुड़िया, 20 वर्षीय साफिया को बेसहारा छोड़ गया। मृतक अपने दो लड़कों चांद बाबू, व राजू तथा दो लड़कियों रानी व सफिया की शादी निपटा चुका था। मृत्यु के बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश तेज कर दी है। जगह-जगह पुलिस छापेमारी कर पूछतांछ कर रही है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद मुकदमे में धारा बढ़ाई जाएगी। अभी अज्ञात तीन बदमाशों के विरुद्ध धारा 307 पंजीकृत है। बदमाशों की तलाश पुलिस सक्रियता से कर रही है।

# हर गॉव तक जाएगी बाल विवाह के विरुद्ध आवाज : सीएमओ

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- पीएफआई के सहयोग से जनपद में आयोजित हुई मीडिया कार्यशाला
- बाल विवाह रोकने के लिए मीडिया कर्मियों ने ली शपथ

स्वास्थ्य विभाग और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह के विरुद्ध अभियान में तेजी लाने के लिए सीएमओ सभागार में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक कलंक है इसे हर हाल में मिटाना होगा। इसकी वजह से न सिर्फ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि इससे अच्छे स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, हिंसा एवं शोषण मुक्त जीवन का अधिकार, विकास का अधिकार, समानता का अधिकार और सहमति से विवाह के अधिकारों का भी हनन होता है।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह के विरुद्ध अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में हो चुकी है। जिसके तहत सभी विभागों में शपथ कार्यक्रम, पोस्टर, सेल्फी, वीडियों संदेश आदि के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी मीडिया कर्मियों के साथ बाल विवाह के विरुद्ध शपथ भी दिलाई और कहा कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। हम सब मिलकर इसे रोकने का प्रयास करेंगे ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ और समृद्धिवान बन सकें।

इस अवसर पर एसीएमओ डॉ संतोष राना, आरकेएसके जिला सलहकार राकेश गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ सोलंकी, डिप्टी डीटीओ डॉ संदीप मिश्रा, सरजू खान-जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम, मो.राशिद -जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, मोबिअस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया से अभिषेक पाठक, बलबीर सिंह सहित जनपद के मीडिया साथी उपस्थित रहे।

### बाल विवाह कानूनी अपराध

बाल विवाह के लिए भारत में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006है, इसके अंतर्गत दण्ड का प्रावधान भी है,इस अधिनियम के अंतर्गत 21 वर्ष से कम आयु का लड़का और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को बाल-विवाह के रुप में परिभाषित किया गया है। जिसमें 2 वर्ष के लिए कठोर कारावास की सजा या एक लाख रुपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम, बाल विवाह में शामिल बच्चों की सुरक्षा और अपराधियों पर मुकदमा चलाना है।

## ताला तोड़कर तीन दुकानों से चोरों ने की लाखों की चोरी

बहराइच समृद्धि न्यूज। जिले के फखरपुर थाने से चंद कदम की दूरी स्थित रामलीला मैदान के सामने हाईवे किनारे तीन दुकानों में ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया।

ताबड़तोड़ हुई चोरी ने पुलिस के रात्रि गस्त की पोल खोल दिया है। सुबह जानकारी होने दुकान मालिकों ने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले को पूरी तरह दबाने में जुटी हुई है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चोरी की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच की है। जल्द ही चोरी का खुलासा होगा।

## सिख समुदाय ने निकाली प्रभात फेरी

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा डिहवा में गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर सोमवार को प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह 5 बजे प्रभात फेरी गुरुद्वारे से पूरे गांव में होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंची ।इसके बाद लंगर का प्रसाद भी वितरित किया गया। नानपारा तहसील के डिहवा गांव में स्थित गुरुद्वारे में सोमवार को प्रकाश पर्व मनाया गया। इस मौके पर सिख समुदाय के लोगों ने झंडे, ढोलक और चिमटे के साथ प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान कीर्तन भी किया गया। प्रकाश पर्व पर 2 जनवरी तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 3 जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा डिहवा के संरक्षक परमजीत सिंह, शक्ति सिंह, अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष बाबू सिंह, महामंत्री महेंद्र पाल सिंह, उपमंत्री रिंकू सिंह (टप्पा), कोषाध्यक्ष सतवंत सिंह, हरमीत सिंह, एडिटर रंजीत सिंह, गुरदयाल सिंह, हाल इंचार्ज गुरजीत सिंह, मंगू सिंह स्टोर, इंचार्ज लल्लू सिंह, लंगर इंचार्ज निर्मल सिंह, दुर्गा सिंह, कलेशन इंचार्ज बिक्की सिंह, मौजूद रहे।

# आर्थिक व सामाजिक तंगी हो रही दूर, संवर रही मातृत्व सेहत

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ दिलाने में लगातार अपना बहराइच सूबे में अव्वल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

फखरपुर राजा बौंड़ी निवासी शिवकुमारी के पति दिल्ली में काम करते हैं। बीमार सास की देखभाल के साथ शिवकुमारी लोगों के कपड़े धुलने का काम करती हैं। शिवकुमारी कहती हैं आर्थिक तंगी व पुश्तैनी काम होने के कारण गर्भावस्था के दौरान भी वह लोगों के कपड़े धुलती रहीं। इस काम में शारीरिक मेहनत अधिक है इसलिए उन्हें जल्दी थकावट महसूस होती थी। ऐसे में आशा दीदी के सहयोग से ÷प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना÷ का सहारा मिला तो खाते में पाँच हजार की धनराशि आई। इन पैसों से काम का दबाव कम हुआ और बच्चे की देखभाल ठीक से कर पायी। इसी गाँव की मशहर जब पहली बार गर्भवती हुईं तो शिशु जन्म से पहले ही पति का इंतकाल हो गया। घर में बुजुर्ग सास के अलावा दो छोटे देवर दिल्ली, पंजाब में मजदूरी करते हैं। मशहर कहती हैं कि आशा कार्यकर्ता के सहयोग से योजना का सहारा मिला तो बिना चिंता के खुद के पोषण का ध्यान रख पायी और सामान्य प्रसव से 11 अप्रैल को अस्पताल में स्वस्थ बच्चे का जन्म हुआ। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। यह तो महज एक उदाहरण हैं। आर्थिक व सामाजिक तंगी के कारण ऐसी कई महिलाएं अपनी गर्भावस्था के आखिरी दिनों तक व प्रसव के बाद समय से पहले ही आजीविका के लिए काम करना शुरू कर देती हैं। जबकि उनका शरीर इसके लिए तैयार नहीं होता। काम की इस क्षति पूर्ति की भरपाई के लिए ÷प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना÷ ऐसी महिलाओं को संबल प्रदान कर रही है। योजना के कार्यक्रम सहायक दिलीप सिंह ने बताया वित्तीय वर्ष में अब तक प्रथम गर्भधारण करने वाली 20017 महिलाओं का पंजीकरण किया जा चुका है जो लक्ष्य के सापेक्ष्य 92.64 फीसदी है। सूबे में 63.90 फीसदी पंजीकरण कर कौशांबी जनपद दूसरे नंबर पर है।

### दूसरी शिशु बालिका जन्म पर भी प्रोत्साहन राशि

योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक पीके शर्मा ने बताया योजना को मिशन शक्ति के सामर्थ्य योजना में शामिल करने से अब पहली गर्भावस्था में 5 हजार व दूसरी बार लड़की जन्म होने के 270 दिन में पंजीकरण कराने पर 6000 हजार की धनराशि दी जा रही है। दूसरी शिशु बालिका जन्म लेने पर अब तक 9513 माताओं को पंजीकृत किया जा चुका है।



कुपोषण जब गर्भाशय में ही शुरू हो जाता है तो पूरे जीवन चक्र तक चलता रहता है और ज्यादातर मामलों में इसे पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाली नकद धनराशि का उपयोग पौष्टिक आहार सेवन करने में करना चाहिए। इससे उनके स्वस्थ रहने के आचरण में सुधार होगा।

डॉ सतीश कुमार सिंह
सीएमओ



प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से न केवल पोषण बल्कि शीघ्र पंजीकरण होने से प्रसव पूर्व जांच , सुरक्षित प्रसव और समय से बच्चे का प्राथमिक टीकाकरण भी सुनिश्चित हो जाता है। जनपद में पात्र सभी गर्भवती और धात्री तक इस योजना को पहुंचाने की कोशिश की जा रही है ताकि वह स्वस्थ रहें और उन्हें शिशु को छह माह की आयु तक लगातार स्तनपान कराने की सामर्थ्य में कोई बाधा न पहुंचे।

मोनिका रानी
जिलाधिकारी

# एसडीएम-सीओ के आश्वासन पर वकीलों का अनशन समाप्त

**काम पर लौटे अधिवक्ता**

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बीते दिनों साथी अधिवक्ता के साथ शिवगढ़ थाना अध्यक्ष द्वारा अभद्रता किए जाने के मामले को लेकर अधिवक्ता कई दिनों तक सांकेतिक हड़ताल पर रहे मामले को प्रशासन द्वारा संज्ञान न लिए जाने पर सोमवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में ही क्रमिक अनशन शुरू कर दिया अनशन शुरू होते ही हरकत में आए अधिकारियों ने तत्काल सीओ और एसडीएम ने पीड़ित अधिवक्ता को न्याय का आश्वासन देते हुए अनशन समाप्त करवाया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे बैसन मजरे गढ़ी गांव निवासी अधिवक्ता द्वारा अपने कब्जे की भूमि में खड़े बबूल के पेड़ो को विपक्षी द्वारा चोरी से बेच लेने की शिकायत करने स्थानीय थाना पर पहुंचे तो वहां पर थानेदार द्वारा अधिवक्ता के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार करके भगा दिया गया था जिसको लेकर तहसील के अधिवक्ता कई दिनों से सांकेतिक हड़ताल पर रहकर थाना अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। किंतु उच्चधिकारियों द्वारा संज्ञान न लेने पर आज सोमवार को अधिवक्ता अनशन पर बैठ गए। तब जाकर एसडीएम और सीओ ने पीड़ित अधिवक्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित अधिवक्ता रमेश कुमार ने बताया कि जिन विपक्षियों ने चोरी से हमारी लकड़ी को काटा है उसे लकड़ी को प्रशासन वापस कराएगा और विपक्षियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करेगा इस कार्यवाही से हम पूरी तरह से संतुष्ट हैं। संघ के अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी ने बताया कि एसडीएम और सीओ एवं महाराजगंज कोतवाल बालेंद्र गौतम समक्ष वार्ता हुई है पीड़ित अधिवक्ता के विपक्षियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाएगी व चोरी से काटी गई लकड़ी पीड़ित अधिवक्ता को वापस दिलाई जाएगी जिसके चलते हम सभी अधिवक्ता अपनी हड़ताल को वापस लेते हैं अब हम लोग न्यायिक काम काज शुरू करेंगे इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव पूर्व महामंत्री ज्योति प्रकाश अवस्थी सर्वेश कुमार अवस्थी सुनील द्विवेदी मनीष तिवारी सत्य प्रकाश मिश्रा राधेश्याम व तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव सहित तहसील के अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



# रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रोजगार सेवकों ने सौंपा एडीओ सी अरुण कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए ज्ञापन में बताया प्रतीयं आवाहन पर 30 जनवरी 2024 को इको गार्डन लखनऊ में मुख्यमंत्री के आवास तक पैदल मार्च कार्यक्रम की सूचना के संबंध में ग्राम रोजगार सेवक समिति उत्तर प्रदेश के आवाहन पर 30/1 /2024 को इको गार्डन लखनऊ में समस्त ग्राम रोजगार सेवक मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए, मुख्यमंत्री आवास तक पैदल मार्च करेंगे। इस मौके पर दर्जनों रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का मरीजों ने उठाया लाभ



**सूची सलोन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सलोन ब्लॉक के अंतर्गत सूंची में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में आसपास के दर्जनों मरीजो ने अपनी आंख,हड्डी में दर्द , बुखार, जुखाम व स्वास्थ्य से सम्बंधित बीमारी डॉक्टर को दिखाकर दवाई व सलाह ली। जुआरी फॉर्म हब लिमिटेड सूंची में नि:शुल्क स्वास्थ शिविर में कुल 262 मरीजो ने अपना इलाज कराकर शिविर से नि:शुल्क दवाई प्राप्त की। जिसमे 96 मरीजो ने आंख का इलाज कराया और 29 मरीजो ने हड्डी में दर्द व जोड़ो में दर्द का इलाज कराया और अन्य सभी मरीजो ने अपने स्वास्थ्य सम्बन्धित बुखार,जुखाम, बदन दर्द जैसी बिमारियों का इलाज कराकर दवा प्राप्त किया। इस मौके पर डॉक्टर ओ.पी. मिश्रा (फिजिशियन) लालगंज प्रतापग, डॉक्टर शुभम गुप्ता नेत्र चिकित्सक (इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय लखनऊ, डॉक्टर शिवांशु शुक्ल (हड्डी रोग विशेषज्ञ) ने सभी मरीजो का इलाज किया। जुआरी फॉर्म हब लिमिटेड की तरफ से डॉ अजय सिंह चौहान (मार्केटिंग मैनेजर), अनिल मौर्य (एरिया मैनेजर), विवेक अवस्थी( स्टोर मैनेजर) परमजीत मौर्य (स्टोर सहायक) मौजूद रहे।

### नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीईओ के स्थानांतरण के बाद नवागत खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह आज ब्लॉक संसाधन केंद्र नसिरापुर बांगरमऊ पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। तत्पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने सभी प्रधान और इंचार्ज अध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक विद्यालय की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का खयाल रखे। उन्होंने कहा कि विभागीय डाटा फीडिंग, कायाकल्प और यू डाइस की फीडिंग को समय से कर ले। उन्होंने कहा कि बांगरमऊ ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने में आप लोगों को अधिक से अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने सभी अध्यापकों से कहा कि समय से स्कूल पहुंचकर शिक्षण कार्य करे। बैठक में एआरपी रमेश चंद्र छत्रपाल, अमित पटेल, अखिलेश कुमार वंदना पाल एवं शिक्षक सुभाष यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह अरुण कुमार, रजनीश कटियार, अखिलेश चंद्र द्विवेदी, निजाम अहमद, अरुण कुमार, अनिल सिंह, दिनेश कुमार, सुधीर यादव, संजय कुमार व शिक्षणेत्तर कर्मचारी खेमराज यादव, आशाराम आदि उपस्थित रहे।

### महिला ने पति, जेठ व रिश्तेदार पर लगाया चोरी का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ नगर के मोहल्ला गणेशगंज से एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है। गणेशगंज निवासी एक महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर अपने पति, जेठ और रिश्तेदार पर चोरी का मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई है। मोहल्ला गणेशगंज निवासी सुमित मिश्रा की पत्नी नीलिमा के अनुसार उसके पति, जेठ और ससुर परिवार सहित दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं। जबकि नीलिमा अपने 12 वर्षीय पुत्र के साथ यहां घर पर अकेली रहती है। पति से मनमुटाव के कारण नीलिमा के ससुर उसका खर्च वहन करते हैं। नीलिमा के मुताबिक घर में ताला लगाकर वह ससुर से मिलने दिल्ली गई थी। इसी बीच गत 27 जनवरी को उसके पति सुमित मिश्रा, जेठ अनिल मिश्रा तथा एक अन्य रिश्तेदार ने उसके घर का ताला तोड़ दिया और जेवर नगदी साथ ले जाने लगे तभी किसी ने इसकी सूचना मोबाइल फोन से नीलिमा को दे दी। सूचना मिलते ही उसने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। दिल्ली से लौटी नीलिमा ने कोतवाली में तहरीर देकर पति समेत तीनों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग उठाई है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच का विवाद है। उन्होंने चोरी जैसी घटना से इनकार किया है।

### विद्युतकर्मियों के साथ मारपीट, नौ पर मुकदमा दर्ज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में विद्युत विभाग के संविदाकर्मी सोमवार को बकाया भुगतान जमा न करने वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटने के लिए पोल पर चढ़े थे। इसी बीच पड़ोसी का तार गिर गया। इसी बात को लेकर गाली-गलौज के बाद संविदा कर्मचारियों के साथ मारपीट की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। विद्युत उपकेंद्र माखी के राधेश्याम सोनकर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि उच्चधिकारियों के निर्देश पर सोमवार को संविदा कर्मी विभु मिश्रा, राम सिंह व मनोज हुलासखेड़ा गांव राजस्व वसूली व भुगतान जमा न करने वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटने के लिए गए थे। लाइन से तार काटने जा रहे थे तभी अनिल रावत, सुनील रावत पिता जिल्ला व मां सहित पांच अन्य लोगों ने पकड़ लिया और लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे कर्मी घायल हो गए। इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायलों को अस्पताल भेज दिया गया।

### रंग लाया चेयरमैन का प्रयास, जल्द बनेगा मार्ग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष फतेहपुर चौरासी के पत्र का संज्ञान लेकर लोक निर्माण विभाग ने कार्य शुरू कराने को हरी झंडी दे दी है। जल्द ही कार्य शुरू होने की उम्मीद है। बताते चलें कि नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के चेयरमैन मिथलेश जायसवाल ने पिछले जून माह में लोक निर्माण विभाग को पत्राचार के माध्यम से डाक बंगले से सूसूमऊ मार्ग के जीर्ण-शीर्ण होने की जानकारी दी थी तथा उससे नगर पंचायत के छः वार्डों के निवासियों व क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा गांवों के लोगों को थाना मुख्यालय, अस्पताल परिसर व ब्लाक मुख्यालय जाने में समस्या होने की बात से अवगत कराया था। जिसका संज्ञान लेकर लोक निर्माण विभाग ने उक्त मार्ग के निर्माण प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। जेई लोक निर्माण विभाग दीपांशु प्रियदर्शी ने बताया कि फतेहपुर चौरासी में डाक बंगले से सूसूमऊ सम्पर्क मार्ग पर जल्द ही डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

# जमीन पर कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की शिकायत



**▶ फर्जी स्टेडियम बनाने के नाम पर दबंग जमीन पर कर रहे अवैध कब्जा**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में दबंग विपक्षियों द्वारा फर्जी स्टेडियम बनाने के लिए जमीन पर किए जा रहे कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है और जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है आपको बता दे कि सोमवार को रायबरेली जनपद के भदोखर थाना क्षेत्र के खागीपुर सड़वा के रहने वाले दर्जनों ग्रामीणों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दबंगों द्वारा फर्जी स्टेडियम बनाने के लिए जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है और दहशत फैलाई जा रही है जिसको लेकर मामले का शिकायती पत्र संबंधित तहसील व थाना भदोखर में पर दिया गया था। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई दबंग पर किसी तरह की कोई कार्यवाही न होने को लेकर ग्रामीणों ने जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर पूरे मामले का शिकायती पत्र दिया है और कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## मेधावी छात्रों को दी गई छात्रवृत्ति

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत बीघापुर स्थित अशासकीय सहायता प्राप्त कमलापति इंटर कॉलेज में विद्यालय के पूर्व छात्र धर्मेंद्र त्रिवेदी द्वारा चलाई जा रही राम बिहारी त्रिवेदी स्मृति मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कमलापति इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र रहे धर्मेंद्र त्रिवेदी द्वारा अपने पिता की स्मृति में चलाई जा रही राम बिहारी त्रिवेदी स्मृति मेधावी छात्र योजना के तहत प्रति वर्ष की भांति 2024 की छात्रवृत्ति छात्रों को प्रदान की गई। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई ने कहा कि पूर्व छात्र द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजना अनुकरणीय एवं सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पिछले 14 वर्षों से चलाई जारी छात्रवृत्ति योजना से लगभग डेढ़ सौ छात्रों को इसका लाभ मिला है। नरेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि उनका प्रयास है कि मेधावी छात्रों को ज्यादा-ज्यादा प्रोत्साहन मिले और अपना नाम रोशन करें। विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि निश्चित ही धर्मेंद्र त्रिवेदी धन्यवाद के पात्र हैं।

# कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती

**▶ अमित कुमार का प्रवक्ता के पद पर हुआ चयन**

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती यह कहावत इस समय डलमऊ तहसील क्षेत्र के खोदाय पुर बरारा बुजुर्ग के अमित कुमार पर सही बैठती है निर्धन परिवार से आने वाले अमित कुमार ने अपनी अलग पहचान बनाकर कामयाबी की बुलंदियों को हासिल कर दिखाया अपनी कड़ी मेहनत और लगन के चलते शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की और उनका चयन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में प्रवक्ता के पद पर हुआ डलमऊ तहसील क्षेत्र के छोटे से गांव खुर्दपुर में जन्मे अमित कुमार बचपन से ही पढ़ने में बहुत तेज थे उन्होने प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद कक्षा 6 से लेकर 12 तक की पढ़ाई डलमऊ कस्बे की प्रतिष्ठित विद्यालय शांति मनोहर इंटर कॉलेज से की यहां से शिक्षा पूर्ण करने के बाद स्नातक तथा परास नाटक की पढ़ाई कानपुर विश्वविद्यालय से पूरी की अमित कुमार की आर्थिक एवं पारिवारिक स्थिति अच्छी नहीं थी पिता मजदूरी कर घर परिवार और पढ़ाई का खर्च चलाते थे माता ग्रहणी है तीन बहनों में दूसरे नंबर के होने के कारण जिम्मेदारियां का बोझ भी उठाना पढ़ता था। जिम्मेदारी एवं पढ़ाई पर कोई अड़चन न आए इसके लिए सामंजस्य बिठाते हुए उन्होंने जी तोड़ मेहनत की शिक्षा के क्षेत्र में रुचि रखने तथा आगे की पढ़ाई जारी रखी और प्रतियोगी परीक्षाओं मैं भाग लेना जारी रखा कड़ी मेहनत एवं लगन के चलते उनका चयन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मैं प्रवक्ता के पद पर हो गया उन्होंने अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते हुए माता-पिता घर परिवार एवं गुरुजनों का नाम रोशन किया अमित कुमार का चयन प्रवक्ता के पद पर होने पर शांति मनोहर इंटर कॉलेज के प्रबंधक संदीप चौधरी ने फूल माला पहनकर सम्मानित किया तथा विद्यालय परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी विद्यालय प्रबंधक संदीप चौधरी ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता अगर आपका लक्ष्य अटल है तो सफलता आपके कदमों में होगी दृढ़ निश्चय कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से कठिन से कठिन लक्ष्य को भेदा जा सकता है अमित कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं सही मार्गदर्शन देने वाले गुरुजनों को दी।

# माइनर काटने से रोड जलमग्न, स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रायबरेली में सिचाईं विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते स्थानीय लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। विभाग की उदासीनता के चलते हरदासपुर दक्षिणी माइनर कट गई, जिससे पानी रोड पर बहने लगा और कई जगह जलभराव हो गया। मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के छीवलामउ गाँव से होकर गुजरने वाली हरदासपुर माइनर का है जो आज सुबह कट गई है, देखते ही देखते माइनर का पानी सड़क पर बहने लगा जिससे उधर से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

हरदासपुर दक्षिणी माइनर के कटने से रोड जलमग्न हो गई, कई घरों में पानी भर गया। माइनर कटने से किसानों को काफी परेशानी हुई, क्योंकि बेमौसम उनके गेंहू के खेतों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। वही, नंदा के पुरवा के रहने वाले गंगाराम ने बताया कि कई दिनों से नहर कटी है, जिसके कारण रोड पर जल भराव है कोई अभी तक इसको बांधा तक नहीं है।

किसान सुशील सिंह, ने बताया की रोड पर पानी भरा है, आने जाने में बहुत ही दिक्कत हो रही है, जो रोड पर पुलिया बनाई गई हो वह गलत तरीके से बना दी गई है, इसी के कारण पानी रोड पर बह रहा है। इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और कई लोग इसमें गिर भी रहे है। हरचंदपुर के रहने वाले सोहन ने बताया की रोड पर अधिक पानी बहने से आने जाने में बहुत ही दिक्कत हो रही है इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

वहीं, जब इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई तो उन्होंने आश्वासन देते हुए हुए इरिगेशन विभाग के अधिकारियों को फोन करके अवगत कराया है।

## क्षतिग्रस्त पुलिया में जा घुसा ट्रक, चालक सुरक्षित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर खालेगांव के पास महीनों से क्षतिग्रस्त पुलिया में जा घुसा ट्रक, चालक सुरक्षित! जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की ट्रक गाड़ी संख्या रू॥04 ॥ङ्ब2036 अमेठी से राजेश मसाला लेकर मुंबई जा रहा थाद्य जैसे ही वह बछरावां मौरावा मार्ग पर खालेगांव के पास पहुंचा तो वह महीनों से क्षतिग्रस्त पुलिया में पलट गयाद्य ग्रामीणों द्वारा सूचना पर पहुंची पुलिस एवं ग्रामीणों के माध्यम से ट्रक चालक अरबाज निवासी जनपद सुल्तानपुर को सकुशल ट्रक से बाहर निकाला गयाद्य ट्रक चालक की मानी जाए तो उसका कहना है कि वह राजेश मसाला लेकर अमेठी से मुंबई जा रहा था सामने से आ रहे एक ट्रक ने उसकी गाड़ी की तरफ ज्यादा दबा दिया जिसके कारण वह टूटी पुलिया मे जा घुसा और पलट गया।

# गन्ने से लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास पर अनियंत्रित गन्ने से लदा ट्रक पलटा, चालक घायल! जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास पर शेखपुर समोधा के निकट घने कोहरे के चलते गन्ने से लदा अनियंत्रित ट्रक पलट जाने से चालक घायल हो गयाद्य घटना 29 जनवरी सुबह 8ः00 बजे की है। जब ट्रक फतेहपुर जिले से गन्ना लोड कर बाराबंकी जिले के लिए जा रहा था, जैसे ही वह चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर शेखपुर समोधा के निकट पहुंचा, कि घने कोहरे के चलते अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया, और सड़क पर ही पलट गया। गन्ना लोड होने के चलते पुरी रोड पर फैल गया तथा आवागमन भी बाधित हो गया। सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने जेसीबी की मदद से रोड पर फैले पड़े गन्ने के बांधों को किनारे करवा कर, घंटो कड़ी मशक्कत के बाद एन एच आई के हाइड्रा की मदद से ट्रक को सड़क के किनारे करवाया। मौके पर थाना अध्यक्ष विजेंद्र प्रसाद शर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हो पाया।

# सपाइयों ने पीडीए पखवाड़ा के तहत की बैठक



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर बछरावां विधानसभा में पी डी ए पखवाड़ा के तीसरे दिन विधानसभा क्षेत्र के जन पंचायत सेक्टर बावन बुजुर्ग बल्ला एवं दूसरी नगर पंचायत महराजगंज में की गई दोनों जन पंचायत में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव रहे ।वही बूथ के पदाधिकारी कार्यकर्ता नगर नगर के सम्भ्रांत नगरीक उपस्थित रहे। और पी डी ए के प्रति पार्टी के उद्देश्य एवं नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इस मौके पर ओपी यादव एडवोकेट वरिष्ठ सपा नेता हसीन अहमद जिला उपाध्यक्ष जिला सचिव प्रमोद चौधरी वीरेंद्र यादव विजय बहादुर एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामू अनाड़ी जनरल प्रभारी देवता दीन पासवान सोमनाथ वैश्य पूर्व प्रत्याशी महराजगंज सेक्टर प्रभारी इमरान खान 7 सेक्टर प्रभारी अमृतलाल मौर्य कमलाकर विक्रमादित्य एडवोकेट बूथ के पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला महिला अस्पताल की सीएमएस पर लगे गंभीर आरोप

**▶ 10000 लेती हैं डिलीवरी करवाने की : सौरभ सिंह**

**▶ विवादों से पुराना नाता, हमेशा रहती है सुर्खियों में सीएमएस रेनू चौधरी**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली जिला महिला चिकित्सालय में कार्यरत डॉ रेनू चौधरी पर गंभीर आरोप लगाया गया। कहा गया कि इनके द्वारा इलाज के दौरान इन्होंने लापरवाही बरती जिसकी वजह से प्रसूता की जान चली गई।

मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गुल्लूपुर निवासी सौरभ सिंह ने यह आरोप लगाया है कि 11 तारीख को उन्होंने अपनी भाभी को डिलीवरी के लिए रायबरेली के जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां पर डॉ रेनू चौधरी के द्वारा रु. 10000 की मांग की गई और उसके बाद इलाज शुरू किया गया। जिस ऑपरेशन में 10 से 15 मिनट का समय लगता है उस ऑपरेशन को डॉक्टर रेनू चौधरी के द्वारा 2 मिनट में ही कर दिया गया और लापरवाही दिखाते हुए टांका लगा दिया गया जिसकी वजह से महिला की हालत बिगड़ती चली गई। महिला की बिगड़ी हुई हालत को देखकर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां पर क्वीन मैरी अस्पताल के डॉक्टरों के द्वार मरीज की जांच की गई तो उन्होंने पाया कि जहां पर अपने मरीज का ऑपरेशन कराया है वहां पर लापरवाही बरती गई है जिसकी वजह से महिला के पूरे शरीर में इंफेक्शन फैल गया है। क्वीन मैरी के डॉक्टर के द्वारा महिला को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां पर महिला की मौत हो जाती है।

परिजनों का कहना है कि 9 दिन की मासूम बच्ची को लेकर कहां जाएं उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं है उसे न्याय मिलना चाहिए और डॉक्टर रेनू चौधरी के ऊपर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सोनू पुत्र लाला निवासी मोती खेड़ा थाना मौरावा जनपद उन्नाव को कस्बे में स्थित ओवरब्रिज पर किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने उनकी हालत को ठीक देखते हुए उन्हें घर भेज दिया है। लगातार ओवर ब्रिज पर आए दिन हो रहे हादसों से कई लोग निरंतर घायल हो रहे हैं लेकिन जिम्मेदार ऐसी दुर्घटनाओं से बेखबर नजर आ रहे हैं।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी :-

रेलगाड़ी सं. 05001/05002 आजमगढ़-अयोध्या धाम जं.-आजमगढ़ इंटरसिटी विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05001 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05001 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05002 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05002 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:15 | आजमगढ़ | 23:15 | -- |
| 07:15 | 07:20 | मऊ जं. | 22:10 | 22:15 |
| 08:50 | 09:00 | भटनी जं. | 20:50 | 21:00 |
| 10:35 | 10:45 | गोरखपुर जं. | 19:10 | 19:20 |
| 12:45 | 12:47 | मनकापुर जं. | 17:05 | 17:07 |
| 14:00 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 16:10 |

चलने के दिन : 05001 आजमगढ़ से दिनांक 30.01.2024 (मंगलवार) को एवं 05002 अयोध्या धाम जं. से दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को।

स्थान: सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

304/2024

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जिले को मिले 87 लेखपाल, राजस्व मामलों में आएगी तेजी

**▶ लेखपाल भर्ती का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद चयनित लेखपालों की तैनाती हुई शुरू**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले को 87 लेखपाल मिले है, जिनमें 34 महिला लेखपाल भी शामिल हैं। सदर तहसील को 21 लेखपाल तो महराजगंज को 16 लेखपाल तो सलोन को 19 लेखपाल तो डलमऊ को 9 लेखपाल तो ऊँचाहर को 6 लेखपाल तो और लालगंज को 16 लेखपाल मिले है। जिले में लेखपालों की कमी के चलते राजस्व मामलों में काफी शिथिलता आ गई थी। 87 नए लेखपाल मिलने से राजस्व मामलों में तेजी आएगी। सदर तहसील की बात करें तो यहां पर जमीन के मामलों में लगातार विवाद देखने को मिल रहा था।

ऐसा माना जा रहा था कि जमीन के मामलों में लेखपालों द्वारा सक्रियता ना बरते जाने के कारण मारपीट के मामले ज्यादा बढ़ रहे थे। एक लेखपाल के पास दो-दो सर्किल का अतिरिक्त चार्ज रहता था अधिकारियों का भी यही मानना था कि लेखपालों की कमी के चलते राजस्व के मामले सुचारू रूप से नहीं चल रहे हैं। लेखपाल संघ के अध्यक्ष का कहना है की 87 नए लेखपाल के आ जाने से अब हम और सक्रियता से काम कर पाएंगे क्योंकि जिले में एक लेखपाल के ऊपर दो से ज्यादा क्षेत्र का कार्य भार है। एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी ने बताया कि जिले में अभी तक 57 प्रतिशत लेखपाल थे । अब 77 प्रतिशत लेखपाल कार्यरत होंगे। 31 जनवरी तक सभी नए लेखपालों की तैनाती कर दी जाएगी। वही सदर एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हमें 21 लेखपाल मिले हैं। जिनका पुलिस वेरिफिकेशन करके तुरंत उनको तैनाती दी जाएगी और जो लेखपाल मिले हैं, इनसे राजस्व कार्य में तेजी आएगी।

# जिले में प्रियंका सिंह 'जूही' का हुआ जोरदार स्वागत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिले में लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया ने सपा से प्रियंका सिंह जूही को उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा का महासचिव बनाया गया है। जिसको लेकर रायबरेली शहर स्थित सपा कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। आपको बता दे कि रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सुपरमार्केट स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष की अगुवाई में समाजवादी पार्टी की उत्तर प्रदेश की महिला सभा की महासचिव के पद पर प्रियंका सिंह उर्फ जूही सिंह को निर्वाचित किए जाने को लेकर सम्मान समारोह के कार्यक्रम आयोजन किया गया है जिसमें सैकड़ो महिलाओं ने जूही सिंह को पुष्पगुच्छ व माला पहनाकर कर बधाई दी गई नवनिर्वाचित महिला महासभा की उत्तर प्रदेश महासचिव जूही सिंह ने कहा कि वह हमेशा महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ती चली आ रही हैं। इसी उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन को लेकर सपा के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा इस पद पर नामित किया गया है।पद की गरिमा बनाए रखने के लिए वह महिलाओं के हक के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी। जूही सिंह मूलतः शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के ही रहने वाली हैं जिनको आज उत्तर प्रदेश का सपा में महिला मोर्चा के महासचिव पद पर नामित किया गया है।

## चुनावी साल में अंतरिम बजट से उम्मीदें

एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की तैयारियों का अंतिम चरण 24 जनवरी को हलवा वितरण समारोह के साथ आरंभ हुआ। पिछले तीन पूर्ण बजट की तरह नया अंतरिम बजट भी पूरी तरह से पेपरलेस होगा। वस्तुतः इस समय पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री के द्वारा पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट की ओर लगी हुई हैं। वस्तुतः देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यतया अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है। लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोक लुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं। निःसंदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा और आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में लोक लुभावन बड़ी घोषणाएं की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्व प्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका है। जहां पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने हुए हैं, वहीं आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपए के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। निःसंदेह वित्तमंत्री के मुट्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा वित्तमंत्री के पास कुछ और अनुकूलताएं भी हैं, जिनके मद्देनजर वे उपयुक्त जरूरी राहत दे सकती हैं। इस वित्त वर्ष 2023-24 में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए वे अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक जीडीपी के 5.9 तक नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं।

# जंगलराज से बिहार का बचाव

**बिहार को परिवारवाद के वर्चस्व की तरफ बढ़ने से रोक दिया। कर्पूरी ठाकुर परिवारवाद और भ्रष्टाचार के घोर विरोधी थे। वह जिस झोपड़ी में जन्मे थे, वही जीवन के अंत तक उनकी संपत्ति थी। जबकि वह दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री, एक बार उप मुख्यमंत्री, एक बार सांसद बने। दशकों तक विधायक रहे। वह उस समय जनसंघ के सहयोग से ही मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बने थे। आज नरेन्द्र मोदी सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान दिया है। उनके विचारों को भी सम्मान दिया है। बिहार को राजद के परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बचाने का कार्य किया है। रजातिगत जनगणना के बाद से लालू यादव का नीतीश पर मुख्यमंत्री पद छोड़ने का दबाव ज्यादा बढ़ गया था, क्योंकि जातिगत जनगणना से उनका एमवाई समीकरण मजबूत दिखाई दे रहा था। नीतीश कमजोर दिखाई देने लगे थे।**



**भाजपा के साथ केंद्र में मैत्रीपूर्ण फिर मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी सुशासन बाबू की छवि बनी थी। वह छवि राजद से हाथ मिलाते ही चौपट हो गई। नीतीश को अपनी धूमिल हो चुकी छवि को संवारने का एक और अवसर मिला है। बिहार की राजनीति में भाजपा और राजद दो विपरीत ध्रुव हैं। भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा और कैडर आधारित पार्टी है। दूसरी तरफ राजद परिवार आधारित पार्टी है। इसके संस्थापक मुख्यमंत्री रहते हुए ही घोटालों के सरताज बने। उस समय उनके पुत्र छोटे थे। इसलिए अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था। लालू यादव आज भी वहीं है। अब उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता। छोटे पुत्र तेजस्वी बड़े हो गए। नीतीश कुमार को वही डील कर रहे थे। कहने को तेजस्वी उपमुख्यमंत्री थे।**

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

यह सही है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के अनेक नेताओं ने नीतीश कुमार के लिए पार्टी के दरवाजे बंद रखने का ऐलान किया था। यह नीतीश के परिवारवाद और घोटाले के आरोपों से घिरी राजद के पाले में जाने के बाद लिया गया था। लेकिन आज उसी बिहार को परिवारवाद, भ्रष्टाचार घोटालों से बचाने के लिए भाजपा को निर्णय बदलना पड़ा। यह निर्णय उस विचार के अनुरूप है कि राष्ट्र और जनहित पहले, पार्टी बाद में। बिहार का हित इसी में था। भाजपा ने भारत रत्न से विभूषित कर्पूरी ठाकुर के विचारों पर अमल किया।

बिहार को परिवारवाद के वर्चस्व की तरफ बढ़ने से रोक दिया। कर्पूरी ठाकुर परिवारवाद और भ्रष्टाचार के घोर विरोधी थे। वह जिस झोपड़ी में जन्मे थे, वही जीवन के अंत तक उनकी संपत्ति थी। जबकि वह दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री, एक बार उप मुख्यमंत्री, एक बार सांसद बने। दशकों तक विधायक रहे। वह उस समय जनसंघ के सहयोग से ही मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बने थे। आज नरेन्द्र मोदी सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान दिया है। उनके विचारों को भी सम्मान दिया है। बिहार को राजद के परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बचाने का कार्य किया है। राजद प्रमुख अपने पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नीतीश पर निर्णायक दबाव बना चुके थे। जातिगत जनगणना के बाद से लालू यादव का नीतीश पर मुख्यमंत्री पद छोड़ने का दबाव ज्यादा बढ़ गया था, क्योंकि जातिगत जनगणना से उनका एमवाई समीकरण मजबूत दिखाई दे रहा था। दूसरी तरफ नीतीश कमजोर दिखाई देने लगे थे। नीतीश कुमार को आत्मचिंतन अवश्य करना चाहिए।

भाजपा के साथ केंद्र में मैत्रीपूर्ण फिर मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी सुशासन बाबू की छवि बनी थी। वह छवि राजद से हाथ मिलाते ही चौपट हो गई। नीतीश को अपनी धूमिल हो चुकी छवि को संवारने का एक और अवसर मिला है। बिहार की राजनीति में भाजपा और राजद दो विपरीत ध्रुव हैं। भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा और कैडर आधारित पार्टी है। दूसरी तरफ राजद परिवार आधारित पार्टी है। इसके संस्थापक मुख्यमंत्री रहते हुए ही घोटालों के सरताज बने। उस समय उनके पुत्र छोटे थे। इसलिए अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था। लालू यादव आज भी वहीं है। अब उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता। छोटे पुत्र तेजस्वी बड़े हो गए। नीतीश कुमार को वही डील कर रहे थे। कहने को तेजस्वी उपमुख्यमंत्री थे। लेकिन नीतीश के मुकाबले लगभग दो गुना संख्याबल था। ऐसी सरकारें खास अंदाज में चलती हैं। मुख्यमंत्री को अपने उप मुख्यमंत्री की कृपा पर निर्भर रहना पड़ता था। भाजपा और जेडीयू की बात अलग थी। दोनों ने मिलकर चुनाव था। गठबंधन के नेता नीतीश कुमार थे। उन्हीं को भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इसी गठबंधन को जनादेश मिला था। इसमें भी जेडीयू का संख्याबल भाजपा से कम था। लेकिन भाजपा ने जनादेश का सम्मान किया।

नीतीश के नेतृत्व में सरकार को जन आकांक्षा के अनुरूप चलाया जा रहा था। राजद का पूरा कुनबा ही घोटालों के आरोप में घिरा है। नीतीश ने जब पहली बार पाला बदल कर राजद के साथ सरकार बनाई थी, तब भी राजद ने अपनी मूल प्रकृति का परित्याग नहीं किया। उस सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे। उनके बड़े भाई स्वास्थ्य मंत्री थे। दोनों मिल कर लालू यादव की विरासत को बढ़ाने जुटे थे। सुशासन बाबू यह देख कर बेचैन हो गए थे। उन्हें लगा भाजपा के साथ रहकर जो छवि निर्मित हुई थी, सब तार-तार हुई जा रही है।

इसलिए नीतीश कुमार उस गठबंधन से पीछा छुड़ाकर भाजपा में वापस आ गए थे। नीतीश और लालू परिवार के बीच फिर अमर्यादित आरोपों की बौछार शुरू हो गई थी। ऐसा लगा जैसे नीतीश अब कभी लालू के कुनबे की तरफ पलट कर नहीं देखेंगे। लेकिन फिर बेतलवा डाल पर की कहावत चरितार्थ हुई थी। फिर हमप्याला हो गए। मगर इस बार राजद ने अपरोक्ष रूप में नीतीश कुमार को औकात बता दी और यह संदेश दिया कि उन्हें राजद के हिसाब से ही सरकार चलानी होगी। नीतीश ने भी इस संदेश को शिरोधार्य कर लिया।

नीतीश को शुरुआत में ही बता दिया गया राजद कोटे के मंत्रियों पर लगे आरोपों पर वह मौन रहेंगे। सरकार में बिहार में नए कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह को लेकर विवाद शुरू हो गया था। इस पर नीतीश कुमार पूरी तरह लाचार दिखाई दिए। तब नीतीश ने कहा कि विवादित या आरोपी मंत्रियों पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव निर्णय लेंगे। बार-बार पाला बदलने के बाद नीतीश कुमार में इतना भी नैतिक साहस नहीं बचा था। उन्होंने मान लिया था कि राजद कोटे के सभी मंत्रियों के लिए तेजस्वी ही अघोषित मुख्यमंत्री हैं। नीतीश केवल अपनी कुर्सी और अपनी पार्टी के मंत्रियों के क्रियाकलाप देखेंगे। इसलिए नीतीश कुमार ने कहा कि कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह पर लगे आरोपों के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं थी। जबकि उनके खिलाफ अपहरण के एक मामले पर कोर्ट ने वारंट जारी किया था। यह अकेला मामला नहीं था। नीतीश सरकार में आधा दर्जन से ज्यादा क्रिमिनल और हिस्ट्रीशीटर शामिल थे। राजद की समस्या यह थी कि वह अच्छी छवि वाले विधायक लाए भी कहां से। इस पार्टी में ऐसे लोगों का ही वर्चस्व है। राजग में शामिल होना नीतीश कुमार के लिए प्रायश्चित की तरह है।

## विचार

# कांग्रेस को झटका देने की तैयारी में नजर आ रहे हैं अखिलेश

अजय कुमार

**अखिलेश की बातों से लग रहा है कि वह भी नीतीश कुमार और ममता बनर्जी की तरह इंडी गठबंधन से दूरी बनाने का फैसला कभी भी ले सकते हैं, लेकिन अखिलेश ने अभी तक इंडी गठबंधन के खिलाफ मुंह नहीं खोला है। अखिलेश यादव यह जरूर कह रहे हैं कि कांग्रेस को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। ममता बनर्जी को मनाएं और साथ में लें। साथ ही छोटे-छोटे दलों को भी साथ में रखें।**

अखिलेश यादव कई बार इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर अपनी निराशा जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने साफ कह दिया कि नीतीश की पहल पर ये गठबंधन बना था लेकिन कांग्रेस ने इसे लेकर कोई तत्परता नहीं दिखाई। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि वह जनवरी के अंत तक गठबंधन में सीटों का बंटवारा कर देंगे। अखिलेश ने ऐसा किया भी। गत सप्ताह के अंत में उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके कहा कि कांग्रेस को 11 सीटें देने के साथ समझौता हो गया है, लेकिन इसके तत्काल बाद ही कांग्रेस की प्रतिक्रिया आई और उसने साफ कह दिया कि वह इतनी सीटों पर राजी नहीं है। अब आगे क्या होगा, यह भी जल्द तय हो जायेगा। यदि कांग्रेस इतने पर नहीं मानी तो यूपी में भी इंडी गठबंधन टूट सकता है।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करने के लिए बना इंडी गठबंधन उत्तर भारत में हासिये पर पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल और बिहार में इंडी गठबंधन की 'रीढ़' टूट चुकी है। आम आदमी पार्टी का रुख भी पंजाब को लेकर ऐसा ही नजर आ रहा है। अब बस उत्तर प्रदेश बचा है, लेकिन यहां भी हालात बहुत अच्छे नहीं हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी कांग्रेस के ढुलमुल रवैये से असहज महसूस कर रहे हैं। वहीं बसपा तो बाहर थी ही। बात जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की कि जाये तो अखिलेश ने उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सात लोकसभा सीटें समझौते के तहत दे दी हैं। इसी के साथ समाजवादी पार्टी ने अपने हिस्से की भी करीब-करीब सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की तलाश तेज कर दी है। कुछ सीटों पर उम्मीदवार तय भी हो गये हैं। इंडी गठबंधन का हाल यह है कि यूपी में समाजवादी पार्टी ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से किनारा करके पीडीए यात्रा चला रखी है। उन्हें लगता है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगी। हालात यह हैं कि समाजवादी पार्टी ने यहां तक घोषणा कर दी है कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश से गुजरने के दौरान पार्टी नेता उसमें शिरकत नहीं करेंगे।

अखिलेश की बातों से लग रहा है कि वह भी नीतीश कुमार और ममता बनर्जी की तरह इंडी गठबंधन से दूरी बनाने का फैसला कभी भी ले सकते हैं, लेकिन अखिलेश ने अभी तक इंडी गठबंधन के खिलाफ मुंह नहीं खोला है। अखिलेश यादव यह जरूर कह रहे हैं कि कांग्रेस को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। ममता बनर्जी को मनाएं और साथ में लें। साथ ही छोटे-छोटे दलों को भी साथ में रखें। नीतीश के इंडी गठबंधन से बाहर जाने से अखिलेश थोड़ा असहज जरूर हैं, लेकिन उनके पारिवारिक संबंध लालू के परिवार से होने के कारण वह (अखिलेश) नीतीश के साथ खड़ा नजर नहीं आना चाहते हैं। परंतु ममता बनर्जी का इंडी गठबंधन से दूरी बनाना अखिलेश को बिल्कुल भी रास नहीं आ रहा है। इसकी वजह ममता बनर्जी और अखिलेश के बीच अच्छी कैमिस्ट्री होना है।

दरअसल, अखिलेश यादव कई बार इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर अपनी निराशा जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने साफ कह दिया कि नीतीश की पहल पर ये गठबंधन बना था लेकिन कांग्रेस ने इसे लेकर कोई तत्परता नहीं दिखाई। अगर नीतीश इंडिया गठबंधन में रहते तो प्रधानमंत्री बन सकते थे। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन का जब ऐलान हुआ तो यूपी से राष्ट्रीय लोकदल के साथ समाजवादी पार्टी इसमें शामिल हुई थी, लेकिन समय बीतने के साथ कांग्रेस और अखिलेश यादव के रिश्ते बिगड़ते गए।

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनावों में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच तनातनी सब ने देखी थी। बात लोकसभा चुनाव की कि जाये तो चुनाव में अब तीन महीने का समय बचा है, लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फार्मूला भी तय नहीं हो पा रहा है। दरअसल कांग्रेस चाहती है कि यूपी में 2009 के उसके प्रदर्शन के आधार पर उसे सीटें दी जाएं, जबकि अखिलेश इस पर राजी नहीं हैं। सपा की तरफ से पहले ही संदेश दिया जा चुका है कि यूपी में वह ही प्रमुख विपक्षी पार्टी है और जो भी सीटें दी जाएंगीं, वह उसे अपने पास से ही देगी। दूसरी तरफ यूपी कांग्रेस का रुख भी समाजवादी पार्टी से अलग अपनी राह बनाने का दिख रहा है। वह सपा के कंधे पर रख कर बंदूक चलाना चाहती है। हाल यह है कि एक तरफ कांग्रेस में प्रदेश भर में यात्राएं कर जनाधार मजबूत करने की कवायद चल रही है, वहीं दूसरी तरफ अयोध्या में सरयू स्नान के जरिये भी संदेश देने की कोशिश की गयी। वहीं सपा और कांग्रेस के बीच एक-दूसरे के लिए तल्ख बयानबाजी भी सामने आ रही है।

पार्टी के नेताओं द्वारा कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाये जा रहे हैं, हालांकि अखिलेश यादव सीधे-सीधे कुछ भी कहने से बचते रहे हैं। कुल मिलाकर अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की ताजा स्थिति का लेकर कांग्रेस को ही कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहल पर भी गठबंधन को बनाया गया था, लेकिन पहली बैठक में ही कांग्रेस ज्यादा तत्पर नहीं दिखी। हालांकि अखिलेश यादव ने ये भी साफ कर दिया है कि वह प्रधानमंत्री पद की रेस में नहीं हैं, लेकिन यूपी में कांग्रेस के राहुल गांधी के साथ वह प्रचार करेंगे या नहीं इस पर उन्होंने बात समय पर छोड़ दी है। बात यूपी में गठबंधन की सियासत की करते हुए पिछले कुछ वर्षों में लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि यूपी में बीजेपी के खिलाफ गठबंधन होता रहता है।

## भारत का एहसान भूल रहा मालदीव

चीन की उल्फत में डूब कर भारत के विरोध में उतरे मालदीव के एहसान फरामोश हुक्मरानों को भारतीय सेना के उन शूरवीर पैरा कमांडोज व नौसेना तथा वायुसेना का मरहून-ए-मिन्नत रहना होगा जिन्होंने सन् 1988 में मालदीव में तख्तापलट के मंसूबों को ध्वस्त करके वहां जम्हूरियत को दोबारा कायम कर दिया था 'आपरेशन कैक्टस' भारतीय सेना की दास्तान-ए-शुजात की वो जांबाजी जब हिंदोस्तान के रणबांकुरों ने जोखिम भरे सैन्य आपरेशन को अंजाम देकर मालदीव को आंतकियों से मुक्त कराया था।

देश के प्रथम 'परमवीर चक्र' विजेता हिमाचल प्रदेश के मेजर 'सोमनाथ शर्मा' के भाई जनरल 'वीएन शर्मा' सन् 1988 में भारतीय थलसेना के प्रमुख थे। उस वक्त श्रीलंका के आतंकी समूह 'पीपल लिबरेशन ऑफ तमिल ईलम' के लड़ाकों ने पर्यटकों का भेष धारण करके समंदर में बसे देश मालदीव पर हमला करके वहां तख्तापलट को अंजाम दे दिया था। आतंकियों के घेरे में फंस चुके मालदीव के तत्कालीन राष्ट्रपति 'मौमून अब्दुल गयूम' ने अपने मुल्क को उस आतंकी हमले से बचाने के लिए अमरीका, ब्रिटेन व मलेशिया जैसे कई देशों से मदद की गुहार लगाई, मगर मालदीव के एयरपोर्ट, टीवी टावर व रेडियो स्टेशन जैसे बुनियादी ढांचे पर कब्जा कर चुके आतंकियों का मुकाबला करने की जहमत किसी भी मुल्क ने नहीं उठाई थी। आतंकियों के तर्जुमान पाकिस्तान से भी मालदीव ने मदद के लिए राफ्ता किया था, मगर निराशा हाथ लगी। जब अब्दुल गयूम के लिए सवाल मालदीव की इज्जत-ए-नफ्ज का बना, तब ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री 'मारग्रेट थैचर' ने मालदीव को भारत से मदद मांगने का मशविरा दे डाला था। आखिर मालदीव के सदर मौमून अब्दुल गयूम की गुजारिश पर भारत की तत्कालीन हुकूमत व भारतीय सेना हरकत में आई। मालदीव को उस आतंकी हमले से आजाद कराने के लिए भारतीय सेना ने 'आपरेशन कैक्टस' लॉंच किया।

सेना की 50वीं 'पैराशूट ब्रिगेड' व 'छह पैराशूट' यूनिट तथा '17वीं पैराशूट फील्ड रेजिमेंट' के जवान ब्रिगेडियर 'फारूक बुलसारा' की कमान में तीन नवंबर 1988 की रात को मालदीव के 'हुलहुले' एयरपोर्ट पर उतरे तथा समुद्री रास्ते से मालदीव की राजधानी 'माले' पहुंचे। भीषण गोलीबारी में 19 आतंकियों को हलाक करके भारतीय कमांडोज ने मालदीव में आतंकी तख्तापलट की मंसूबाबंदी को नाकाम करके राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम व उप रक्षामंत्री 'इल्यास इब्राहिम' सहित कई लोगों को 18 घंटों के भीतर सुरक्षित निकाल लिया था। ऑपरेशन कैक्टस की कामयाबी के पीछे भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल वीएन शर्मा की माकूल रणनीति व ब्रिगेडियर 'फारूक बुलसारा' का उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व तथा सैनिकों का अदम्य साहस शामिल था। आपरेशन कैक्टस में भारतीय जांबाज कंमाडोज के साथ भारतीय नौसेना व वायुसेना ने भी अहम किरदार अदा किया था। नौसेना के आईएनएस 'गोदावरी' व बेतवा भी समंदर में सक्रिय थे। भारतीय सैनिकों के खौफ से मालदीव में तख्तापलट का मुख्य साजिशकर्ता 'अब्दुल्ला लुतूफी' एक समुद्री जहाज को अगवा करके फरार हो रहा था। उसे भारतीय नेवी ने हिरासत में लेकर मालदीव की हुकूमत के हवाले कर दिया था। भारतीय पैराशूट रेजिमेंट के जवानों ने आतंकियों पर इतना माकूल प्रहार किया था कि मालदीव में आतंकी हमला या तख्तापलट की हिमाकत दोबारा नहीं हुई।

मौजूदा दौर में भारत का एहसान भूलकर मालदीव चर्चा का मरकज बना हुआ है। हाल ही में चीन समर्थक 'मोहम्मद मुइज्जु' मालदीव के राष्ट्रपति चुने गए हैं। मालदीव में इक्तदार हासिल करते ही चीन की आस्तीन में बैठकर भारत विरोधी रुख अख्तियार करके मो. मुइज्जु भारत को आंख दिखा रहा है, लेकिन 35 वर्ष पूर्व मालदीव की हुकूमत पर जब तख्तापलट की गर्दिश के बादल मंडरा चुके थे, यदि उस वक्त भारतीय सेना ने मालदीव को बचाने का साहस न किया होता तो शायद पर्यटन के लिए मशहूर मालदीव आतंकियों की दारुल हुकूमत बन जाता।



## राशिफल

**मेषः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**बृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिकः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्टा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

# आत्मनिर्भरता और एक प्रतीक है चरखा

**महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी पर विशेष)**

**सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था-सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा- जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा चरखा- जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया। गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी।**

योगेश कुमार गोयल

दो अक्टूबर1869 को पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी जीवनभर देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान से पूरी दुनिया सुपरिचित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक महात्मा गांधी की मंगलवार को 76वीं पुण्यतिथि है। उनकी 30 जनवरी, 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कई किताबें लिखीं, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं।



सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था-सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा- जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा चरखा- जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया। गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था।

महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। ऐसे कई किस्से भी सामने आते हैं, जिससे उनकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता की स्पष्ट झलक मिलती है। एक बार महात्मा गांधी सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। सरोजिनी नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। सरोजिनी नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ीं और कहने लगीं, 'आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौन से हाथ में पकड़ा जाता है?' इस पर बापू ने जवाब दिया, 'आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता।

अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?' जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का अब बिल्कुल सही मौका है और इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए उन्हें इस समय देश में बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ देना चाहिए।

दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आंदोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और इस प्रकार अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करने पर बड़ी आसानी से विवश किया जा सकेगा। जब यही बात गांधी जी के सामने उठाई गई तो उन्होंने अंग्रेजों की मजबूरी से फायदा उठाने से इनकार कर दिया। हालांकि उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफ गांधी जी ने आंदोलन तो जरूर चलाया लेकिन उनका वह आंदोलन सामूहिक न होकर व्यक्तिगत स्तर पर किया गया आंदोलन ही था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों व कर्मचारियों की बैठक सम्पन्न

▸ पं दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में आयोजित की गई बैठक



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों, कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में संपन्न हुई। जिसमें आगामी आंदोलन में भागीदारी करने हेतु एक के साथ पांच लोगों को सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, इंजीनियर शफी उल्ला, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात पटेरिया, मंत्री जमील अहमद, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हेमंत पाठक, ननकावन तिवारी, शैक्षणिक महासंघ के बेनी प्रसाद यादव, विष्णु गुप्ता, कृषि विभाग के अधीनस्थ कृषि सेवा संघ से हरि प्रकाश नामदेव, जितेंद्र राठौर, सिंचाई विभाग से राजेंद्र कुमार मिश्रा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के चंद्रभान शर्मा, महिला स्वास्थ्य से गीता द्विवेदी, अशोक मिश्रा, बीडी शुक्ला, परिवहन से रिजवान आदि जनपद के 40 संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग कर अपने विचार रखे।

इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के महामंत्री बीके तिवारी ने कहा कि कर्मचारियों को मांगों के प्रति सजग रहकर संगठन के निर्णय का ईमानदारी से पालन करना होगा। चूंकि सरकार समझ चुकी है कि कर्मचारी समाज मांगों के प्रति गंभीर नही है जिसे समाप्त करने हेतु कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों, कर्मचारियों के बीच जाकर जन जागरण कार्यक्रम प्रारम्भ करें। वहीं ओपी सिंह, रामसजीवन गुप्ता, जगदीश कुमार आदि ने कहा कि पेंशनर संगठन आपके साथ है। अपने अस्तित्व की रक्षा करने हेतु सभी प्रकार के मतभेद भुलाकर एक हो जाएं। नेता द्वेय ने चेताया कि जब अस्तित्व ही नही रहेगा तो आपका क्या होगा।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने की।

# आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जिले में चाक चौबंद सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है।

पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। आमजन को आश्वस्त कराया गया कि पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में 225 वाहनों के ई-चालान किये गये ।

# गोवंश संवर्धन की बैठक में पशु आश्रय को दुरुस्त रखने के निर्देश

▸ पशुपालन के लिए किसानों को ऋण उपलब्ध कराने को कहा



**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में एसडीएम डा. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संवर्धन एवं शीत ऋतु बचाव के लिए तहसील स्तरीय टास्क समिति की बैठक हुई।

नगरीय क्षेत्र की कान्हा गोशाला एवं ग्राम स्तरीय पशु आश्रय को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। वही नगरपालिका परिषद चरखारी व नगर पंचायत खरेला से टास्क फोर्स की बैठक में उपस्थित न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। टास्क फोर्स की बैठक में गोवंश को शीत ऋतु से बचाव हेतु पर्याप्त मात्रा में अलाव जलवाने, साफ सफाई व्यवस्था, हरा चारा भूसा, पानी आदि की व्यवस्था के, वही मृत गोवंश सुचारू रूप से निस्तारण के निर्देश दिए गए। सीबीओ डा. जेपी सिंह ने कहा कि किसानों की दोहरी आय के लिए क्रेडिट कार्ड धारक किसानों को पशुपालन हेतु भैंस पालन में तीस हजार रूपए व गाय पालन में बीस हजार रुपए तक रुपए की ऋण की व्यवस्था है। जरुरतमंद किसानों को इस योजना से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए।

टास्क फोर्स की बैठक में सीओ उमेश चंद्र, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमडी सिंह राजपूत, तहसीलदार रामानंद मिश्रा, एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी, पशु चिकित्सा अधिकारी खरेला सुरेंद्र सिंह, ऐंचाना प्रभारी डा. भगत सिंह, ग्राम पंचायत सचिव रमेश गुप्ता,सुऐब दुर्रानी, सतीश वर्मा, सुहेल दुर्रानी, शिवांक यादव, हिमांशु अग्रवाल, आदित्य सिंह,शादाब रजा खांन आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### रुद्राभिषेक एवं परिवार मिलन समारोह आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** चकरनगर विकास खण्ड के चंबल वैली में स्थित भरेश्वर महादेव मंदिर परिसर मे भारत विकास परिषद रुद्राभिषेक एवं परिवार मिलन समारोह कार्य क्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा उपस्थिति रहे। भारत विकास परिषद रुद्र अभिषेक एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन स्व श्री राम किशोर गुप्ता जी की स्मृति में कृष्ण कुमार गुप्ता बब्लू सदस्य भाविप ने आयोजित कराया जिसमे विशिष्ट अतिथि नीलाम राय वर्मा व डा रमेश चंद शुक्ला की गरिमामई उपस्थिति में हुआ। इस कार्य क्रम में मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम राष्ट्रीय गीत के साथ शुरुआत की व भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को पटका व तिलक बंधन करके स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने महिलाओं को प्रतीक चिन्ह भेंट किया जिन महिलाओं ने राखी पर पुलिस कर्मियों को राखी बांधी थी।इस कार्यक्रम के आयोजक श्री कृष्ण कुमार गुप्ता और भारत विकास परिषद ने पहले भरेश्वर महा देव का रुद्र अभिषेक करा कर भंडारा भी किया। इस अवसर पर भरेश्वर महादेव मंदिर के महंत चंबल गिरि ने इस कार्य क्रम की सराहना की और कहा ऐसे कार्य क्रम वो भी भरेश्वर महादेव के दरबार में होने से भारी सुख की अनुभूति हो रही है।

### नेत्र चिकित्सा शिविर का जरूरतमंदों ने उठाया लाभ



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** इकदिल के ग्राम मेढ़ीदुधी में स्व.रामवती व राम सनेही पाठक की पुण्य स्मृति में एवं परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया इसके साथ ही 300 लोगों को विभिन्न रोगों से सम्बन्धित परामर्श दिया गया और निशुल्क दवा वितरित की गयी। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति शर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत शर्मा, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशू दुबे आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट, उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, संरक्षक मेजर पांडेय, ब्रजेश मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित, जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी, डॉ. सुमित नारायण मिश्रा, अमित तिवारीतिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम संयोजक मुकेश दीक्षित प्रदेश सचिव, स्वदेश दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कोटेदार पर धांधली का आरोप लगा डीएम को सौंपा पत्र



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कोटेदार गरीबों का खाद्यान हजम करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कोटेदार की मनमानी से त्रस्त ग्रामसभा भुलसी के ग्रामीणों ने सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंच डीएम को पत्र सौंपा। कोटेदार पर धांधली का आरोप लगाते हुए जांच कर कोटा निरस्त कर वोटिंग कराकर नवीन कोटा आवंटित करने की मांग की है। नाराज ग्रामीणों ने कहा कि भुलसी गांव का कोटेदार कर्ण सिंह की मनमानी से जनता आजिज आ चुकी है लेकिन भयवस कोई आवाज नहीं उठा रहा है। सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से गरीबों को हर माह पूरा खाद्यान नहीं मिल रहा है। गरीब जनता में वितरित होने वाल खाद्यान को कोटेदार हजम कर जा रहा है। गरीबों का अंगूठा लगवा लिया जाता है लेकिन खाद्यान यूनिट से कम दिया जाता है। जब कार्ड धारक राशन कम देने का कारण पूछते हैं तो आगबबूला हुआ कोटेदार विवाद करने पर उतारु हो जाता है। उन्होंने बीते त्यौहार में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में आए रिफाइंड को ग्रामीणों को ना देकर ब्लैक में बेचने का कोटेदार पर आरोप लगाया है।

### पांच बीघे जमीन पर अवैध कब्जा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** ग्राम समाज की करीब पांच बीघा भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप ग्राम प्रधान ने लगाया है। इस जमीन पर अंत्येष्टि स्थल के लिए एक बीघा भूमि भू माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराने की डीएम से गुहार लगाई है। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में प्रधान लल्लू राम ने बताया कि ग्राम पंचायत भुलसी में अंत्येष्टि स्थल की सख्त आवश्यकता है। जिसके लिए भूमि प्रबंध समिति ने ग्राम समाज की भूमि चिन्हित कर लेखपाल से भूमि की नापजोख कराई व लगभग एक बीघा भूमि पर अंत्येष्टि स्थल का प्रस्ताव स्वीकृत करने के बाद कार्य भी प्रारंभ करा दिया गया। किंतु करन सिंह, भीम सिंह, राजू सेंगर, लवकुश सिंह, लाखन सिंह व बाबा सिंह आदि ने आपत्ति जता काम रुकवा दिया है। प्रधान का आरोप है कि ग्राम समाज की लगभग 5 बीघा भूमि पर गांव के इन लोगों का अवैध कब्जा है जिसमें फसल उगा रहे हैं। जिसकी शिकायत एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों से कई बार की व डीपीआरओ के कहने पर सिसोलर थाने में आरोरियों के विरुद्ध शिकायती पत्र सौंपा। लेकिन इनके रसूख के आगे असफल दिखाई दे रहे है। पत्र में उन्होंने ग्राम समाज की भूमि को कब्जे से मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

# किसानों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, मांगा मुआवजा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

बीते एक माह से भीषण सर्दी एवं कोहरा रहने के कारण मटर तथा चना की फसलों को बर्बाद होता देखकर किसानों में भारी चिंताएं सता रही है।

किसानों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर बीमा से कृषकों को क्षति पूर्ति दिलाए जाने की मांग की है। कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के जैतपुर ब्लाक अंतर्गत न्याय पंचायत लाड़पुर क्षेत्र के किसानों व प्रधानों शिवकुमारी, गुमान सिंह, कौशल्या, प्रेमचन्द्र, मनोज कुमार, उमा यादव, नरेन्द्र यादव, किसान सुम्मेर, हरी, खेमराज पाल, दशरथ, शिवकुमार, गयाप्रसाद, कालका प्रसाद, चेतराम साहू, रामकिशोर आदि लगभग एक सैकड़ा किसानों के प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को देते हुए कहा है कि बीते एक माह से भीषण सर्दी एवं कोहरा बना रहने के कारण न्याय पंचायत लाड़पुर क्षेत्र के किसानों की चना, मटर की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। फूल बर्बाद हो जाने से भारी नुक़सान होने की संभावना बनी हुई है।

श्उन्होंने कहा कि अपनी फसलों को देखकर किसानों में गहरी चिंता बनी हुई है। अगर किसानों की भरपाई नहीं की जाती, तो किसान बर्बाद हो जाएंगे। उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ से सर्वे कराकर फसली बीमा से किसानों को क्षति पूर्ति दिलाए जाने की मांग की है।यही हाल अन्य जगहों पर है और किसानों ने फसलों का सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के इंगोहटा गांव में रविवार की रात आटो चालक ने अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंगोहटा निवासी शिवशंकर का पुत्र आटो चालक रामतोला उर्फ हनुमान दीक्षित 45 वर्ष अज्ञात कारणों के चलते रविवार की रात को फंदा लगा लिया। परिजनों की नजर पहुंचने के पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी आरती, पुत्री रोशनी 13 वर्ष, वंशु 6 वर्ष सहित भाई मुन्ना, रामभरोसे, छोटू को रोता बिलखता छोड़ गया है। बड़े भाई रामभरोसे ने बताया कि हनुमान तीसरे नंबर का भाई था। किन कारणों से फंदा लगाया जानकारी नहीं है।थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# नव भारतीय किसान संगठन ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर नव भारतीय किसान संगठन( अराजनैतिक ) के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट गोल चबूतरे में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया कि पूरे प्रदेश का किसान विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों से जूझ रहा है। किसानों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए इसका हल निकाला जाना अति आवश्यक है। कहा कि एमएसपी पर कानून बनाया जाए। पूरे देश के किसानों को कर्ज मुक्त किया जाएं, दोबारा कर्ज लेने पर कानून के तहत वसूली की जाए। किसानों की खेती को मनरेगा से जोड़ा जाए। मनरेगा में काम करते समय किसान की दुर्घटना मृत्यु होती है तो उसके परिवार को 5 लाख का मुआवजा दिया जाए। किसानों के बच्चों को स्नातक तक शिक्षा मुफ्त दिलाई जाए। फसलों का समर्थन मूल्य लागू किया जाए। किसानों का गन्ना मूल्य बढ़ाया जाए। वरिष्ठ किसानों को 5000 प्रति माह पेंशन दिलाई जाने आदि मांगे शामिल है। इस मौके पर बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

### दो सौ मीटर सड़क नहीं बनने से आवागमन बाधित

**पौथिया (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** दो सौ मीटर सड़क बनाना ठेकेदार भूल गए। पिछले दो माह से ललपुरा से कलौलीजार तक जाने वाला संपर्क मार्ग खुदा पड़ा है। ललपुरा गांव से कलौलीजार सम्पर्क मार्ग दो किलोमीटर लम्बे समय से जर्जर है। दो माह पहले ठेकेदार ने सड़क बनवाई थी, लेकिन घटिया निर्माण कार्य के दौरान फिर से सड़क जगह-जगह उखड़ गई है। वहीं ललपुरा गांव के नजदीक सौ मीटर सीसी सड़क बनाने के लिए ठेकेदार ने छोड़ दिया था। दो माह बीत गए और अभी तक आरसीसी सड़क नहीं बनाई गई। गांव निवासी बीरबहादुर, श्यामबाबू, दीपू कल्लू, गोरे सिंह आदि लोगों ने बताया सड़क बनाने के बाद ठेकेदार सीसी सड़क बनाना भूल गया है। लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### शान्तनु सिनसिनवार बने सुमेरपुर के बीडीओ

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के अनुमोदन पर सीडीओ ने जनपद के सभी ब्लॉकों में तैनात खंड विकास अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया। मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ने सोमवार को जारी किए आदेश में सुमेरपुर की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर शान्तनू सिनसिनवार को सौंपी है। गोपाल यादव को गोहाण्ड का बीडीओ बनाया गया है। विपिन कुमार को मौदहा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव को कुरारा की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। प्रमेंद्र कुमार पांडे को राठ के साथ मुस्करा का बीडीओ बनाया गया है। दिव्या त्रिपाठी को सरीला भेजा गया है।

# पूर्व चैयरमैन मैयाराम समर्थकों के साथ सपा में शामिल




**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अगुवाई में कुरारा के पूर्व चेयरमैन मैयाराम वर्मा ने सैकड़ों समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि इनके सपा में शामिल होने से लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी। मैयाराम वर्मा लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह भाजपा और संघ के पदाधिकारी रहे हैं। उनकी बहुजन समाज के वोटरों में अच्छी पकड़ बताई जा रही है। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष इदरीश खान, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र वर्मा, पुशेन्द सिंह, धीरेंद्र शुक्ला, महेंद्र, डॉ पिंटू सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जर्जर भवनों में संचालित हो रहे पशु सेवा केंद्र

## फोन के जरिए इलाज को बुलाना पड़ रहा पशु चिकित्सकों को

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों में पशु सेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन इनमें जर्जर भवन होने से पशु चिकित्सक सेवाएं देने में परहेज कर रहे हैं। पशुपालकों को पशुओं के इलाज के लिए चिकित्सकों को दूरभाष के माध्यम से बुलाना पड़ता है।

क्षेत्र की झलोखर ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत के जर्जर भवन में पशु सेवा केंद्र संचालित है जो पूरी तरह से जर्जर है वही बरसाती दिनों में पशु चिकित्सक बैठने से परहेज करते हैं। बेरी गांव में पंचायत भवन में बैठकर पशु चिकित्सक पशुओं का इलाज कर रहे हैं। बेरी गांव में तैनात पशु चिकित्सक विक्रम सिंह ने बताया कि पशु पालन विभाग का कोई भवन न होने से पंचायत भवन में ही बैठकर पशुओं का उपचार करते हैं। वहीं पारा गांव में क्षेत्र पंचायत से बनाई गई दुकानों में से एक छोटे से कमरे में चल रहा है। गांव के कृष्ण कुमार द्विवेदी, बलराम , सरबदन आदि ने बताया कि पशु सेवा केंद्र नाम का ही है। पशुओं के बीमार होने पर दूरभाष के माध्यम से पशु चिकित्सक को बुलाना पड़ता है। कई पशुपालकों को प्राइवेट पशु चिकित्सक से उपचार करवाना पड़ रहा है। जिससे अच्छा खासा प्राइवेट चिकित्सकों को पैसा देना पड़ता है। क्षेत्र में कुरारा, मिश्रीपुर, हमीरपुर सदर में पशु चिकित्सालय संचालित है। पशु चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती है लेकिन स्टाफ की कमी से क्षेत्र के पशु सेवा केंद्रों का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है ।

# अपना सुधार करना ही संसार की सबसे बड़ी सेवा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




गायत्री परिवार की ओर से आयोजित चार दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवम् 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन पूर्णाहुति में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे टोली नायक राजेंद्र दुबे ने कहा कि मनुष्य जीवन का सुधार अर्थात अपना सुधार करना ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है।

उन्होंने मानव जीवन को उच्चतम शिखर पर ले जाने के कई सरल मार्ग बताए। कहा गुरू भक्ति से मानव के जीवन की दिशा और दशा संवर जाती है और ईश्वर भक्ति करने से जीवन का कष्ट चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो अत्यंत ही छोटा महसूस होने लगता है। अंशदान और समयदान के लिए श्रोताओं को युग निर्माण योजना में इसका महत्व समझाया। विभिन्न संस्कार नामकरण, विद्या आरंभ, दीक्षा संस्कार, पुंसवन आदि संपन्न हुए।

संगीत में धर्मेंद्र ने सुंदर गीतों से सबको गुरू भक्ति मय बना दिया। कार्यक्रम में संयुक्त रूप से गायत्री मंत्र चादर ओढाकर, चित्र, बैच आदि सभी कार्य कर्ताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर में प्रभारी उमेश शुक्ल, बलदेव यादव, भगवती प्रसाद, केके द्विवेदी. गौरीश, शीतल दीक्षित, राजू वार्षेय, महिला मंडल कामिनी निगम, नीलाम, किरण, कंचन गुप्ता, अर्चना, विमला गुप्ता, चंद्र शोभा, बिट्टो सिंह, दीक्षा, गीता, निशी, प्रियंका, समस्त गुरुकुलम परिवार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रागनी ने मारी बाजी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूजद्ध।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में सोमवार को प्राचार्य डॉ0 राजकुमार के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शालिनी व लवकुश कुमार के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा अभियान के मासिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।जिसमें दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की निर्णायक समिति में डॉ0 अशोक बाबू तथा डॉ ज्योति यादव ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रागनी को, द्वितीय स्थान निशा को तथा तृतीय स्थान रोशनी यादव को दिया। इस अवसर पर डॉ0 सबा कौसर, डॉ0 अशोक बाबू, मृदुलता सोनकर, नरेश कुमार, डॉ0 ज्योति यादव, प्रतिमा चौहान, प्रतिभा ज्ञानवती आदि उपस्थित रही।

# इनामिया अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस ने इनामिया गैगस्टर आरोपी को गिरफ्तार किया।

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटी/वांछित/इनामिया अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर गैगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र जयकृष्ण को सेगर नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

इस सफलता में राजकुमार थानाध्यक्ष बकेवर, हे.का. कुलदीप सिंह, का. भूपेन्द्र कुमार, का. अंकित चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

# समारोह में चित्रकला प्रवक्ता सहित शिक्षक हुए सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट इटावा द्वारा सुदिति ग्लोबल एकेडमी में आयोजित शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह में चित्रकला प्रवक्ता व शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट इटावा द्वारा आयोजित समारोह में इस्लामिया इंटर कालेज के चित्रकला प्रवक्ता व अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय से एमएफए इन पेंटिंग एवं पीजी डिप्लोमा इन एपलायड आर्ट सैयद अली साबिर अलीगढ़, चौधरी जवाहर सिंह इंटर कालेज सुतियानी ताखा के सहायक अध्यापक चित्रकला व बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय से एमएफए इन म्यूरल एवं पीएचडी की उपाधि से सम्मानित डा. सुरजन प्रसाद, श्री बिहारी जी इंटर कालेज अहेरीपुर के सहायक अध्यापक चित्रकला व बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय से एमएफए इन एपलायड आर्ट सतीश कुमार, डायट इटावा के चित्रकला प्रवक्ता व बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय से एमएफए इन मूर्तिकला आनन्द कुमार, श्री ज्ञान चन्द्र वैद्य इंटर कालेज इकदिल के सहायक अध्यापक चित्रकला व अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय से एमएफए इन पेंटिंग सोमेश कुमार शर्मा आदि को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डीआईओएस मनोज कुमार, विशिष्ट अतिथि एआरटीओ ब्रजेश कुमार, बीडीओ, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, प्रबन्धक, प्रधानाचार्य सहित उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला एवं प्रदेश स्तरीय नेता मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब महामंत्री के भाई का निधन, अखिलेश यादव ने जताया शोक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** प्रेस क्लब इटावा के महामंत्री विशुन कुमार के बड़े भाई कृष्ण कुमार 66 का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। श्री कुमार के निधन पर तमाम पत्रकार और राजनेताओं ने गहरा दुख प्रकट किया है। लखनऊ से भेजे अपने शोक संदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रेस क्लब इटावा के महामंत्री विशुन कुमार के बड़े भाई कृष्ण कुमार के निधन पर गहरा शोक जताया है। अखिलेश यादव ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। स्व. ज्ञान सिंह यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता जी मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाते थे।

# माशिसं शर्मा गुट की जिला कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के वार्षिक निर्वाचन में राजीव कुमार गोयल को जिलाध्यक्ष तथा देवेश शर्मा को जिला मंत्री निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी जगदीश नारायण त्रिपाठी एवं प्रदेशीय मंत्री कवि डॉ.कमलेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर उन्होंने इटावा जनपद का निर्वाचन अधिकारी होने के नाते संघ के संविधान का पालन करते हुए इटावा की नवीन जिला कार्यकारिणी का विधिवत निर्वाचन संपन्न कराया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ इटावा की नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी संलग्न परिणाम पत्र के अनुसार निम्न है एक-एक जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री, कोषाध्यक्ष तथा आय व्यय निरीक्षक एवं 6-6 उपाध्यक्ष व संयुक्त मंत्री, 15 सदस्यीय कार्यकारिणी तथा 13 प्रदेशीय प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किए गए हैं।रिक्त पदों पर नियुक्ति का अधिकार नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दिया गया जो अपनी पहली बैठक में रिक्त पद भर लेगी। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गोयल, जिला मंत्री देवेश कुमार शर्मा,कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार,आय व्यय निरीक्षक भगवान दास ÷प्रशांत÷, उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र कुमार दीक्षित, प्रमोद शाक्य,सोबरन सिंह, पंकज दीक्षित,दिनेश बाबू वर्मा एवं नीतू वर्मा रही वहीं संयुक्त मंत्री पद पर मुकेश बाबू अग्निहोत्री, अरुण कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार यादव,विपिन कुमार, अजय विक्रम सिंह एवं श्रीमती बिंदु सहित सदस्य कार्यकारिणी में शाहनवाज अतहर, प्रियांक मिश्रा, सुधाकर शर्मा, राहुल दुबे, सुभाष चंद्र जायसवाल, अतुल कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, अभिषेक तिवारी, जयशरण, सिद्धार्थ कुमार दीक्षित, रमाकांत मौर्य, गौरव वशिष्ठ, श्रीमती रीता, शिव प्रबल प्रताप राव एवं एक पद रिक्त,प्रदेशीय प्रतिनिधि में कवि कमलेश शर्मा, राजीव कुमार गोयल, देवेंद्र शर्मा, नरेंद्र कुमार भगवान दास, सुरेंद्र कुमार दीक्षित, दिनेश बाबू वर्मा, पंकज दीक्षित, प्रमोद शाक्य,अजय विक्रम सिंह, अरुण कुमार शर्मा, दयानिधि चौबे, नाहर सिंह उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में विकसित हो रहा अयोध्या : डिप्टी सीएम

- प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार केंद्र में भाजपा की बनेगी सरकार

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा की पत्नी राममूर्ति देवी वर्मा के निधन पर सोमवार को आयोजित बारहवीं भोज कार्यक्रम में भाग लेने सूबे के डिप्टी सीएम समेत दर्जनों मंत्री, सांसदों और विधायकों का यहां जुटान रहा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिवंगत श्रीमती राममूर्ति देवी को श्रद्धा प्रसून समर्पित करने के बाद कहा, इस दुख की घड़ी में पूरी पार्टी सांसद के साथ खड़ी है। पत्रकारों द्वारा अयोध्या को लेकर पूछे गए सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि अयोध्या वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में विकसित हो रहा है।

क्षेत्रीय सांसद और एमएसएमई राज्यमंत्री भारत सरकार भानुप्रताप सिंह वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राममूर्ति देवी वर्मा का गत 18 जनवरी को निधन हो गया था। सोमवार को महंतनगर हाटा स्थित कान्हा गोशाला के पास प्रार्थना सभाध् बारहवीं भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें तमाम नेता, सांसद, विधायक और अधिकारियों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी यहां निर्धारित समय से करीब 2 घंटे देरी से पहुंचे और दिवंगत श्रीमती राममूर्ति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मशांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा, दुख की इस घड़ी में वह तथा उनकी पूरी पार्टी सांसद के साथ खड़ी होकर उनके दुख में सहभागी हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में अयोध्या को लेकर कहा कि आज की अयोध्या अब पहले वाली अयोध्या नहीं रही, अब अयोध्या वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में विकसित हो रही है। लोग देख रहे हैं कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद वहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अंतरराष्ट्रीय मानकों का रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड विकसित हो रहे हैं। सभी सड़कों को फोरलेन किया जा रहा है। प्राइवेट सेक्टर के बड़े बड़े लोग वहां फाइव स्टार होटल बनाने को उत्सुक हैं।

रामायण से जुड़ा संग्रहालय बनाया जा रहा है। सीएए के सवाल पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक लहर चल रही है। आम गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सरकार कामयाब रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतेगी और प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा, विपक्ष के पास अब कुछ बचा नहीं है।

# इन्वर्टर से निकली चिंगारी से दुकान हुई राख

- मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी ने आग पर पाया काबू

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**



आग से खाक हुयी कबाड़ की दुकान।

इन्वर्टर से निकली चिंगारी से कबाड़ की दुकान में आग लग गई। आग लगने के कारण दुकान में रखा तकरीबन एक लाख रुपये का कबाड़ का सामान व गल्ला आदि जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी फीरोज पुत्र फैजान की औरैया मार्ग पर चुंगी नंबर चार के पास कबाड़ की दुकान है। रविवार की शाम वह दुकान बंद कर घर चला गया। रात करीब नौ बजे अचानक इंवर्टर से निकली चिंगारी से उसकी दुकान में आग लग गई। दुकान के पास से निकल रहे राहगीरों ने आग लगने की जानकारी दुकानदार को दी। आग लगने की सूचना पर पूरा परिवार मौके पर पहुंच गया और दमकल को सूचना देकर आग बुझाने का प्रयास करने लगा। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस व दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दमकल ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखा तकरीबन एक लाख रुपये का कबाड़ का सामान व गल्ला आदि जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग लगने के कारण दुकान के पीछे बंधे मवेशियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। फीरोज ने बताया कि उनकी दुकान में आग इंवर्टर से हुई स्पार्किंग के चलते लगी। आग लगने के कारण लगभग एक लाख रुपये का प्लास्टिक, लोहा, टीन, बाल, गल्ला आदि जलकर राख हो गया है।

# युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप, पुलिस मौके पर पहुंची

- पुलिस आसपास क्षेत्र में शव की शिनाख्त करने का प्रयास करती रही लेकिन समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी शिनाख्त

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमरसेना और गुरावती के बीच नहर में 35 वर्षीय युवक का अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सोमवार की सुबह कोतवाली के ग्राम चमरसेना व गुरावती के बीच स्थित कुठौंद शाख नहर पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर इंस्पेक्टर क्राइम ब्रजेश बहादुर सिंह, भेड़ चौकी इंचार्ज रिंकू चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि जिस किसी भी व्यक्ति का शव है वह देखने से मानसिक रूप से कमजोर प्रतीत हो रहा है। पुल के नीचे काई जमी हुई है हो सकता है काई पर पैल फिसल कर ही वह गहरे पानी में डूब गया हो। फिलहाल पुलिस आसपास क्षेत्र में शव की शिनाख्त करने का काफी प्रयास करती रही लेकिन समाचार लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो सकी।

# चुनाव में गड़बड़ी रोकने के लिए संदिग्ध होंगे चिन्हित

- संदिग्ध गतिविधियां नजर आने पर तत्काल पुलिस को दें सूचना
- चुनावों में अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करें और मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**



सीओ रामसिंह।

लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी दिखाने लगा है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में गतिविधियों पर पैनी नजर रखना शुरू कर दिया है और लोगों से संदिग्ध गतिविधि दिखने पर इसकी जानकारी देने की अपील की है। सीओ रामसिंह व कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने नगर व क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी न होने पाए इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी फैलाने वालो को चिन्हित किया जा रहा है और उन पर नजर रखी जाएगी। कोई भी व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया प्रभावित न करने पाए, इसके लिए प्रयास चल रहा है।

कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित कर लिया गया है साथ ही संदिग्धों की भी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि अगर उनके आसपास कोई संदिग्ध गतिविधियां चल रही है तो इसकी जानकारी पुलिस को अवश्य दें। इसकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी साथ ही संदिग्धों की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव को लेकर अनावश्यक वाद विवाद न करें। चुनावों में अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करें और आसपास के लोगों को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

# स्वास्थ्य मंत्री के न पहुंचने पर अधिकारियों ने ली राहत की सांस

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय सांसद और केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा की दिवंगत पत्नी के बारहवीं भोज कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ बृजेश पाठक का पहले से तयशुदा कार्यक्रम में अचानक संशोधन हो जाने से उनका सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का निरीक्षण करने का कार्यक्रम निरस्त हो गया जिसके चलते विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों ने एक राहत की साँस ली। रविवार को उप मुख्यमंत्री का पहले 11.30 बजे हेलिकॉप्टर से आगमन होने का कार्यक्रम जारी हुआ था जिसको लेकर एमपीडीसी कॉलिज के मैदान में हैलीपेड भी बनाया जाने लगा था। कोंच आगमन पर उप मुख्यमंत्री सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 11.40 बजे निरीक्षण हेतु जाने वाले थे। निरीक्षण को लेकर स्वास्थ्य केंद्र में तमाम तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रहीं थीं। स्वयं सीएमओ एक-एक तैयारी पर पैनी नजर रख रहे थे। वहीं सोमवार को अचानक से उप मुख्यमंत्री के तयशुदा कार्यक्रम में संशोधन हो गया और वह हेलिकॉप्टर के बजाए कार से शाम करीब 3 बजे कोंच आए और वह सीधे बारहवीं भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री के आगमन की विभागीय अधिकारी पल पल की लोकेशन लेते हुए देखे गए और उनके निरीक्षण करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र न पहुंचने पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

# निपुण भारत मिशन में नुक्कड़-नाटक का हुआ प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज।**

**उरई (जालौन)।** सूचना जनसम्पर्क विभाग द्वारा पंजीकृत दल लोक कला नाट्य दल द्वारा, बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से निपुण भारत मिशन पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन आज गणेश मंदिर के समीप हुआ। जिसमें निपुण भारत मिशन, दीक्षा एप्प, स्विप्ट चैट एप, डीबीटी, ऑपरेशन कायाकल्प, समर्थ और शारदा कार्यक्रम के बारे में बताया गया। कलाकारों मे अनुराग कुशवाहा, सुनील, गोलू, केशव नागर, राजकुमारी द्वारा कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गय। विद्यालय से कार्यक्रम के नोडल एसआरजी अभिलाष तिवारी, कुलदीप शर्मा, संध्या, गायत्री, शाबिआ आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बूथ समिति की बैठक सम्पन्न

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** आगामी लोकसभा 2024 के मद्देनजर विधानसभा सदर बलरामपुर के कुबेरमती इंटर कालेज श्रीदत्तगंज में मण्डल बूथ समिति व पन्ना प्रमुख का सत्यापन कराने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया ,बैठक में सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी व सदस्य व आई टी प्रभारी सम्मिलित हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिगुणायक ने बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर श्रीदत्तगंज मण्डल लोकसभा सभा चुनाव के मद्देनजर बूथ को मजबूत करने के लिए समितियो का बैठक कुबेरमती इंटर कालेज में किया गया जिसमें संगठन के मृतक ,निष्क्रिय व बाहर रहने वाले पदाधिकारियों के सम्बंध में चर्चा हुआ। मण्डल अध्यक्ष ने शक्ति केंद्र प्रभारियों को बूथ को मजबूत व शशक्त बनाने का आवाहन किया।इस अवसर पर आई टी सेल के आदेश वर्मा राधेश्याम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### लोहे के सामान से भरी पिकअप बगैर कागजात के पकड़ी

**जालौन (उरई)।** परिवहन की टीम ने सोमवार की सुबह चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने लोहे के सामान से भरी ओवरलोड पिकअप को पकड़ा। जिस पर जुर्माना लगाया गया। एआरटीओ सुरेश कुमार की टीम ने सोमवार की सुबह ओवरलोडिगं के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से लोहे के सामान से भरी पिकअप को पकड़ लिया। पिकअप के चालक से टीम ने गाड़ी के आवश्यक कागजात मांगे। जिस पर चालक टीम को जरुरी कागजात नहीं दिखा पाया। जिसके चलते परिवहन विभाग की टीम ने पिकअप को कोतवाली में खड़ा करा दिया है और उस पर 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### मां ने शराब पीने को नहीं दिए रुपए तो बेटे ने की मारपीट

**जालौन (उरई)।** शराब के नशे में रुपये मांग रहे बेटे को रुपये न देना मां को मंहगा पड़ा। बेटे ने मां के साथ मारपीट कर न सिर्फ उसे घायल कर दिया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी रानी पत्नी छिंगोले ने बताया कि उनका बेटा सुमित गलत संगत में पड़कर नशे का आदी हो गया है। रविवार की रात वह शराब पीकर घर आ गया। नशे की हालत में उसने 10 हजार रुपये की मांग की। जब उन्होंने कहा कि उसकी नशे की आदतों के लिए उनके पास रुपये नहीं हैं। वह भी नशा छोड़कर घर के खर्चों में हाथ बंटाए। इससे नाराज होकर उसने गाली, गलौज करते हुए लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**जालौन (उरई)।** बच्चों के विवाद को लेकर दो लोगों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान में बच्चों के बीच विवाद हो गया था। बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर उनके परिजन इंद्रपाल व सुनील के बीच कहासुनी होने लगी। इसी दौरान दोनों में गाली, गलौज व मारपीट होने लगी। जब वहां मौजूद लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास किया तो कोई भी समझने को तैयार नहीं हुआ।

# जिले में 116 नवनियुक्त राजस्व लेखपालों की हुई तैनाती

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिले में 116 नये राजस्व लेखपालों की तैनाती हो गई है। जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने नवनियुक्त लेखपालों को तहसील आवंटित कर दिया है।

यह जानकारी देते हुए डीएम श्री अरविन्द सिंह ने बताया कि जिले में 116 नये राजस्व लेखपालों की तैनाती हुई है जिनमें से 33 लेखपालों को तहसील सदर, 40 लेखपालों को तहसील तुलसीपुर तथा 43 लेखपालों को तहसील उतरौला आवंटितकी गई है। बताते चलें कि जिले में पहले से 190 राजस्व लेखपाल तैनात हैं जिसमें तहसील सदर में 43, तुलसीपुर में 73 तथा तहसील उतरौला में 74 राजस्व लेखपाल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि नये लेखपालों की तैनाती से जिले में लेखपालो की संख्या 306 हो गई है जिसमें तहसील सदर में लेखपालों की संख्या 76, उतरौला में 114 तथा तहसील तुलसीपुर में लेखपालों की संख्या 106 हो गई है। नये लेखपालों की तैनाती से जिले में पदों के सापेक्ष 82 प्रतिशत लेखपालों की तैनाती हो गई है। उन्होंने कहा कि नये लेखपालों की तैनाती से राजस्व कार्यों में वृहद स्तर पर तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि तीनों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों को निर्देशित है किया गया है कि वे नवनियुक्त लेखपालों से चरित्र प्रमाण पत्र एवं स्वस्थता प्रमाण पत्र आदि अन्य आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर नियुक्ति समबन्धी कार्यवाही पूर्ण कराएं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में सौ जोड़ों की हुई शादी

**कोन, समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय विकास खण्ड के गैवन्ती देवी इंटर कालेज मे सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह खण्ड विकास अधिकारी नितिन कुमार के देखरेख मे क्षेत्र के सौ जोडे का धूमधाम से विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्व एम एल सी जयप्रकाश चतुर्वेदी व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख रुबी मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चार के साथ विवाह का कार्यक्रम शुरुआत हुआ। पूरे विवाह कार्यक्रम मे मुख्य यजमान के तौर पर श्रीमती मिश्रा ने सभी जोडो को आशिर्वाद दी, श्री चतुर्वेदी ने जोडो को आशिर्वाद देते हुये कहा कि योगी जी के सरकार मे गरीब कन्याओं की शादी भी सरकार द्वारा धूमधाम से कराया जा रहा है। क्षेत्र मे सामुहिक शादी को लेकर लोगों मे काफी उत्साह देखा गया आस पडोस के सैकड़ों महिलाओं ने मौके पर पहुंच मंगल गीत गायी, खण्ड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने बताया की सभी 100 जोडो की शादी सकुशल सम्पन्न हो गया सभी को शासन द्वारा निर्धारित आभूषण व वस्त्र मुहैया कराया गया। सकुशल शादी संपन्न कराने के लिए दो दिनों से तैयारियां की जा रही थी। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से बीडीओ नितिन कुमार, एडीओ महीपाल लाकरा, रत्नेश पाण्डेय, प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार जायसवाल, सुजीत यादव, संतोष पासवान,राजनारायण भारती, सुशील चतुर्वेदी ,सुशील जायसवाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नहीं रहे बाबू जे.पी. तिवारी लोगों में शोक की लहर

**चोपन,/सोनभद्र।** रविवार की देर रात स्थानीय अवकाश नगर निवासी 95 वर्षीय बाबूजी जे.पी. तिवारी ( जनार्दन प्रसाद तिवारी) ने अपने परिवार के बीच अंतिम सांस ली। पूर्व मध्य रेलवे चोपन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर पद से करीब तीन दशक पूर्व वर्ष 1990 में सेवानिवृत्त होने वाले स्व.तिवारी जी अपने सरल स्वभाव और कठोर अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व के कारण समाज में अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे। पूरे सेवा काल में आपने रेलवे को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवायें दी। आपके तीन पुत्रों में ज्येष्ठ पुत्र ओम प्रकाश तिवारी जहां रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी तो हैं वहीं द्वितीय पुत्र संतोष कुमार तिवारी स्थानीय रेल कर्मचारी इंटर मीडिएट कालेज चोपन में शिक्षक और छोटे पुत्र सुनील तिवारी जनपद के वरिष्ठ पत्रकार और डी डी न्यूज़ सोनभद्र के संवाददाता हैं।

# शहीद के परिजनों को विहिप नेता ने राम मंदिर दर्शन की दी प्रवेशिका

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

- दोनों परिजनों की आंखों में छलके खुशी के आंसू

कारसेवा में शहीद हुए तहसील क्षेत्र के दो कारसेवकों के परिजनों को आयोध्या में राममंदिर के दर्शन के लिए प्रवेशिका दी है। जिसके माध्यम से उन्हें अयोध्या में रामलला के दर्शन करने और रहने खाने में दिक्कत नहीं होगी। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान अयोध्या में हुई कारसेवा के दौरान तहसील क्षेत्र के ग्राम गिधौसा निवासी साधु तुलसीराम प्रजापति गोली लगने से शहीद हो गए थे एवं धंतौली निवासी पुत्तू सिंह शिलालेख उखड़ते समय शिलालेख समेत जमीन पर आ गिरे थे और शिलालेख के नीचे आकर उनके प्राण चले गए थे। दोनों शहीद कारसेवकों के परिजन आयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या नहीं पहुंच सके थे। अब उन्हें आयोध्या में आसानी से रामलला के दर्शन कराने और उनके रहने खाने की व्यवस्था के लिए विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने उन्हें प्रवेशिका दी है। विहिप जिला मंत्री आचार्य तेजस ने गिधौसा में रामकृष्ण प्रजापति व कृष्ण कुमार प्रजापति एवं धंतौली में कुशलपाल सिंह व नन्हेराजा को प्रवेशिका देकर बताया कि प्रवेशिका के माध्यम से उन्हें दर्शन में कोई दिक्कत नहीं होगी और उनके रहने व खाने का भी प्रबंध किया जाएगा।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सांसद पकौड़ी लाल कोल को एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों की ठहराव व नए ट्रेनों की चलाये जाने की मांग को लेकर मंडल अध्यक्ष सुमित सोनी ने सांसद पकौड़ी लाल कोल को ज्ञापन सौंपा है। सांसद को दिए ज्ञापन में अवगत कराया कि आदिवासी बाहुल्य तहसील मुख्यालय दुद्धी जनपद सोनभद्र में कोरोना काल के पूर्व ट्रेनों का ठहराव होता था,जिससे गरीब आदिवासियों को जिला मुख्यालय,विन्धयाचल मंडल समेत लखनऊ राजधानी का आवागमन सुलभता से उपलब्ध था किंतु कोरोना काल से बंद हुई ट्रेनों का संचालन पुनः शुरू नही करने से गरीब आदिवासियों को गंतव्य तक जाने आने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ट्रेन संख्या 12873 व 12874 झारखण्ड स्वर्ण जयंती एक्स्प्रेस को दुद्धी स्टेशन पर ठहराव,ट्रैन संख्या 3603 बरवाडीह चुनार पैसेंजर का पुनः संचालन ,ट्रैन संख्या 13025 भोपाल हावड़ा का ठहराव दुद्धी स्टेशन पर किये जाने,रांची-चोपन को वाया अयोध्या लखनऊ जंक्शन तक चलाये जाने,कोरोना काल से बंद पड़ी त्रिवेणी एक्सप्रेस के स्थान पर नई ट्रेनें शुरू करने की मांग की हैं।

**नाराजगी** | अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने का सर्वसम्मति से लिया निर्णय

# तहसीलदार उतरौला के रवैये से नाराज वकीलों ने की आम सभा की बैठक

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



तहसीलदार उतरौला शैलेश चन्द्र के द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता पूर्ण व्यवहार करने व न्यायालय पर न्यायिक कार्य में की जा रही लापरवाही से नाराज़ वकीलों ने आम सभा की बैठक करके उनके न्यायालय पर न्यायिक कार्य का बहिष्कार अनिश्चित काल तक करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने तहसीलदार विरोधी नारे लगाते हुए एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि तहसीलदार उतरौला का व्यवहार वकीलों के प्रति ठीक नहीं रहा। तहसीलदार उतरौला शैलेश चन्द्र के उतरौला में तैनाती के बाद अक्सर वकीलों के आवेदन पर समुचित आदेश पारित नहीं करते हैं वहीं न्यायालय पर न्यायिक कार्य करते समय वकीलों की बातें न सुनकर मनमाना कार्यवाही करते हैं। तमाम अधिवक्ता उनके रवैए से काफी नाराज़ रहते हैं। तहसीलदार उतरौला की तमाम शिकायत मिलने पर सोमवार को आम सभा की बैठक अधिवक्ता संघ उतरौला भवन में बुलाई गई। बैठक में तहसीलदार उतरौला के न्यायिक कार्य व प्रशासनिक कार्य की शिकायत अधिवक्ताओं ने की। इस पर अधिवक्ताओं ने उनके न्यायालय पर न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। उसके बाद अधिवक्ताओं ने उनके विरोध में नारे लगाते हुए एसडीएम उतरौला को ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने प्रशासन को चेतावनी दी कि तहसीलदार उतरौला के खिलाफ कार्रवाई होने तक उनके न्यायालय पर अनिश्चितकालीन तक अधिवक्ता कार्य नहीं करेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**उरई (जालौन)।** प्रभारी सचिव, सिविल जज सीडि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गजेन्द्र सिंह ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च 2024 शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद की समस्त दीवानी न्यायालयों में किया जायेगा। जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक, दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों, मुकदमा, श्रम वाद, विद्युत एवं जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एनआई एक्ट के अन्तर्गत चौक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे।

## गरीब कन्याओं का विवाह कार्यक्रम 31 जनवरी को

**दुद्धी, सोनभद्र।** दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह 31 जनवरी को डिग्री कॉलेज के मैदान पर होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बीडीओ हेमंत सिंह ने बताया कि दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के करीब 101 कन्याओं की सूची मिल गई हैं जबकि अभी कई फार्मो की जाँच चल रहीं हैं। उन्होंने बताया कि दुद्धी ब्लॉक से लगभग 120-125 जोड़ों की शादी प्रस्तावित हैं। इसी क्रम में सोमवार को बीडीओ हेमंत सिंह ने एडिओ पंचायत रविदत्त मिश्रा के साथ डिग्री कॉलेज में बन रहें शादी मंडप स्थल का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिया। शादी के मद्देनजर दुद्धी डिग्री कॉलेज में टेंट पंडाल लगाने का काम शुरू हो गया हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर सरकार द्वारा 51 हजार रूपये की राशि खर्च की जाती जिसमें 35 हजार कन्या के खाते में तथा 10 हजार रूपये वर्तन व ज़ेवर आदि पर खर्च किए जाते हैं।


**कार्यालय ग्रा0पं0 बेला सराय गजा वि0ख0 शमशाबाद, फरु0**

पत्रांकः 04/ ग्रा0पं0/एस.एल.डब्लू.एम./टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 29/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस.एल.डब्लू.एम. योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेला सराय गजा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 30/01/2024 से 04/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1- | आर0आर0सी0 केंद्र का निर्माण कार्य (एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र) | 3,57 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सविता मिश्रा) ग्रा0पं0 बेला सराय गजा, शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

# डीएम व एसपी ने जिला कारागार की परखी व्यवस्थाएं

**कारागार का निरीक्षण कर दिए, आवश्यक निर्देश**

**कन्नौज, जलालाबाद। समृद्धि न्यूज**

**सोमवार** को अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में डीएम शुभांत शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्ध बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछतॉछ की। जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरें आदि की क्रियाशीलता को देखा गया। अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराये जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने व उनकी प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये। चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिश्चित करें। कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कारागार में प्रवेश करने वाले सभी आगन्तुकों की सघनतापूर्वक विशेष सतर्कता से तलाशी कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बंदियों को ठण्ड से बचाने हेतु अलाव की व्यवस्था करने व उनकों कम्बल आदि दिलाये जाने के निर्देश दिये गए। महिला बैरक में निरीक्षण के दौरान जनपदीय अधिकारियों द्वारा महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को टॉफी, बिस्कुट, चाकलेट आदि वितरित किया। जिसे पाकर बच्चों में उत्साह देखा गया। इस मौके पर जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल आशा देवी पाण्डेय, उपकारापाल उर्मिला सिंह, चिकित्साधिकारी डा. इफ्राक हुसैन, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डर कुलदीप कुमार सहित सभी प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।






# तिरपाल फाड़कर दो ट्रकों से 18 बोरी चीनी चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गुजरात जा** रहे दो ट्रक चालकों ने भोजन करने के लिये ढाबे पर रात में अपने-अपने ट्रक रोक। सुबह जानकारी हुई कि दोनों ट्रकों के तिरपाल फाड़कर 18 बोरी चीनी चोरी कर ली गयी है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार ट्रक चालक महेंद्र पुत्र गोपीराम व चालक नंदाराम गूजर पुत्र गोपाललाल निवासी राजस्थान तेहडी विराट नगर जयपुर दो ट्रकों पर निगाह लखीमपुर से 840 पैकेट चीनी लादकर गुजरात के मोद्रा लेकर जा रहे थे। बीती रात लगभग 10 बजे इटावा-बरेली हाईवे कोतवाली मोहम्मदाबाद के बाबा नीव करोरी ढाबा पर वह खाना खाने के लिए रुके। दोनों चालकों का कहना है कि ढाबे पर खाना खाने के बाद दोनों वहीं सो गये। सुबह आठ बजे जब तिरपाल देखा तो दोनों ट्रकों का तिरपाल फटा हुआ था। चालक महेंद्र के ट्रक से 10 पैकेट व चालक नंदाराम के ट्रक से आठ बोरी चीनी तिरपाल फाड़कर निकाल ली गयी। मामले की सूचना होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल की और ढाबे के चौकीदार को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।




फटा तिरपाल जहां से चोरी की गयी चीनी — समृद्धि न्यूज

# टैम्पो व आटो चालक निर्धारित मानक के अनुरूप ही सवारियां बैठाएं: आफाक खान

**यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, ओवरलोड वाहनों के किए गये चालान**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 प्रियंका बाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खान ने टीम के साथ तिर्वा रोड पाल चौराहे के निकट ओवरलोडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया।

वाहन चेकिंग अभियान में ऑटो में ओवरलोड सवारियां बैठाने वाले वाहनों को रोककर चालान किये गए। साथ ही ऑटो में पीछे ढाला खोलकर सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों को जागरूक करते हुए ढाला बंद करवाए गए। वहीं मोटरसाइकिल पर तीन सवारी और बिना हेलमेट धारण किए वाहन चालकों पर भी कार्यवाही की गई। ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारी बैठाकर ले जाने वाले टैऊक्टर चालकों एवं वाहन स्वामियों को जागरूक करते हुए ट्रैक्टर ट्रालियों पर सवारी ना बैठाने के लिए चेतावनी दी गई साथ ही ट्रैक्टर-ट्रालियों में यातायात पुलिस की टीम द्वारा रिफ्लेक्टर टेप भी लगाए गए। नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों की ब्रेथ एनालाइजर द्वारा चेक किया गया। यातायात प्रभारी आफाक खान ने आमजन से अपील की है कि जो सवारी वाहन चालक हैं, वह अपने वाहनों में निर्धारित मानक के अनुरूप ही सवारियां बैठाएं और ढाला खोलकर अतिरिक्त सवारियां ना बैठाएं। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य धारण करें। चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट धारण करने के बाद ही वाहन को आगे बढ़ाएं।




# ईश्वर से मिलने का रास्ता बताते हैं गुरू

**राठ। समृद्धि न्यूज**

**कस्बे के** महोबा रोड़ स्थित अखंड परमधाम आश्रम में विराट भक्ति योग वेदांत सम्मेलन के दूसरे दिन संतों ने अध्यात्म के गूढ़ रहस्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वामी देवानंद मूसानगर ने जीवन के उददेश्यए जीव का परमात्मा से मिलन एवं जीवन मरण से मुक्ति के बारे में प्रकाश डाला। कहा कि वेदांत का बखान हर जगह संभव नहीं है। संत एवं अध्यात्म प्रेमियों के वातावरण में ही संभव है। कहा कि संतो के मुख से ब्रहम वाक्य निकलते हैं। जिनके अनुपालन से मनुष्यों के दुख दूर होते हैं। संतो के वचनों से ही आत्मा में परमात्मा के मिलने के मार्ग खुलते हैं। संत सम्मेलन में जम्मू से आए स्वामी राजेश्वानंद महाराज ने गुरू की महिमा का बखान किया। उन्होने एक श्लोक के माध्यम से कहा कि गुरू के मिलने से असीमित फल मिलता है। गुरू का मिलन एवं गुरू कृपा हो जाना दुर्लभ है। गुरूओं का आर्शीवाद मिलने के बाद कुछ भी शेष नहीं रह जाता। कहा कि गुरू ही ईश्वर से मिलने से रास्ता बताते हैं। गुरूदेव का मंत्र प्राप्त हो जाना उस पर मन वचन से अमल करने से ईश्वर की प्राप्ति होती है। बताया कि जीव ही ईश्वर का अंश है। स्वामी विचारानंद महाराज ने कहा कि शास्त्रों के अकेले जानने से कुछ नहीं होता है। शास्त्रों के ज्ञान से ऊपर सदगुरू की वंदना है। भक्ति योग सम्मेलन का संचालन स्वामी चिदानंद महाराज ने किया। इस दौरान अनेक संतों ने अपनी वाणी से भक्तों को ज्ञान का मार्ग बताया। इस मौके पर अखंड परमधाम आश्रम के अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल बॉबी सेठ, महामंत्री घनश्याम दास साहू, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश बुधौलिया, नंदराम राजपूत, मातादीन द्विवेदी, मूलचंद्र सैनी, रामाधार विधायक, ब्लाक प्रमुख अरविंद मुखिया, फूलसिंह राजपूत समेत अनेक भक्त मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस लाइन से आठ दरोगाओं को जिले के विभिन्न थानों में किया गया तैनात

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन से 8 दरोगाओं को तैनाती दी है। एसपी अमित कुमार आनंद ने एसआई माता प्रसाद को छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र की जहानगंज चौकी का प्रभारी बनाया है। वहीं संजय कुमार मौर्य को कसावा चौकी प्रभारी बनाया गया। एसआई विजय कुमार अवस्थी और राकेश प्रताप सिंह को छिबरामऊ कोतवाली भेजा गया। इसके अलावा एसआई दयाशंकर पांडेय व रमेश प्रसाद को कन्नौज कोतवाली में तैनाती दी गई। वहीं देवी चरण साहू और शिव मोहन को गुरसहायगंज कोतवाली भेजा गया। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर दरोगाओं की तैनाती वाली सूची जारी की गई। जिसमें एसपी ने तत्काल प्रभाव से सभी दरोगाओं को कार्य भार सौंपने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि जिले से कई दरोगाओं के ट्रांसफर गैर जनपद हो गए थे, उनके जाने के बाद से जिले के सभी थानों में दरोगाओं की कमी है। ऐसे में तबादले पर कन्नौज आए दरोगाओं को तैनाती दी गई है।

## दंपति को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते दंपति के साथ गांव के ही चार लोगों नें अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर निवासी सरोजनी देवी पत्नी गोपीकिशन द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार की सुबह गांव के ही शिव सिंह, जयसिंह, सचिन और विकास ने रंजिश के चलते दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुये लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके पति गोपीकिशन को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारनें की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## महिला से मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ गाँव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मोहनापुर निवासी चेतना पत्नी अखिलेश द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि 27 जनवरी की शाम गांव के ही अंकित, शिवम, मानसिंह एवं पिंटू ने रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज करते हुये लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारनें की धमकी दी। कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## घर में घुसकर युवक से की अभ्रदता

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही दो लोगों नें घर में घुसकर अभद्रता करते हुये धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मायानगर निवासी अवधेश पुत्र बंशीलाल द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की देर रात वह अपनें घर में था तभी गांव के ही सितंबर व गिरीश चंद्र ने उसके घर में घुसकर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी है। पीडित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर घटना की जॉच शुरू कर दी गई है।

## नाजायज तमंचे के साथ धमकी देने का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**हमीरपुर।** किसी बात को लेकर एक युवक की दबंगई के चलते अवैध असलहा लहराते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की दैनिक विश्व परिवार पुष्टि नहीं करता। वायरल वीडियो में दबंग युवक अवैध असलहा लहराते हुए गालीगलौज करते हुए दिखाई दे रहा है। पूरा मामला ललपुरा थाना क्षेत्र के उजनेड़ी गांव का है। थाना प्रभारी ने बताया कि तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ है, और पीड़ित की तरफसे अब तक कोई तहरीर प्राप्त नही हुई।

# कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री ने पत्रकार के निधन पर समधन पहुंचकर जताया शोक




पत्रकार के परिजनों को ढाँढस बंधाती पूर्व विधायिका लुईस खुर्शीद

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**काग्रेस की** वरिष्ठ नेत्री पूर्व विधायिका ने पत्रकार के निधन पर शोक सवेदना व्यक्त की गई। समधन निवासी वरिष्ठ पत्रकार असलम हुसैन का बीते सप्ताह पहले अचानक दिल का दौरा पडने से निधन हो गया था सोमवार देर शाम 6 बजे काग्रेस के वरिष्ठ नेत्री पूर्व विधायिका लुईस खुर्शीद ने उनके आवास पर पहुंचकर दुःखी परिजनों को ढाँढस बँधाया गया उन्होंने कहा कि हमारा मृतक पत्रकार व उनके परिजनों से काफी समय से लगाव रहा हैं इसलिए हम व हमारी पाटी के लोगों को काफी दुःख पहुंचा है। इस अवसर पर पाटी के जिलाउपाध्यक्ष तारिक बसीर शमशाद खाँ, जिला सचिव डाँ जहीर अहमद, आफाक हुसैन, आजम हुसैन, साबिर हुसैन, अरसद हुसैन,जमील खां, आदि मौजूद रहे।

# पीडीए पखबाडा कार्यक्रम में सपाईयों नें बनाई रणनीति

**भाजपा लोकतंत्र की हत्या करनें की साजिस रच रही है: अरूण शर्मा**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव के आवाहन पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मौजूद पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अरूण कुमार शर्मा नें कहा कि आज भी संविधान विरोधी कुछ शक्तियां बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहते हैं।

सोमवार को नगर के मोहल्ला रामगंज में आयोजित पीडीए पखबाडा कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्लेंती पायल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अरुण कुमार शर्मा ने हरिओम गुप्ता, चंद्रप्रकाश कुशवाहा, श्याम सुन्दर गुप्ता, संदीप मिश्रा, शेरे रजा, नाहर सिंह यादव, राजेश गुप्ता, मनी गुप्ता, विजय वाल्मीकि के साथ संगठन की मजबूती एवं आगामी लोकसभा चुनाव के संबन्ध में विस्तृत चर्चा करनें के उपरान्त कहा कि हम सभी कार्यकर्ता दलित समाज की आवाज उठाने का कार्य करेंगे। कहा कि पूर्व की सपा सरकार द्वारा किसानों, व्यापारियों सहित आम जनमानस को लाभान्वित करनें के लिये कई प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया था। जिसे प्रदेश की जनता याद कर रही है। आने बाले लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों का जबाब देगी।




पीडीए परवबाडा की बैठक करते सपाई — समृद्धि न्यूज

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने धूमधाम से मनाया गणेश सिंह विद्यार्थी का जन्म दिन

**सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज**

**अखिल भारतीय** साहित्य परिषद ने क्रांतितीर्थ के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी को संगठन के आजीवन क्रियाशील सदस्य पत्रकारए कविए साहित्यकार डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी का 65वां जन्म दिवस मनाया। गीता ओमर ने अध्यक्षता व जिला मंत्री कैलाश प्रसाद सोनी ने संचालन किया। वहीं लालू सिंह पब्लिक स्कूल में कवि गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था की ओर से विद्यार्थी को सम्मानित किया गया। हरीराम गुप्त निरपेक्ष ने गोष्ठी को गति प्रदान करते हुए पढ़ा श्प्रेम सत्यम शिवम सुंदरमए प्रेम में मन रमाया करोश्ए राजेंद्र प्रेमी ने पढ़ा श्गीत कोई ऐसा गाओ तुमए साथ तुम्हारे मैं भी गाँऊश्ए वीरेंद्र पाल श्शजरश् ने पढ़ा श्बहो तो बहो तुम नदी की तरहए खिलो तो खिलो उस लिली की तरहश्ए हरीकिशन सेन ने पढ़ा श्बना तिरंगा देश में वतन परस्ती काए लोग देने लगे जान हाल हुआ ये मस्ती काश्ए डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी ने पढ़ा श्नया साल कुछ इस तरह मनाया जाएए रोते हुए शख्श को हंसाया जाएश्ए कैलाश प्रसाद सोनी ने पढ़ा श्श्रद्धावान हों छात्र हमारेए मैत्री करुणा के रखवारेश्ए रेवती कुमार पाठक ने पढ़ा श्जन्म दिन की है बधाईए हर खुशी घर में रहे। अवधेश साहू बेचैन ने पढ़ा श्लकड़ी सारी जल घर कीए तन की सर्दी तबहूं न जाएश्ए कमलेश सिंह गौर भौली ने पढ़ा श्अब वहे मोर रोटीए अब वहे मोर चटिनीश्ए वरिष्ठ कवि व गीतकार नारायण प्रसाद रसिक ने पढ़ा श्बच्चे जब हँसते हैंए मन की पीर हरते हैंश्। प्रधानाध्यापक अमित वर्माए अध्यापिका अभिलाषा गुप्ताए वंदना मौर्यए कंचना सिंहए डॉ अशोक कुमार पांडेयए उदल सिंह यादवए गिरजा शंकर सोनी गुरुप्रताप यादव आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में पूर्व चेयरमैन आनंदी प्रसाद पालीवाल के आवास पर अनिल पालीवालए संजय पालीवालए अजय पालीवालए पुनीत पालीवालए मुन्नीलाल अवस्थीए पूर्व सभासद विनोद कुमार ने प्रतीक चिह्न प्रदान कर गणेश सिंह विद्यार्थी का जन्म दिन मनाया गया।




## जन जागरूकता रैली को खण्ड विकास अधिकारी ने दिखाई झण्डी

**मौदहा।** जल जीवन मिशन के तहत जन जागरूकता रैली के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर खंड विकास अधिकारी ने क्षेत्र भ्रमण के लिए रवाना किया। प्राप्त जानकारी अनुसार स्वच्छता व जल जीवन मिशन ;एसबीएमद्ध योजना अंतर्गत राज्य पेयजल से संबंधित मामलों में जागरूकता लाने के मकसद से विकासखंड कार्यालय में खंड विकास अधिकारी गोपाल यादव ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए क्षेत्र में जागरूकता लाने की मकसद से वाहन को रवाना किया। नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल पूर्ति विभाग ने बीते 18 जनवरी को शासन के निर्देशानुसार जनपद से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार के माध्यम से जल संरक्षण व स्वच्छता अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन आम जनमानस को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ओडीएफ प्लस वाले गांव को जल संरक्षण व स्वच्छता चयनित कर उनमें मजबूती प्रदान करने के लिए आम जनमानस की सहभागिता से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**प्राण प्रतिष्ठा** — शिव मंदिर व मनसा देवी मंदिर को दिया गया भव्य रुप

# मनसा देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**नगर** के फर्रुखाबाद रोड स्थित माता मनसा देवी के भव्य मंदिर सहित गांधीनगर स्थित प्राचीन शिवाजी मंदिर में जीर्णोद्धार के बाद भव्य मंदिर भवन में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर के सती माता मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता एवं पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता, प्रतिनिधि मयंक गुप्ता से आचार्यों नें विधि विधान से दुर्गा माता, गौरी मैया, शिवजी, नंदी महाराज, राम दरबार, राधा कृष्ण, हनुमान जी, सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का पूजन करवाया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी ने बताया कि मंगलवार को सुवह से ही प्रतिमाओं को सजीव झांकी के साथ नगर के समस्त मंदिरों एवं देवलियों में ले जाया जायेगा। जहां पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विधि विधान से हवन पूजन के पश्चात प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सम्पन्न होगा। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर आयोजन को पूर्ण करने के लिए कारीगरों द्वारा मंदिर को रंग बिरंगी झालरों से सजाकर भव्य रूप प्रदान किया गया है। वरिष्ठ समाजसेवी ने नगर सहित क्षेत्र के भक्तों को आयोजन स्थल पहुंचने एवं प्रसाद ग्रहण कर जीवन को कृतार्थ करने की अपील की है। इस दौरान अमन कठेरिया, मनोज गुप्ता, अजय दीक्षित, दीपक सिंह, गंगा सिंह कुशवाहा, कमल कुशवाहा, कुलदीप बाथम, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।



सती माता मंदिर में पूजा अर्चना करते समाजसेवी व पालिकाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर अपराधी तमंचा सहित गिरफ्तार

- अभियुक्त पर कम्पिल में सात कासगंज में दो बदायूं में एक मुकदमा दर्ज है

कम्पिल, समृद्धि न्यूज

**थाना कम्पिल** पुलिस ने मुठभेड़ में एक अभियुक्त को मय एक देशी तमन्चा व चार जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कम्पिल पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले शातिर अभियुक्त विपिन उर्फ पवन पुत्र वीरेन्द्र यादव निवासी सूरजपुर चमरौआ थाना कम्पिल को मय 01 देशी तमन्चा व 04 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर व एक काले रंग की पल्सर मोटर साइकिल बिना नम्बर समेत गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को गस्त कर रही थी, तभी पुलिस ने अभियुक्त को बाइक रोकने का इशारा किया। जिस पर बाइक सवार शातिर अभियुक्त विपिन उर्फ पवन पुत्र वीरेन्द्र यादव निवासी सूरजपुर चमरौआ थाना कम्पिल ने फायरिंग शुरु कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। बाद में अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। अभियुक्त पर कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज में 02 मुकदमे व थाना उसावा जनपद बदायूं में 01 मुकदमा पंजीकृत है। अपराधी पर मु0अ0सं0 21/2021 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना कम्पिल,



पुलिस हिरासत में शातिर अभियुक्त समृद्धि न्यूज

मु0अ0सं0 22/2021 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना कम्पिल, मु0अ0सं0 23/2021 धारा 380/411 भा0द0वि0 थाना कम्पिल, मु0अ0सं0 24/2021 धारा 147/148/149/307 भा0द0वि0 पुलिस मुठभेड़ थाना कम्पिल, मु0अ0सं0 48/2023 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना कम्पिल, मु0अ0सं0 93/2021 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना कम्पिल, मु0अ0सं0 303/2019 धारा 323/504/506 थाना कम्पिल, मु0अ0सं0 595/23 धारा 364/302 भा0द0वि0 थाना को0 कासगंज, मु0अ0सं0 08/24 धारा 174ए भा0द0वि0 थाना को0 कासगंज, मु0अ0सं0 181/23 धारा 489ए, 489 भा0द0वि0 थाना उसावा जनपद बदायूँ पर एक मुकदमा पंजीकृत है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में थानाध्यक्ष दिलीप कुमार कंचन, उ0नि0 विवेक कुमार सिंह, उ0नि0 उदयवीर सिंह, का0 पंकज गौतम, का0 संजीव कुमार, का0 पंकज इन्दौलिया, का0 बोबी कुमार का सहयोग रहा।

# अभाविप ने प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को वितरित किये गये पुरस्कार

- क्षेत्रीय संगठन मंत्री व विकास राजपूत ने बांटे पुरस्कार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद की तरफसे युवोत्सव पखवाड़ा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही व विशिष्ठ अतिथि भाजपा युवा नेता विकास राजपूत कार्यक्रम में मौजूद रहे। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई की तरफ से स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़े के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन जनपद के विभिन्न विद्यालय व महाविद्यालयों में आयोजित किया गया था। जिसमें खो-खो, कबड्डी, दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, रंगोली, चित्रकला, मेहंदी आदि प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। फतेहगढ़ स्थित दुर्गा नारायन महाविद्यालय में सोमवार को युवोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि घनश्याम शाही व विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता विकास राजपूत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए विकास राजपूत ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का युवाओं में भारतीय संस्कृति को बरकरार रखने में अहम योगदान है। जब भी देश को जरूरत पड़ी है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने रक्त से देश को सींचा है। अभाविप सबसे अधिक रक्तदान करने वाली शाखा है। जब देश में वामपंथी विचारधारा का साम्राज्य पनप रहा था। तब भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अभाविप ने ही बीड़ा उठाया।



विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते संगठन मंत्री घनश्याम शाही व विकास राजपूत

## खबरें चलते-चलते

### तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार घायल



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम उलियापुर निवासी प्रभाकर पुत्र शिवदत्त अपने दोस्त सुबोध पुत्र विशेश्वर दयाल के साथ रविवार को बाइक द्वारा मंझना बाजार जा रहा था। हजियांपुर-मंझना मार्ग पर पीसीएफगोदाम के समाने गुजरते समय मंझना से हजियांपुर की ओर आ रहे एक अन्य बाइक सवार सौरभ निवासी मुरहठी थाना शमशाबाद की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों बाईकों पर चार लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद सभी लोग घायल हो गए। दुर्घटना में घायल सुबोध की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताते हैं जिस वक्त बाइक सवारों की आमने सामने भिड़ंत हुई, उस वक्त तमाम राहगीर मौके से गुजर रहे थे। चीख पुकार सुनकर मौके पर तमाम लोग जुट गये। भीड़ में कुछ लोगों ने जहां एक ओर 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को सूचना दी, वहीं दूसरी ओर नवाबगंज तथा शमसाबाद थाना क्षेत्र की पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी, लेकिन आधे घंटे तक घायल मौके पर ही तपड़ते रहे, लेकिन ना तो एंबुलेंस पहुंची और न ही थाना पुलिस। लोगो ने दुर्घटना की सूचना किसी तरह जब सुबोध के परिवार के लोगों को दी, तो परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। परिजन सुबोध तथा प्रभाकर को उपचार के लिए ले गए, जबकि घायल सौरभ तड़प रहा बताया गया। भीड़ में किसी ने बाइक सवार सौरभ के परिवार को दुर्घटना की सूचना दी गई, तो वह भी मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए फर्रुखाबाद ले गए बताया।

### गैंगस्टर के मामले में आरोपी को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने दीपक बाथम पुत्र रामकिशोर बाथम निवासी मोहल्ला कुटरा फतेहगढ़ को गैंगेस्टर अधिनियम 1986 के तहत दोषी करार देते हुए तीन वर्ष दो माह का कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। बीते तीन वर्षो पूर्व वेद प्रकाश गुप्ता प्रभारी निरीक्षक थाना क्षेत्र के अंतर्गत दीपक बाथम पुत्र रामकिशोर निवासी कुटरा, रवि पुत्र राजेश वाल्मीकि निवासी मसेनी मिलकर अपना एक गैंग बनाकर रखा है। गैंग लीडर दीपक बाथम है। यह गैंग अपने सदस्य के आर्थिक एंव भौतिक लाभ के लिए चोरी नकबजनी जैसे जघन्य अपराध करते है। यह गैंग समाजविरोधी क्रियाकलाप गतिविधियों में निवारण के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचक ने दीपक बाथम, रवि वाल्मीकि के विरुद्ध न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। दीपक बाथम की पत्रावली पृथक हो गयी थी। रवि वाल्मीकि को न्यायलाय द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने दीपक बाथम को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष दो माह का कारवास व 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### एनडीपीएस के आरोपी को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने धर्मेन्द्र उर्फ गुर्रा पुत्र शम्भू दयाल निवासी ग्राम गौरिया गुरसहायगंज को दोषी करार देते हुए एक वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 16 वर्षो पूर्व थाना कमालगंज में तैनात उपनिरीक्षक इंद्रपाल सिंह कांस्टेबिल के साथ शांति व्यवस्था व गस्त कस्बा कमालगंज में मामूर थे। मोहल्ला किदवई नगर नई बस्ती की तरफजा रहे थे। उन्हें एक युवक संदिग्ध रुप से बैठा दिखायी दिया। वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर 20 ग्राम स्मैक बरामद कर जेल भेज दिया। थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दिनेश सिंह चौहान की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने धर्मेंद्र उर्फ गुर्रा को दोषी करार देते हुए एक वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# दशकों से आबाद 148 भोलेपुर रेलवे क्रासिंग बंद

- अब ओवर ब्रिज से लोगों को करना होगा आवागमन
- रेलवे मंडल कार्यालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ओवर ब्रिज** बनने के बाद रेलवे विभाग ने भोलेपुर क्रासिंग को पूर्ण रुप से बंद कर दिया। अब लोगों को ओवर ब्रिज का ही इस्तेमाल करना होगा।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के कर्नलगंज चौकी के निकट भोलेपुर रेलवे क्रासिंग नम्बर 148 है। क्रासिंग बंद होने के दौरान यहां पर अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए सांसद मुकेश राजपूत के प्रयास से ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था। बीते माह ही ओवर ब्रिज पर आवागमन चालू किया गया था। सीनियर सेक्शन इंजीनियर फतेहगढ़ ने 24 जनवरी को ही विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी कर कार्रवाई हेतु 29 तारीख की तिथि नियत की थी। जिस पर सोमवार को रेलवे मंडल कार्यालय के आदेश पर भोलेपुर क्रासिंग को बंद करन`की कार्यवाही की गयी। हालांकि स्थानीय लोगों से पहले ही बातचीत कर समझाया जा चुका था कि किसी प्रकार की लॉ एंड ऑर्डर संबंधी समस्या नहीं है। साथ ही स्थानीय स्तर पर किसी प्रकार का कोई विरोध भी सामने नहीं आया है। आरपीएफ थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि क्रासिंग को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। अब आवागमन ओवरब्रिज से ही होगा।



क्रासिंग को बंद करने का चल रहा काम समृद्धि न्यूज

# प्रबंधक स्व. विष्णुदत्त शर्मा की मूर्ति का हुआ अनावरण

कंपिल, समृद्धि न्यूज

**नगर के** इंटर कालेज में महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ने प्रबंधक की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरण बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नगर स्थित के एस0आर0 इंटर कालेज में सोमवार दोपहर उत्तर प्रदेश सरकार के महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कॉलेज के प्रबंधक स्व0 विष्णु दत्त शर्मा की मूर्ति का अनावरण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इसके बाद छात्र छात्राओं ने देश भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षकों और भाजपा नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि स्व0 बी0डी0 शर्मा विद्यालय के कर्णधार थे। विद्यालय के प्रति उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता।

इस दौरान सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, डॉ0 विकाश शर्मा, एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा, विधायक डॉ0 सुरभि, प्रधानाचार्य दीन दयाल, निशान्त गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मंत्री, जनप्रतिनिधि व एसडीएम आदि समृद्धि न्यूज

# दिल्ली पुलिस का आईपीएस बताकर नौकरी के नाम पर ठगे 1 लाख 70 हजार

- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर लगायी न्याय की गुहार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

दिल्ली पुलिस का आईपीएस बताकर युवक को नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख 17 हजार 200 रूपये की ठगी कर ली गयी। पीड़ित को धोखाधड़ी होने की जानकारी होने पर एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना कंपिल के नगला खजुन्ना सिवारा खास निवासी विवेक पुत्र चरन सिंह यादव नें एसपी से भेंट कर उन्हें शिकायती पत्र दिया। जिसमें विवेक नें बताया कि उसने बीते 6-7 महीने पूर्व दिल्ली पुलिस में भर्ती के लिए आवेदन किया था। वह बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र है। पुलिस भर्ती परीक्षा नोयडा में दी थी। बीते 25 जनवरी को एसपी संदीप मिश्रा की डीपी लगे नंबर से फोन आया। फोन करने वाले कथित एसपी ने बताया कि उसका चयन पुलिस में होना है। जिसके लिए 01 लाख 50 हजार रूपये लगेंगे। आरोपी ने विश्वास में लेने के लिए कई फोटो पुलिस अधिकारियों के साथ के विवेक के पास भेजे। विश्वास होने पर चार दिन के भीतर पीड़ित विवेक ने ऑनलाइन 1 लाख 17 हजार 200 रूपये उपरोक्त कथित एसपी के खाते में डाल दिये। बाद में उसने कहा कि 33 हजार रुपये और दो तब आपको वर्दी देने के साथ ही ट्रेनिंग सेंटर लेकर ले जायेगा। शक होने पर बचा हुआ रुपया देने से मना किया तो कथित एसपी गाली-गलौज कर जान से मारनें की धमकी देने लगा। एसपी ने मामले की जाँच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।



युवक को ठगने वाले वर्दीधारी जालसाज

# पुत्रवधू ने पुरुष मित्रों के साथ मिलकर सास से ठगे 17 लाख

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुत्रवधू द्वारा** अपने तीन पुरुष मित्रों के साथ मिलकर 7 से 17 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पीड़िता ने न्यायालय में याचिका दायर की।

तारा देवी पत्नी प्रेम सिंह निवासी आर-119 सर्वोदय नगर थाना मऊदरवाजा ने दायर की याचिका में दर्शाया कि उसके पति नायब तहसीलदार के पद से सेवानिवृत्त हैं। बड़े पुत्र नवल किशोर ने वर्ष 2008 में प्रियंका पुत्री हरिओम निवासी आर-119 सर्वोदय नगर के साथ प्रेम विवाह किया था। जिसके चलते हम परिजनों ने पुत्र व पुत्रवधू से दूरी बना ली। कुछ समय बाद पुत्र पुत्रवधू घर आने जाने लगे और संबंध सामान्य हो गए। इस दौरान तीन बच्चे हुए। यशवंत 14 वर्षीय, युवराज 12 वर्षीय, और पुत्री दिव्यांशी 8 वर्ष की है। शादी के दौरान प्रियंका इंटर में पढ़ती थी, मेरे पुत्र ने उसे बीएड कराया। प्रियंका स्वतंत्र विचार की महिला है। मेरे पुत्र द्वारा सभी सुख सुविधा दी गई। मेरा पुत्र एक कंस्टेक्शन कंपनी में नोएडा, नैनीताल विभिन्न जगहों पर कार्यरत रहा। इस दौरान गुड़गांव में किराए के मकान में रह रहा था। लॉकडाउन के दौरान प्रियंका की पंकज तोमर पुत्र जगवीर सिंह निवासी वोली बागपत के साथ जान पहचान हो गई। मेरी बहू प्रियंका ने मेरे पुत्र को पंकज तोमर को अपना दूर का रिश्तेदार बताया। मेरा पुत्र नौकरी के दौरान अक्सर बाहर रहता था। जिस कारण प्रियंका ने अन्य लड़कों से मित्रता कर ली। 22 दिसंबर 2022 को प्रियंका घर आई साथ में प्रदीप सैनी व मुकेश शर्मा नाम के दो लड़के भी थे। प्रियंका ने जिन्हें अपना रिश्तेदार बताया और कहा कि यह लोग मेरी मदद कर रहे हैं। मैं महिला कास्टमेटिक की दुकान खोल रही हूं। जिसका किराया 35 हजार रुपया महीना है। नवल किशोर के पास इतना पैसा नहीं है जो दुकान शुरू हो सके। उसने 10 लाख रुपए की मांग की। मैं उसकी बातों में आ गई और उसे 10 लाख रुपए दे दिए। उसने कहा कि 1 वर्ष में दोगुना करके लौटा दूंगी फिर कुछ समय बाद मेरे पुत्र को प्रियंका ने समझाया की राजेंद्र पार्क में एक फ्लैट है। जिसकी किश्ते जमा करनी है और 15 लाख रुपए जमा करने होंगे और किराए की झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। किसी तरह मैने ब्याज पर रुपए लेकर 7 लाख दिए। इस दौरान उसने जालसाजी से अपने नाम प्लांट कर लिया और मेरे पुत्र को नहीं घुसने दिया। तब पता चला कि प्रियंका उन दोनों युवकों के साथ इस घर में रहने लगी है। इस दौरान मुकेश शर्मा, प्रदीप सनी, पंकज तोमर से उसने अपने संबंध बना लिए और हमें धमकी दी कि अगर रुपए मांगे तो दहेज प्रथा के मामले में जेल भिजवा देंगे। इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# हत्या के मामले में एक को आजीवन कारावास

- दो भाई व मां को तीन वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**म्यूजिक सिस्टम** बजाने का विरोध करने की रंजिश को लेकर दबंगों ने लाठी-डंडा व गड़सा से पड़ोसी के घर में घुसकर हमला कर दिया। जिसमें एक की मौत हो गई थी। साक्ष्य व गवाहों के आधार पर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने अभियुक्त राकेश उर्फ पप्पू को धारा 302 में आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं भाई राजेश, राजा व मां चन्द्रवती को धारा 452 के आरोप में तीन वर्ष का कारावास की सजा से दंडित किया।

25 अगस्त 2016 को जितेन्द्र कुमार निवासी टिलिया नवदिया कोतवाली फतेहगढ़ ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि शाम 8 बजे मैं व मेरा परिवार घर पर मौजूद था, तभी पड़ोसी राकेश उर्फ पप्पू, राजेश व राजा पुत्रगण कलक्टर, चन्द्रावती पत्नी कलक्टर हाथों में लाठी-डंडों व सरिया लेकर घर में घुस आये व पप्पू के हाथ में गड़सा था। सभी लोग गाली-गलौज करते हुए बोले कि तुम लोग म्युजिक सिस्टम नहीं बजाने देते हो आज तुम लोगों को बताते है और सभी लोगों ने हमला कर दिया। पप्पू ने हाथ में लिये गड़सा से मेरे पिता पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये। बचाने आयी भाभी व भाई को भी पीटा। उपचार के लिए पिता को एक निजी चिकित्सक के यहां ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 302, 323, 504, 452 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसी मामले का पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष व सशकीय अधिवक्ता सुदेश प्रताप सिंह, पंकज कटियार, श्रवण कुमार की कुशल पैरवी के आधार पर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने अभियुक्त राकेश उर्फ पप्पू को धारा 302 में आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 323/34 के आरोप में एक वर्ष का कारावास, धारा 452 में तीन वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 504 के आरोप में एक वर्ष का कारावास भुगतना होगा। वहीं राजेश, राजा व चन्द्रवती को धारा 323/34 में एक वर्ष का कारावास, धारा 452 में तीन वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 504 के आरोप में एक वर्ष का कारावास भुगतना होगा। अभियुक्तों द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित की जायेगी।

भ्रष्टाचार | ग्राम पंचायत कुंआखेड़ा खास में 12 दिनों से कागजों में ही चल रहे 39 मजदूर

# क्षेत्र का नहीं, बल्कि प्रधान व अधिकारियों का हो रहा मनरेगा से विकास

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**सरकार** ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए जहां एक ओर ग्रामीण विकास निधि में लाखों का बजट उपलब्ध करा रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की विकास के जरिए शक्ल सूरत बदली जा सके। मगर भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे कुछ जनप्रतिनिधि जो आज भी सरकार के अरमानों पर पानी फेरते हुए शासन की मंशा को पलीता लगा रहे हैं। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी भ्रष्टाचार का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि सरकारी धन का बंदरबाट कर लाखों रुपए के बारेन्यारे कर अपना विकास कर रहे हैं।

ऐसा ही एक उदाहरण विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुआंखेड़ा खास में देखने को मिला। जहां ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा के तहत चकरोड पर पिछले 12 दिनों से 39 मजदूरों के सहारे मिट्टी का कार्य होना दर्शाया जा रहा, जो सिर्फकागजों तक ही सीमित है। जमीनी हकीकत कोसों दूर है। चकरोड जिस पर मिट्टी का कार्य दर्शाकर लाखों रुपए का बंदरबांट किया जा रहा। ग्रामीणों की मानें तो इसी ग्राम सभा के ग्राम प्रधान फैजुन द्वारा मनरेगा के तहत चकरोड पर मिट्टी का कार्य होना दर्शाया गया। बताते है ग्रामीण खुशीराम के खेत से अलीगढ़ तक मिट्टी का कार्य पिछले 12 दिनों से 39 मजदूरों के सहारे होना दर्शाया जा रहा जो जमीन हकीकत से कोसों दूर है। सारे काम सिर्फ कागजों में हो रहे हैं। मामले की जांच पड़ताल के लिए जब ग्रामीणों से जानकारी की तो ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया ग्राम प्रधान भले ही कागजों में पिछले 12 दिनों से 39 मजदूर लगाकर चकरोड पर मिट्टी का कार्य दर्शाया जा रहा हो, लेकिन हकीकत में यह कार्य सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। ज्ञात हो कि विकास खंड में इस समय लगभग एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। जिसमें मुख्य रूप से नटवारा, असगरपुर, अरियारा, कुइयांखेड़ा, खुड़िना, धमगवां, खगऊ, सैदपुर रहमादादपुर सहित कई ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों के अनुसार व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।



वह चकरोड जिसमें 12 दिनों से मिट्टी डालने का दर्शाया जा रहा काम समृद्धि न्यूज

# जनपद के 11 कला साधक जायेंगे बैंगलौर

- कला साधक संगम में जुटेंगे देश भर से 2000 कला साधक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कला एवं** साहित्य की अखिल भारती संस्था संस्कार भारती द्वारा आगामी 01 से 04 फरवरी को श्रीश्री रविशंकर आश्रम बैंगलोर में कलासाधक संगम आयोजित होने जा रहा है। कलासाधक संगम में देश भर के लगभग 2 हजार प्रतिनिधि व कलासाधक इकट्ठा होंगे। वस्तुतः कलासाधक संगम भारतीय कला दृष्टि में विश्वास रखने वाले कलासाधकों का एक समागम है। जो प्रायः 3 वर्ष के अंतराल पर देश के अलग-अलग स्थान पर आयोजित होता है। इसमें विभिन्न कलाविधाओं की मंचीय प्रस्तुतियां व बौद्धिक संवाद-विमर्श के कार्य होते हैं। जिसके माध्यम से कार्यकर्ता, कलासाधक, कलारसिक व आमजन भारतीय कला दृष्टि के प्रति अपनी सोच विकसित करते हैं और साहित्य-कला-संस्कृति के माध्यम से मातृभू आराधना में संलग्न होते हैं। इस बार के कलासाधक संगम में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए साहित्यकार व कलाकार कला और साहित्य के माध्यम से समरसता विषय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पहलुओं पर संदेश देंगे। इस निमित्त अलग-अलग सत्रों में सेमिनार, मंचीय प्रस्तुतियों व प्रदर्शनियों की सहायता ली जाएगी। इसी क्रम में समरसता शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। पेंटिंग, फोटोग्राफी, कैलीग्राफी व रंगोली की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। नॉर्थ ईस्ट के कलासाधक सामूहिक नृत्य प्रस्तुति देंगे। धार्मिक-सामाजिक आख्यान, नृत्य, गायन, वादन की भी प्रस्तुतियां होंगी। चार दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के लोग भाग लेंगे। 2 व 3 तथा 4 फरवरी को मोहन भागवत मौजूद रहेंगे। साथ ही लोककला के साधकों को सम्मानित किया जायेगा। आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के आशीर्वचन व मोहन भागवत के समापन उद्बोधन के साथ 4 दिवसीय कार्यक्रम पूर्ण होगी। इस मौके पर जनपद से कला साधक संगम में प्रतिभा करने के लिए पार्टी महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, श्याम कुमार मिश्रा नब्बू, ऋषि दत्त शर्मा गुड्डू पंडित, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष समरेन्द्र शुक्ल, सह विभाग संयोजक आदेश अवस्थी, अजय दीक्षित, अर्पण शाक्य, अखिलेश पाण्डेय, आकांक्षा सक्सेना, साजन शंकर जौहरी सहित कुल 11 लोग जा रहे हैं।



बैठक में मौजूद संस्कार भारती के लोग — समृद्धि न्यूज

# भारतीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**परीक्षा पर** चर्चा कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के सभागार में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्राचार्य रमन प्रकाश की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राध्यापक डा0 आलोक बिहारी लाल शुक्ला ने प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को विस्तार से सुना और छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 रमन प्रकाश व विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी व छात्र-छात्रायें मौजूद रही।


परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लेते छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# बाल विकास पुष्टाहार मंत्री का फैजबाग चौराहे पर हुआ जोरदार स्वागत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बाल विकास** पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला तथा कायमगंज विधायक सुरभि का फैजबाग चौराहे से गुजरते से समय भाजपा तथा अपनादल के पदाधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बाल विकास पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला अपने काफिले के साथ कंपिल में एक प्रतिमा के अनावरण के कार्यक्रम में भाग लेने जा रही थी। उनका काफिला कायमगंज के लिए गुजर रहा था, तभी पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं ने फैजबाग चौराहे स्थित ग्राम प्रधान योगेश कुमार गंगवार उर्फ मदारी गंगवार के प्रतिष्ठान के पास रोक लिया और उनका गर्म जोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतिभा शुक्ला तथा विधायक सुरभि ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि योगेश कुमार उर्फ मदारी गंगवार, गौतम गंगवार, बंटी, राघवेंद्र सिंह गंगवार, प्रधान अनुज राजपूत, प्रधान सोरन सिंह, ग्राम प्रधान बाबाजी, अनुज गंगवार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


मंत्री व विधायक का स्वागत करते पदाधिकारी — समृद्धि न्यज

# अमृतपुर विधानसभा में होने वाले कार्यक्रम सपा ने किये घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव ने ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए सूची जारी की है। जिसमें 5 फरवरी सोमवार को अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व जिला उपाध्यक्ष प्रभारी अमृतपुर सुरेन्द्र सिंह गौर, अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप भोला यादव की देखरेख में कार्यक्रम होगा। जिसमें जोन व सेक्टरों के लोग मौजूद रहेंगे। जोन प्रभारी अमीर सिंह यादव, अखिलेश मिश्रा, बीके गंगवार, अभय यादव, अंशुल यादव, रामदत्त सिंह व पीडीए संयोजक बीके गंगवार की देखरेख में कार्यक्रम होगा। साथ ही कांधेमई नवाबगंज पीडीए संयोजक शेर सिंह यादव व बृजेश पाल सिंह व्यवस्था देखेंगे। बुधवार को अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के माया गेस्ट हाउस नवाबगंज में पीडीए संयोजक साजिद खान व अरविन्द बाथम की देखरेख में कार्यक्रम होगा। 4 फरवरी रविवार को सीगनपुर खिरिया में कार्यक्रम होगा। जिसमें पीडीए संयोजक अशोक यादव प्रधान मौजूद रहेंगे। 4 फरवरी को बराकेशव में पीडीए संयोजक पप्पू सोनी व आशू सक्सेना की देखरेख में कार्यक्रम होगा। 4 फरवरी को सिरौली में पीडीए संयोजक संजू दिवाकर व गोकुल बाथम की देखरेख में कार्यक्रम होगा। सभी कार्यक्रमों में पूर्व प्रत्याशी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व अमृतपुर विधानसभा के अध्यक्ष उदय प्रताप भोला यादव व विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र सिंह गौर मौजूद रहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने दी है।

## खबरें एक नजर में

### अमर सिंह खटिक बने फर्रुखाबाद लोकसभा के सह संयोजक


पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी ने कायमगंज के पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक को फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र का सह संयोजक बनाया है। अमर सिंह खटिक ने बताया कि इस बार पार्टी पुनः प्रदेश में सभी सीटे जीतेगी। जिसकों लेकर संगठन प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक आदि बनाये गये है। सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों व रीतियों का प्रचार-प्रसार करेंगे। जिससे पार्टी प्रत्याशी को पुनः जीत मिल सकें। लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक बनने पर पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक को भाजपा नेताओं ने बधाई दी और उनके निवास पर उनका स्वागत किया।

### एमपी, एमएलए कोर्ट ने सदर विधायक को जारी किया सम्मन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के विरुद्ध अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी, एमएलए न्यायधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने सम्मन जारी किया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव नामांकन के समय सिविल लाइन चौकी इंचार्ज आनंद शर्मा ने 27 जनवरी 2022 को दी गई तहरीर में बताया की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त द्विवेदी द्वारा नामांकन के बाद अपने लगभग तीस अज्ञात समर्थकों के साथ आचार संहिता व कोविड गाइड लाइन के उल्लंघन करते हुए कलेक्ट्रेट के गेट से दुर्गा नारायण डिग्री कॉलेज तक जाया गया है और नारेबाजी की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। जिसमे न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने सम्मन जारी कर दिया। सुनवाई के लिए अगली तिथि 31 जनवरी नियत है।

### चारपाई के नीचे रखी आग से वृद्धा की जलकर मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ठंड से बचने के लिए चारपाई के नीचे आग रखने से वृद्धा बुरी तरह से जल गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। आसपास के लोगों नें कमरे का दरवाजा तोड़कर उसके शव को बाहर निकाला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के हाता रोशन खां निवासी 85 वर्षीय रामबेटी पत्नी रामपाल बीती रविवार की रात अपने घर की चारपाई के नीचे आग का तसला रखकर सो गयी। रात में किसी समय उसकी चारपाई में आग लग गयी। जिससे रामबेटी बुरी तरह झुलस गयी। कमरे से तेज धुआं निकलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। रामबेटी के पौत्र धर्मपाल ने कमरे से आग निकलते हुए देखी, तो उसने कमरा खोलने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। बाद में पड़ोसियों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर जाकर जाँच की। फिल्ड यूनिट ने नमूने लिये। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### खेत में खड़ी तंबाकू की फसल को अज्ञात लोगों ने उजाड़ा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात लोगों ने किसान की तम्बाकू की फसल को नष्ट कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी समरेश कुमार पुत्र दीपचंद ने सोमवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा उसके द्वारा खेत में तंबाकू की फसल तैयार की गई थी। जिसे अज्ञात लोगों द्वारा काटकर डाल दिया गया। घटना की जानकारी होने पर जब पीड़ित खेत पहुंचा और जब उजड़ी फसल का नजारा देखा, तो उसके होश उड़ गए, क्योंकि अज्ञात लोगों ने तंबाकू की फसल को काटकर खेत में ही डाल दिया था। पीड़ित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित खेत स्वामी के अनुसार इससे उसको हजारो रुपए का नुकसान हुआ है। वही शमशाबाद थाना पुलिस का कहना था तहरीर मिली है। मामले की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चिकित्सक सहित पांच के खिलाफ याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दवा लेने गए मरीज के साथ मारपीट कर घायल कर देने से उसकी उपचार के दौरान मौत हो जाने के मामले में मृतक की पत्नी ने चिकित्सक सहित पांच लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की। सविता पत्नी स्व0 राम प्रकाश निवासी चिलांका कोतवाली कायमगंज ने दायर की याचिका में दर्शाया कि उसका पति राम प्रकाश 4 अक्टूबर 2023 को शाम के समय होटल से रोटी लेने गया था, लेकिन काफी देर तक वापस न आने पर जब तलाश की तो पता लगा की एक्सीडेंट हो जाने पर सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। वहां पहुंचने पर डॉ0 विपिन व कर्मचारियों से जानकारी की तो बताया कि राम प्रकाश यहां से कहीं चला गया है। 4 अक्टूबर को ही रहमान व दिलशाद ने मुझे बताया कि वह भी दवा लेने गया था तो वहा डा0 विपिन व अभय तथा तीन लोग खड़े थे जो गालियां दे रहे थे। रामप्रकाश के मना करने पर उक्त लोगों ने मारना पीटना शुरु कर दिया। हम लोगों ने मना किया तो हम लोगों को धमकी दी थी और कमरे में बंद कर दिया। बेहोशी हालत में बाहर फेंक दिया। यह सब बातें मेरे पति ने मुझे वह मेरी पुत्री को बताई। घायल अवस्था में लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां से हालत बिगड़ने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान मेरे पति की मृत्यु हो गई।

# स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन के प्रभार में बीएसए ने किया संसोधन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने जिला मुख्यायुक्त व जिला सचिव भारत स्काउट गाइड को ब्लाक स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन के प्रभार में संसोधन किया है। परिषदीय विद्यालयों में अनुदानित एवं प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कब बुलबुल और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्काउट गाइड का प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु ब्लाक स्तर पर स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन की जिम्मेदारी को देखते हुए प्रभार सौंपा है। जिसमें कुछ ब्लाकों के स्काउट मास्टर तथा उनके द्वारा पदीय दायित्वों का निर्वाह्न एवं विभिन्न कार्यक्रमों के प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है। जिस कारण विभाग की छवि धूमिल होती है। उच्चाधिकारियों द्वारा दिये गये मौखिक आदेश के अनुपालन में प्रभार बदला गया है। जिसमें कब बुलबुल का कार्य देखने हेतु बढ़पुर ब्लाक के स्काउट मास्टर प्रदीप सिंह व गाइड कैप्टन भारती मिश्रा साथ ही कमालगंज ब्लाक में पुष्कर मिश्रा व गाइड कैप्टन नीरजा मिश्रा, नगर क्षेत्र में स्काउट मास्टर अर्पण शाक्य व गाइड कैप्टन पुष्पा सिंह, मोहम्मदाबाद में स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी व गाइड कैप्टन बीना गौतम, नवाबगंज में स्काउट मास्टर अनुराग चतुर्वेदी व गाइड कैप्टन सीमा, राजेपुर में स्काउट मास्टर गौरव शाक्य व गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य, कायमगंज में स्काउट मास्टर जितेन्द्र सिंह राजपूत व गाइड कैप्टन ज्योति, शमशाबाद में स्काउट मास्टर राजकुमार व गाइड कैप्टन तनवी सिंह को पुनः दायित्व दिया गया है।

# मनुष्य का सच्चा सखा धर्म ही है: आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आर्य प्रतिनिधि** सभा के तत्वावधान में मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव में सोमवार को पवित्र वेदों की ऋचाओं से यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि सुखस्य मूलं धर्म मनुष्य जीवन के सुख का आधार धर्म है। धर्म रूपी वृक्ष पर सुख रूपी फल लगता है और अधर्म रूपी वृक्ष पर दुख रूपी फल लगता है। नीतिकार कहते हैं कि शरीर अनित्य है सदा रहने वाला नहीं है, भौतिक सम्पत्ति भी सदैव रहने वाली नहीं है और मृत्यु प्रति क्षण निकट आती जा रही है, अन्त में मनुष्य का सच्चा सखा धर्म ही है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि जीवन में सुख प्राप्त करने के लिए धर्म रूपी धन का संचय अवश्य करना चाहिए। पण्डित धनीराम बेधड़क ने भजनोपदेश के माध्यम से बताया कि धर्म का स्वरूप जानने के लिए वेद का स्वाध्याय करना अत्यावश्यक है, क्योंकि धर्म का मूल वेद है। वेद सत्ता के ज्ञान से विचार करने पर लाभ मिलता है। वेद का स्वाध्याय करने वालाए यज्ञ आदि शुभ कर्म करने वाला मनुष्य धार्मिक होता है और धार्मिक मनुष्य ही ईश्वर की कृपा का पात्र होता है। पण्डित हरिओम शास्त्री ने गीतों के माध्यम से प्रेरणा दी। मंच का संचालन पण्डित महावीर शास्त्री ने किया। स्वामी महेन्द्रानंद ने श्रोताओं को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर उत्कर्ष आर्य, आचार्य ओमदेव आर्य, मंजीत आर्य, शिशुपाल आर्य, उदयराज आर्य, रत्नेश द्विवेदी, रेनू आर्य, शालिनी आर्या, उपासना कटियार आदि श्रोता उपस्थित रहे।



प्रवचन करते आचार्य — समृद्धि न्यूज

# छात्राओं ने पीएम के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सुना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गंगा पार** महात्मा गांधी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य अनिल सिंह की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को देखा। प्रोजेक्टर के माध्यम से एलईडी लगाकर विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम छात्र-छात्राओं ने सुना और बारीकियों से समझा। साथ ही प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने प्रधानमंत्री का कार्यक्रम सुनने के साथ-साथ बच्चों को समझाते भी रहे। जिसमें छात्राओं ने लगन के साथ कार्यक्रम को समझा। विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्राओं ने सभागार में मौजूद रहकर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बताये गये सवालों को अपने मन से समझा। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।


परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सुनती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# प्रा0वि0 मदारपुर में बच्चों ने देखा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम



परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम देखते बच्चे — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखा। प्रधानमंत्री मोदी के सातवीं बार परीक्षा पर चर्चा को स्कूली बच्चों ने बड़े ही कौतूहल के साथ देखा। उन्होंने देश भर के बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हुए उम्मीद जताई कि इस कार्यक्रम से बच्चों को परीक्षा की तैयारी में काफी मदद मिलेगी। शीतलहर के चलते बच्चों की उपस्थिति कम रही। कार्यक्रम को प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल, कमलेश राजपूत, आकाश पाल, शबनम, कामिनी, आशा, उमा आदि ने देखा।

# सर्दी के चलते आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल गिरावट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आलू मण्डी** सातनपुर में आमद बढ़ने से आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल की गिरावट आयी। सोमवार को आलू का भाव 501 रुपसे से 631 रुपये कुंटल रहा। छट्टा आलू 651 रुपये से 701 रुपये कुंटल बिका। सर्दी के कारण बाहर के व्यापारी मण्डी में नहीं आ रहे है। जिस कारण बिकवाली में सुस्ती रही। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि सोमवार को लगभग 100 मोटर आलू की आमद हुई। मण्डी में भाव में गिरावट जारी है। ऐसे में किसान मायूस है। सर्दी की मार और भाव में गिरावट के चलते किसान के चेहरे पर मायूसी छायी है। खेत में ही आलू बेंचने को किसान मजबूर हो रहा है। बाहर के व्यापारी खेत में ही पहुंचकर किसानों का आलू खरीद रहे है। जिस कारण आलू मण्डा किराया व तुलाई एवं आढ़त देने से व्यापारी बच रहे है। उधर किसानों का आलू कम दामों में बिकने के कारण वह कर्जीला हो रहा है। इस बार आलू की पैदावार ठीक-ठाक है। कोल्ड स्टोरेज में भी आलू की रखवाई 1 फरवरी से शुरु होने जा रही है। ऐसे में कोल्ड स्टोरेज संचालकों ने भी दस रुपये प्रति कुंटल आलू में बढ़ोत्तरी की है।


मण्डी में आलू की तुलाई करते पल्लेदार — समृद्धि न्यूज

# लुईस के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कस्बे में निकाली भारत जोड़ो यात्रा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**नवाबगंज कस्बे** में कांग्रेस की पूर्व विधायक तथा पूर्व विदेश राज्य मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी ने कार्यकर्ताओं के साथ जोश खरोस के साथ धूमधाम से भारत जोड़ो यात्रा निकाली।

कस्बे के अलीगंज रोड वाले तिराहे से एचपी गैस एजेंसी पर सुबह से ही कांग्रेसी नेताओं का जमावड़ा लग गया। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी कायमगंज की पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा के तहत रैली का आयोजन किया। आयोजन के दौरान तिराहे से लेकर कस्बा बाजार होते हुए कस्बे के चौराहे से फर्रुखाबाद रोड पर ग्राम सिरमौर बांगर में लगी अंबेडकर प्रतिमा पर जाकर रैली का समापन किया। वहीं पूर्व विदेश राज्य मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद ने बताया कि वह वर्तमान सरकार के विरोध में मैदान में उतरी हैं और गरीबों वंचितों को न्याय दिलाकर ही रहेंगे। सरकार के द्वारा कराए जा रहे अन्याय के विरुद्ध भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। इस मौके पर लुईस खुर्शीद, उनके प्रतिनिधि, जिलाध्यक्ष शकुंतला गौतम, कांग्रेसी कार्यकर्ता पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत देवेंद्र सिंह शाक्य, अख्तर खान मुनब्बर खान, नफीस खान सहित लगभग एक सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे और अंबेडकर की प्रतिमा पर समापन के दौरान माल्यार्पण कर उनको नमन किया।



यात्रा के दौरान जिलाध्यक्ष शकुंतला गौतम व अन्य कांग्रेसी

# कमालगंज में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**राजकीय औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में आयोजित होने वाले रोजगार मेला 30 जनवरी को कमालगंज विकास खण्ड में सम्पन्न होगा। 1500 से अधिक रिक्तियों के लिए 16 कम्पनियां अभ्यार्थियों का साक्षात्कार लेगी। सभी अभ्यार्थी मंगलवार को प्रातः 10 बजे कमालगंज विकास खण्ड में शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग करें। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

# राष्ट्रपति दो फरवरी को करेंगी अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेले का उद्घाटन

## सूरजकुंड मेले की तैयारियों को लेकर डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**फरीदाबाद, एजेंसी**

37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला की तैयारियों को सरकार और जिला प्रशासन अंतिम रूप देने में लगा है। इस बार अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला का उद्घाटन 2 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। सोमवार को सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में डीसी विक्रम सिंह ने 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में डीसी सिंह ने बताया कि पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष मेला और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। सभी तैयारियों को अधिक बेहतरीन ढंग से करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला का आधिकारिक उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2 फरवरी को करेंगी। इसके बाद 3 फरवरी को मेले में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। मेला सुबह 10 बजे शुरू होकर रात 8 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि बड़ी चौपाल व छोटी चौपालों पर लगातार अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां देश व विदेश के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चे भी अपनी प्रस्तुति देंगे। बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। डीसी सिंह ने इस दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मेला में विभिन्न स्थानों पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया व मेले के दौरान लगने वाले विभिन्न स्टालों की जानकारी भी ली। डीसी ने मेला क्षेत्र में सफाई, सड़कों की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन करने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। मेले में पार्किंग सहित अन्य सभी विषयों पर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। मीटिंग में एडीसी आनंद शर्मा, पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीसीपी ट्राफिक अमित यशवर्धन, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज, सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

कलकत्ता हाईकोर्ट खंडपीठ-एकल पीठ आदेश विवाद

# सुप्रीम कोर्ट ने मामले को अपने पास किया स्थानांतरित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस की पढ़ाई में दाखिले के लिए कथित फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के आरोपों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ-एकल पीठ आदेश विवाद के बाद स्वत~ संज्ञान सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों को सोमवार को अपने पास स्थानांतरित कर लिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की संविधान पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य में एमबीबीएस प्रवेश के लिए उपयोग किए जाने वाले कथित फर्जी अनुसूचित (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्रों के संबंध में राज्य पुलिस द्वारा शुरू की गई जांच की स्थिति विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ द्वारा एक खंडपीठ के आदेश को अवैध घोषित करने और एक अन्य (उस खंडपीठ के) न्यायाधीश पर पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी के राजनीतिक हितों की रक्षा के लिए काम करने का आरोप लगाने का मामला सामने आने के बाद शीर्ष अदालत के दखल देने की अभूतपूर्व स्थिति उत्पन्न हुई थी। शीर्ष अदालत की विशेष पीठ ने उच्च न्यायालय के समक्ष संबंधित मामलों की कानूनी कार्यवाहियों पर शनिवार को रोक लगा दी थी और कहा था कि इस मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष पश्चिम बंगाल सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि एकल न्यायाधीश की पीठ इन मामलों की सुनवाई जारी रखेगी।

## खबरें एक नजर में

### स्कूल में आग लगी, 450 वाहन जलकर राख

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के वजीराबाद स्थित पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में देर रात भीषण आग लग गयी। आग लगने की जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और बड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब 4:15 बजे आग पर काबू पाया गया। सूत्रों ने बताया कि करीब 200 चार पहिया और 250 दोपहिया वाहनों में आग लग गयी। अग्निशमन विभाग ने फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है और स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में किसी के हताहत होने की रिपोर्टें नहीं हैं।

### शांतनु ठाकुर का दावा, हफ्ते भर में लागू होगा सीएए

**कोलकाता, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) एक सप्ताह के भीतर देश में लागू कर दिया जाएगा। एक समाचार चैनल के साथ साक्षात्कार के दौरान पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मतुआ समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्र बनगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि इस कानून को सात दिनों के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा। वर्ष 2019 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में बसे बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है। मतुआ समुदाय के नेता ठाकुर ने कहा कि सीएए बहुत जल्द लागू किया जाएगा। इसे सात दिनों के भीतर लागू किया जाएगा। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्य मंत्री ठाकुर ने रविवार को भी इसी तरह की टिप्पणी की थी। उन्होंने दावा किया कि इस साल लोकसभा चुनाव से पहले देश में सीएए लागू कर दिया जाएगा। राज्य की अनुसूचित जाति की आबादी में मतुआ समुदाय का एक बड़ा हिस्सा है। 1950 के दशक से यह समुदाय मुख्य रूप से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में धार्मिक उत्पीड़न के कारण पश्चिम बंगाल की ओर पलायन कर गया था। नब्बे के दशक के बाद से पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों ने सक्रिय रूप से मतुआ समुदाय के लोगों का समर्थन हासिल करने की कोशिश की जो अपनी उल्लेखनीय आबादी और एक साथ मतदान करने की प्रवृत्ति के कारण अल्पसंख्यकों के समान एक अहम वोट बैंक माने जाते हैं। माना जा रहा है कि सीएए लागू होने से सबसे ज्यादा फायदा मतुआ समुदाय को होगा। सीएए के कार्यान्वयन पर ठाकुर का दावा इस महीने की उन कई रिपोर्ट के बीच आया है जिसमें कहा गया है कि कानून के नियमों को लोकसभा चुनाव की घोषणा से काफी पहले अधिसूचित किया जाएगा।

### जोगेश्वरी भूमि घोटाले में ठाकरे समूह के नेता रवींद्र वायकर से ईडी की पूछताछ शुरू

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता और विधायक रवींद्र वायकर से सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम जोगेश्वरी भूमि घोटाले में पूछताछ कर रही है। उन पर जोगेश्वरी में सरकारी भूखंड पर पांच सितारा होटल बना कर तकरीबन 500 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। इस मामले की जांच मनी लॉड्रिंग ऐंगल से की जा रही है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने रवींद्र वायकर के खिलाफ जोगेश्वरी में सरकारी भूखंड पर पांच सितारा होटल बनाकर 500 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाया था। सोमैया ने इस मामले की जांच मुंबई पुलिस और ईडी से कराने की मांग की थी। इसी आधार पर ईडी की टीम ने रवींद्र वायकर को पिछले सप्ताह समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वायकर जांच के लिए पेश नहीं हुए थे। ईडी ने फिर से समन जारी कर वायकर को आज पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। वह सोमवार को सुबह ईडी कार्यालय में पेश हुए हैं और उनसे ईडी की टीम पूछताछ कर रही है।

# भाजपा ने अवध बिहारी के खिलाफ दिया अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

**पटना, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सभा सचिव को दिया है। नोटिस में कहा गया है कि अब सदन का सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी में विश्वास नहीं रहा है। अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतनराम मांझी, पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता तारकिशोर प्रसाद, जदयू के रत्नेश सदा समेत कई और विधायकों के हस्ताक्षर हैं। गौरतलब है कि अगस्त 2022 में महागठबंधन सरकार बनने के बाद श्री चौधरी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कोटे से विधानसभा अध्यक्ष बने थे।

अब जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन से नाता तोड़कर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ सरकार बनाई है तब श्री चौधरी के सभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं देने पर उन्हें बहुमत से हटाने को तैयारी की जा रही है। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 128 और महागठबंधन के 114 विधायक है जबकि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के विधायक अख्तरुल ईमान किसी गठबंधन के साथ नहीं हैं।

## आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में आवासीय घर कुर्क

**बडगाम।** बडगाम पुलिस ने सोमवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित सहयोगी के एक आवासीय घर को कुर्क कर लिया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि जांच के दौरान यह सामने आया कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के सहयोगी मोहम्मद रमजान मीर पुत्र अब्दुल सलाम मीर निवासी रुडबुघ मागम की संपत्ति आतंकवाद की आय के रूप में हासिल की गई है। उन्होंने कहा कि सोमवार को बडगाम पुलिस ने एक आतंकवादी सहयोगी मोहम्मद रमज़ान मीर पुत्र अब्दुल्ल के आवासीय घर को कुर्क कर लिया। सलाम मीर निवासी रुडबुघ मगाम जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर का सहयोगी है। पुलिस थाना मगाम में दर्ज मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम की जांच के दौरान यह सामने आया कि रुडबुघ मागम निवासी मोहम्मद रमजान मीर की संपत्ति को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की धारा 2 (जी) के तहत आतंकवाद की आय के रूप में अर्जित किया गया था।

# भारत-सऊदी की सेनाओं के बीच युद्धाभ्यास शुरू




**बीकानेर, एजेंसी।**

भारत और सऊदी अरब की सेनाओं के बीच सोमवार से एशिया की सबसे बड़ी महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास 'सदा तनसीक' शुरू हुआ। दोनों सेनाओं ने परेड के बाद अत्याधुनिक हथियारों से फायरिंग शुरू कर दी। युद्धाभ्यास का उद्देश्य आधुनिक हथियारों की जानकारी देना और आतंकवाद पर लगाम लगाना है। जनसंपर्क अधिकारी (डिफेंस) कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि 'सदा तनसीक' अभ्यास के लिए दोनों सेनाओं के 90 सैनिक रविवार को ही महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में पहुंच गए थे। दोनों देशों के जवान जमीनी और हवाई अभ्यास के दौरान ड्रोन हमलों से बचाव, टैंक, मिसाइल, राइफल्स आदि हथियारों को परखेंगे। इसके अलावा सऊदी अरब के जवान भारतीय थल सेना के नए हथियारों के उपयोग के साथ-साथ इसकी इंजीनियरिंग पर भी काम करेंगे। सैन्य प्रवक्ता के अनुसार 9 फरवरी तक चलने वाले इस युद्धाभ्यास के लिए सऊदी अरब से 45 सैनिक आये हैं। आठ फरवरी को दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे से सीखे गुर का प्रदर्शन करेंगी। यह अभ्यास दोनों पक्षों के अत्याधुनिक स्वदेशी रक्षा उपकरणों की क्षमताओं को उजागर करने, साझा सुरक्षा उद्देश्यों की पहचान करने, उन्हें प्राप्त करने और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने का अवसर भी प्रदान करेगा। यह दोनों देशों के बीच युद्धाभ्यास का तीसरा संस्करण है।

# यूपीटेक्स का हुआ समापन, खुले यूपी के आर्थिक समृद्धि के नए द्वार



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

पीएचडीसीसीआई द्वारा आयोजित पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो (यूपीटेक्स), राज्य के लिए आर्थिक समृद्धि के एक नए युग के द्वार खोलता संपन्न हुआ। 25 से 29 जनवरी तक लखनऊ के प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस कार्यक्रम में 1.25 लाख से अधिक लोगों ने अपनी की प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई।

समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री श्री संजय सिंह गंगवार ने यूपीटेक्स का अवलोकन करने पहुंचे। उन्होंने इस मौके पर बोलते हुए राज्य के आर्थिक विकास में उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश भारत की आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकार द्वारा बनाए गए उद्योगों के लिए अनुकूल नीति 2027 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाएगी। यूपीटेक्स का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के उत्पादों को प्रदर्शित करना और इसे एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना था, जिसने विश्व स्तर पर 300............ प्रदर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। एक्सपो में 300 करोड़ के बिजनेस प्रस्तावों पर बेहद उपयोगी चर्चा हुई, जो यूपीटेक्स के आर्थिक प्रभाव और भविष्य की विकास क्षमता का संकेत देता है। एक्सपो के परिणामों पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए, पीएचडीसीसीआई के यूपी स्टेट चैप्टर के रीजनल डायरेक्टर , अतुल श्रीवास्तव ने कहा, यूपीटेक्स 2024 में विभिन्न व्यवसाय क्षेत्रों से जबरदस्त प्रतिक्रिया और उनकी पर्याप्त उपस्थिति उत्तर प्रदेश की अपार संभावनाओं को दर्शाती है। यह एक सहयोगात्मक प्रयास रहा है और साथ में हम राज्य के आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। यूपीटेक्स 2025 का तीसरा संस्करण अगले वर्ष 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक आयोजित होगा। विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित उद्यिगोतियों ने भी समान भावनाएं व्यक्त कीं। केएम शुगर मिल्स के चेयरमैन, श्री एल के झुनझुनवाला ने कहा, यूपीटेक्स व्यवसायों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ है।

# ओमान की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे अरमाने

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने मंगलवार को दो दिन की ओमान यात्रा पर जायेंगे। रक्षा सचिव अरमाने ओमान के रक्षा मंत्रालय के महासचिव डॉ. मोहम्मद बिन नसीर बिन अली अल-ज़ाबी के साथ 12वीं संयुक्त सैन्य सहयोग समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान श्री अरमाने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उद्योग क्षेत्र में सहयोग जैसी नई पहलों की संभावना को तलाशेंगे। दोनों नेता साझे हितों वाले क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग के हर क्षेत्र जैसे कि द्विपक्षीय अभ्यास, स्टाफ वार्ता, प्रशिक्षण के साथ-साथ नए और उभरते क्षेत्रों में रक्षा सहयोग व रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। भारत और ओमान के बीच मजूबत और बहुआयामी संबंध हैं जो रक्षा तथा सुरक्षा सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों तक फैले हैं। दोनों देश रणनीतिक साझेदारी के दृष्टिकोण के तहत काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संपूर्ण क्षेत्र की शांति और समृद्धि में दोनों देशों के साझा हित हैं।कश्मीर के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपातश्रीनगर, 29 जनवरी (वार्ता) कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में बारिश होने से आवागमन ठप हो गया है।मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में और अधिक हिमपात होने के आसार हैं।यातायात अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी के शोपियां जिले को जम्मू संभाग के राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड और लद्दाख को जोड़ने वाली रणनीतिक श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी सड़क को बर्फ जमा होने के कारण ऐहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। गुलमर्ग, सोनमर्ग, दूधपथरी, तंगमर्ग, गुरेज घाटी, बांदीपोरा के त्रागबल और कुपवाड़ा के कर्नाह में पर्यटक रिसॉर्ट्स में हिमपात हुआ और अभी भी विभिन्न स्थानों पर वर्षा और हिमपात जारी है।श्रीनगर और इसके आसपास के इलाकों में हल्की वर्षा हुयी, जिससे लंबे समय से शुष्क मौसम का दौर समाप्त हो गया, जम्मू-कश्मीर में आज देर रात तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या हिमपात होने के आसार हैं।श्रीनगर में आज न्यूनतम तापमान शून्य से कम 1.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## ईसीआई, राजकुमार हिरानी ने मतदाता जागरूकता पर शॉर्ट फिल्म रिलीज की

बॉलीवुड फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी ने मतदाता जागरूकता पर शॉर्ट फिल्म बनाने के लिए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के साथ हाथ मिलाया है। देश में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस था।

इस मौके पर रिलीज हुई शॉर्ट फिल्म का नाम माई वोट, माई ड्यूटीश् (मेरा वोट, मेरी ड्यूटी) है। फिल्म श्वेल्यू ऑफवन वोटश् थीम पर आधारित है। फिल्म में अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर, राजकुमार राव, आर. माधवन, रवीना टंडन, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, अरशद वारसी, भूमि पेडनेकर और मोना सिंह हैं। सभी ने फिल्म में मतदाता जागरूकता के खास मैसेज दिए हैं।
















